Established 1865

# पायनियर

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

RNI N0. UPHIN/2010/36547 | वर्ष-16 | अंक-25 | लखनऊ, बुधवार, 12 नवंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | ( नगर संस्करण )

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को विश्वास दिलाया

# दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ता बचेंगे नहीं

**एजेंसी। थिंपू**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि घटना की जांच कर रही एजेंसियां मामले की तह तक जाएंगी और इसके लिए जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के शिकंजे में लाया जाएगा। मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक की 70वीं जयंती के मौके पर चांगलीमेथांग स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि दिल्ली की घटना के मद्देनजर वह भारी मन से थिंपू आए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सोमवार को पूरी रात विस्फोट की जांच कर रही एजेंसियों के संपर्क में रहे।

**पीएम ने कहा- हमारी एजेंसियां साजिश की तह तक जाएंगी**

**जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाएंगे**

मोदी ने कहाकि भारत और भूटान के बीच सदियों से गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। इसलिए, इस खास मौके का हिस्सा बनना भारत और मेरी प्रतिबद्धता थी। उन्होंने कहाकि लेकिन आज मैं भारी मन से यहां आया हूं। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत दुखी किया है। मैं प्रभावित परिवारों का दुख समझता हूं। आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। मोदी ने कहाकि




भूटान में बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी। इसके पीछे के साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने चांगलीमेथांग स्टेडियम में हजारों भूटानी नागरिकों की मौजूदगी में दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि भूटानी नेतृत्व ने दिल्ली विस्फोट में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और सभी प्रभावित परिवारों के लिए विशेष प्रार्थना की। थिंपू में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में मोदी ने भूटान के पूर्व नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक और जनता को भारत की जनता की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने वांगचुक के परिवर्तनकारी कार्यकाल पर प्रकाश डाला, जिसके तहत भूटान एक आधुनिक राष्ट्र-राज्य और एक संवैधानिक लोकतांत्रिक राजतंत्र के रूप में उभरा। मोदी ने कहा कि भूटान ने अपने चौथे नरेश वांगचुक के नेतृत्व में सकल राष्ट्रीय सुख सूचकांक की अनूठी अवधारणा पेश की, जिसमें आर्थिक विकास, स्थिरता और खुशहाली को एक साथ जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि भूटान के चौथे नरेश ज्ञान, सादगी, साहस और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा का संगम थे, जिन्होंने देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाई थी।

## सुरक्षा एजेंसियां हर दोषी की तलाश करें: शाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे दिल्ली विस्फोट मामले में सलिप्त प्रत्येक दोषी की तलाश करें। इस धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस विस्फोट में संलिप्त सभी लोगों को सुरक्षा एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। शाह ने यह निर्देश राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के नजदीक सोमवार शाम हुए विस्फोट के मद्देनजर आयोजित दो सुरक्षा समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करने के बाद दिये केंद्रीय गृहमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहाकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली कार विस्फोट पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक अपराधी को पकड़ने का निर्देश दिया। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते शामिल हुए। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात भी ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों ने विस्फोट के बाद की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं।



## लखनऊ की डॉ. शाहीन जैश-ए-मोहम्मद के संगठन का हिस्सा

**लखनऊ, नई दिल्ली।**

अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद गिरफ्तार किए गए आठ लोगों में एक महिला डॉक्टर भी शामिल थी। शुरुआती जांच के आधार पर अधिकारियों ने दावा किया कि वह प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद द्वारा पिछले महीने गठित जमात-उल-मोमिनात का हिस्सा थी। सोमवार को श्रीनगर ले जाने के बाद गिरफ्तार की गयी डॉ. शाहीन सईद पर आरोप है कि वह भारत में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) की महिला भर्ती शाखा का हिस्सा है।

अधिकारियों ने आरोप लगाया कि करीब 35 वर्षीय और फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़ी डॉ. सईद पाकिस्तान में अपने आका के संपर्क में थी और उसे आतंकवादी



गतिविधियों के लिए अधिक से अधिक महिलाओं की भर्ती करने के निर्देश दिए गए थे। वहीं लखनऊ में आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस), लखनऊ पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की एक संयुक्त टीम ने दिल्ली विस्फोट मामले में पहले गिरफ्तार की गई डॉ. शाहीन शाहिद के भाई डॉ. परवेज अंसारी के मड़ियांव, मुत्तकीपुर स्थित आवास पहुंची। जहां करीब पांच घंटे चले गहन तलाशी अभियान में परिजनों के मोबाइल फोन और कम्प्यूटर से कई डिवाइस कब्जे में लिए । इस दौरान स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। इसके बाद एटीएस की टीम डॉ. परवेज की तलाश में कुर्सी रोड स्थित इंट्रीगल विश्वविद्यालय पहुंची। जहां विश्वविद्यालय प्रशासन से डॉ. परवेज के बारे में जानकारी जुटायी। एटीएस को पता चला कि डॉ. परवेज एक माह पहले ही यहां से त्यागपत्र दे चुका है। इसी बीच एटीएस की टीम डॉ. शाहीन शाहिद के लालबाग खंदरीबाजार स्थित आवास पहुंची। जहां कई घंटे तक छानबीन के बाद कुछ दस्तावेज और मोबाइल फोन साथ ले गयी। अधिकारियों ने शाहीन की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी जुटाने के लिए दस्तावेज एकत्र किये और परिवार के सदस्यों तथा पड़ोसियों से पूछताछ की।

## कार चलाने वाले डॉ. उमर के आंतकी मॉड्यूल से थे संबंध

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** पुलिस ने मंगलवार को लाल किला विस्फोट मामले की जांच एक संभावित आतंकवादी हमले के रूप में की और पुलवामा के एक डॉक्टर पर ध्यान केंद्रित किया जो विस्फोट में इस्तेमाल हुई कार को चला रहा था। पुलिस ने बताया कि पुलवामा के इस डॉक्टर का संबंध फरिदाबाद स्थित आतंकवादी मॉड्यूल से था, जिसका पर्दाफाश वहां से विस्फोटक बरामद होने के बाद हुआ था। माना जा रहा है कि सोमवार शाम हुए विस्फोट में डॉ. उमर नबी की मौत हो गई है। इस विस्फोट में कम से कम 12 लोग मारे गए थे। मंगलवार को जम्मू कश्मीर पुलिस ने उमर की मां का डीएनए नमूना लिया।

## कार के 11 घंटे की यात्रा से संदिग्ध गतिविधि का पता चला

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उस हुंदै आई20 कार के 11 घंटे के रूट का पता लगा लिया है, जिसका इस्तेमाल लाल किला के पास विस्फोट में किया गया था। जांच से पता चला है कि वाहन हरियाणा के फरीदाबाद से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा था। सूत्रों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज और टोल प्लाजा से प्राप्त आंकड़ों से जांच अधिकारियों को वाहन की गतिविधियों की विस्तृत समय-सीमा जानने में मदद मिली है। सूत्रों ने बताया कि कार का सफर सोमवार सुबह फरीदाबाद से शुरू हुआ और दिल्ली के कई हिस्सों से होते हुए सोमवार शाम करीब 6:52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट हुआ। एक सूत्र ने बताया, कार को सबसे पहले सुबह करीब 7:30 बजे फरीदाबाद के एशियन अस्पताल के बाहर देखा गया। करीब 8:13 बजे इसने बदरपुर टोल प्लाजा पार किया और दिल्ली में प्रवेश किया। सुबह 8:20 बजे, ओखला औद्योगिक क्षेत्र के पास एक पेट्रोल पंप के पास से गुज़रती हुई गाड़ी की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में दर्ज हुई।

# एग्जिट पोल: बिहार में राजग के आसार

**भाषा। नई दिल्ली**

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के मतदान के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षणों (एग्जिट पोल) में संभावना जताई गई है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) बड़े बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बना सकता है। यदि असल नतीजे भी चुनाव बाद आए इन सर्वेक्षणों के आंकड़ों की तरह रहते हैं तो एक बार फिर राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, वाम दल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के महागठबंधन के लिए सत्ता दूर की कौड़ी साबित होगी। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले राजग में जनता दल (यू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। बिहार में मतदान संपन्न होने के बाद आए लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राजग को बड़ी जीत मिलने की भविष्यवाणी की गई है।

'मैट्रिज' के सर्वेक्षण के अनुसार, राजग 147 से 167 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत का आंकड़ा हासिल कर सकती है। इसके एग्जिट पोल में कहा गया है कि महागठबंधन को 70 से 90 सीटें मिल सकती हैं तथा जन सुराज को शून्य से दो सीट ही मिलने के आसार हैं।'दैनिक भास्कर' के सर्वेक्षण में कहा गया है कि राजग को 145 से 160 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 73 से 91 सीटें ही मिलने का अनुमान है। 'पीपुल्स पल्स' के एग्जिट पोल में भी राजग के एक बार फिर से चुनाव जीतने की संभावना जताई गई है। इस सर्वेक्षण के अनुसार राजग को 133 से 159 सीटें मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 75 से 101 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है।

इस सर्वेक्षण ने जनसुराज को शून्य से पांच सीट मिलने की संभावना जताई है। 'चाणक्या स्ट्रेटजीज' के एग्जिट पोल में कहा गया है कि राजग 130 से 138 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकता है, जबकि महागठबंधन को 100 से 108 सीटों के साथ एक बार विपक्ष में बैठना पड़ सकता है। उसने अन्य को तीन से पांच सीट मिलने का अनुमान जताया है। 'पोल स्ट्रेट' के सर्वेक्षण में राजग को 133 से 148 सीटें हासिल होने की भविष्यवाणी की गयी है, जबकि महागठबंधन को 87 से 102 सीटें मिलने का अनुमान है। उसका कहना है कि अन्य को तीन से पांच सीटें मिल सकती हैं। 'पोल डायरी' के एग्जिट पोल में राजग को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। उसका कहना है कि यह सत्तारूढ़ गठबंधन 184 से 209 सीटें हासिल करते हुए 2010 के विधानसभा चुनाव की तरह प्रदर्शन कर सकता है।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जदयू कार्यालय का दौरा किया

### दूसरे चरण में रिकॉर्ड 69 प्रतिशत मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में मंगलवार को रिकॉर्ड 68.61 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह अब तक का सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। इस चुनाव को राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व पर जनमत संग्रह के रूप में देखा जा रहा है। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, दूसरे चरण में 122 विधानसभा क्षेत्रों में शाम पांच बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो छह नवंबर को पहले चरण में हुए रिकॉर्ड 65.09 प्रतिशत मतदान से लगभग दो फीसदी अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि कई मतदान केंद्रों पर शाम तक लंबी कतारें देखी गईं, इसलिए अंतिम मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है। राज्य का मुस्लिम बहुल जिला किशनगंज इस चरण में सर्वाधिक मतदान वाले जिलों में शीर्ष पर रहा, जहां 76.26 फीसदी वोट पड़े।

# वंदे मातरम् का विरोध करने वाला भारत माता का विरोधी



**अंकित यादव। बाराबंकी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जो कोई भी वंदे मातरम् का विरोध कर रहा है, वह वास्तव में भारत माता का विरोध कर रहा है। आदित्यनाथ बाराबंकी में 1,734 करोड़ रुपये की 254 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने आए थे।

इस मौके पर एक जनसभा में आदित्यनाथ ने कहा, वंदे मातरम किसी व्यक्ति, किसी जाति या किसी क्षेत्र के लिए नहीं है। यह किसी व्यक्ति को किसी विशेष पूजा पद्धति की ओर प्रवृत्त नहीं करता। यह वास्तव में भारत माता के प्रति श्रद्धा है। मुख्यमंत्री ने देशवासियों से कहा, उन चेहरों को पहचानों, जो शासकीय योजनाओं को हड़पने की लाइन में सबसे पहले खड़े होते हैं, लेकिन कहते हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह सच है हमें देवी के तीन रूपों - देवी सरस्वती, देवी लक्ष्मी और देवी दुर्गा - की पूजा कर-के भारत और भारतीयता को आगे बढ़ाने की शक्ति मिली है। आदित्यनाथ सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के तहत कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता यात्रा की शुरुआत करने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बाराबंकी में थे। मुख्यमंत्री ने कहाकि कोई भी मत, मजहब या जाति राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती। हमारा ध्येय राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। राष्ट्र एक है तो हम एक हैं। वंदे मातरम के मार्ग की बाधा राष्ट्रीय एकता के मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है।

**कोई भी मत, मजहब या जाति राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती: मुख्यमंत्री**

### हमें इतिहास की गलतियों को यथाशीघ्र सुधारना चाहिए

आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि जाति, वंशवाद, क्षेत्रवाद और धर्म के नाम पर विभाजन की राजनीति को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास केवल अध्ययन के लिए ही नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण का अवसर भी देता है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमें इतिहास की गलतियों को यथाशीघ्र सुधारना चाहिए, और इतिहास के गौरवशाली क्षणों से प्रेरणा लेकर भविष्य को सुंदर बनाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के झांसा पुरवा में सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता यात्रा कार्यक्रम में कहा कि आज का भारत सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता की भावना से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ रहा है। अंग्रेजों ने भारत को खंड खंड करने की साजिश रची थी लेकिन सरदार पटेल की सूझ बूझ और दूरदर्शिता ने ऐसा होने से बचा लिया। सीएम योगी ने कहा कि देश की एकता और अखंडता पर कभी कोई आंच नहीं आने देंगे, यही हमारी सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अपनी पुष्पांजलि अर्पित कर की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए विकास प्रदर्शनी स्टॉल का अवलोकन किया तथा वहां पर मौजूद लोगों से बात भी की। इसके साथ ही अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। सीएम योगी ने इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के साथ साथ बच्चों का अन्नप्रासन भी किया। स्टॉल पर मौजूद छोटे छोटे बच्चों को गोद में लेकर स्नेहपूर्वक दुलार किया। मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंच कर सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संपूर्ण वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ, जिसने पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल बना दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'सियावर राम चंद्र की जय, भारत माता की जय वंदे मातरम, सरदार पटेल अमर रहें, नमः पार्वती पतये नमः का उद्घोष करते हुए अपना संबोधन प्रारंभ किया।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्लामाबाद में आत्मघाती बम विस्फोट, 12 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में स्थित एक अदालत के बाहर मंगलवार को एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को बम से उड़ा लिया जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले नकवी ने कहा कि हमलावर अदालत परिसर में घुसना चाहता था, लेकिन असफल होने पर उसने दोपहर 12.39 बजे (स्थानीय समयानुसार) राजधानी के जी-11 इलाके में इमारत के फाटक पर एक पुलिस वाहन के पास विस्फोट करके खुद को उड़ा लिया।

### निठारी हत्याकांड में सुरेंद्र कोली बरी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निठारी हत्याकांड के एक मामले में सुरेन्द्र कोली की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली उसकी सुधारात्मक याचिका को स्वीकार करते हुए उसे बरी कर दिया, जिससे उसकी रिहाई का रास्ता साफ हो गया है। कोली निठारी हत्याकांड के अन्य मामलों में पहले ही बरी हो चुका है। निठारी हत्याकांड का खुलासा 29 दिसंबर 2006 को नोएडा के निठारी में व्यवसायी मोनिंदर सिंह पंढेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के बाद हुआ था।

### एसआईआर के खिलाफ याचिकाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

**भाषा। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को चुनौती देने वाली द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस द्वारा दायर याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग (ईसी) से मंगलवार को अलग-अलग जवाब देने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने निर्वाचन आयोग से नयी याचिकाओं पर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने मद्रास और कलकत्ता उच्च न्यायालयों को तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हर प्रकार की कार्यवाही को स्थगित रखने का भी निर्देश दिया। उसने तमिलनाडु में इस प्रक्रिया का समर्थन करने वाली ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की हस्तक्षेप याचिका को सूचीबद्ध करने की भी अनुमति दी।

संक्षिप्त सुनवाई के दौरान, द्रमुक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया बिना निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए, जल्दबाजी में की जा रही है और मतदाताओं से अलग-अलग दस्तावेज़ मांगे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु नवंबर-दिसंबर के दौरान हमेशा पूर्वोत्तर मानसून से प्रभावित रहता है और तटीय जिलों में इस मौसम में भारी बारिश होती है।

# जल्द होंगे ट्रेड डील पर हस्ताक्षर : ट्रंप

**एजेंसी। न्यूयॉर्क/वाशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, भारत के साथ न्यायसंगत व्यापार समझौते पर पहुंचने के काफी करीब है। साथ ही उन्होंने कहा कि वह भारत पर लगाए गए शुल्क (टैरिफ) को किसी समय कम कर देंगे। ट्रंप ने सोमवार को कहा, हम भारत के साथ एक समझौता कर रहे हैं, यह पहले की तुलना में बहुत अलग है। इसलिए अभी वे मुझे पसंद नहीं करते लेकिन वे हमें फिर से पसंद करेंगे। उन्होंने ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जहां उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस ने सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका के नए राजदूत के रूप में शपथ दिलायी।

**भारत पर लगाए गए शुल्क को हटा देंगे अमेरिकी राष्ट्रपति**

ट्रंप ने भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक सुरक्षा साझेदार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अमेरिका के ₹शानदार₹ संबंध हैं। उन्होंने कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी के साथ शानदार संबंध हैं और सर्जियो गोर ने इस रिश्ते को और मजबूत किया है क्योंकि वह पहले से ही प्रधानमंत्री के साथ दोस्ताना संबंध रखते हैं। जब उन्हें पता चला कि सर्जियो भारत के राजदूत बनने वाले हैं तो वे लगातार संपर्क में रहते थे कि 'आइए, इस व्यक्ति को जानें।' और उन्हें सर्जियो पसंद आए। ट्रंप ने कहा, हम एक उचित समझौता कर रहे हैं, सिर्फ एक न्यायसंगत व्यापार सौदा। पहले हमारे पास काफी अनुचित व्यापार समझौते थे। भारत के लोग बहुत अच्छे वार्ताकार हैं, सर्जियो, इसलिए इस पर ध्यान रखना होगा। उन्होंने अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से कहा, लेकिन हम काफ़ी करीब पहुंच चुके हैं। स्कॉट, मेरा मानना है कि हम एक ऐसा सौदा करने के बहुत करीब हैं जो सबके लिए अच्छा होगा। इस पर स्कॉट बेसेंट ने जवाब दिया, बिल्कुल सही। ट्रंप ने कहा, ₹पहले क्या (पूर्व राष्ट्रपति जो) बाइडन ऐसा सवाल पूछते? मुझे नहीं लगता। वह पूछते कि 'भारत के साथ क्या स्थिति है?' उन्हें भारत के बारे में कुछ पता नहीं था। खैर, कोई बात नहीं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह भारत के साथ व्यापार समझौते के तहत शुल्क कम करने पर विचार करेंगे, तो उन्होंने कहा, अभी भारत पर बहुत ऊंचे शुल्क हैं क्योंकि उन्होंने रूसी तेल खरीदा था। लेकिन अब उन्होंने रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है। रूसी तेल की खरीद में काफी कमी आई है। हां, हम जल्द ही इन शुल्कों को कम करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी भी समय हम इन्हें कम करेंगे। बिना शुल्क के हमारा देश बहुत मुश्किल में पड़ जाएगा, जैसे कि पहले कई सालों तक रहा था। भारत और अमेरिका के संबंध हाल के महीनों में तनावपूर्ण रहे हैं क्योंकि ट्रंप ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत शुल्क लगाया था जिनमें रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क शामिल है।



### पांच दौर की हो चुकी है वार्ता

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर अब तक पांच दौर की वार्ताएं पूरी हो चुकी हैं। पिछले महीने नयी दिल्ली में एक अधिकारी ने बताया था कि दोनों देश इस समझौते को अंतिम रूप देने के बहुत करीब हैं, क्योंकि अधिकतर मुद्दों पर दोनों पक्षों की सहमति बन चुकी है। अधिकारी ने कहा था कि अब दोनों देश समझौते के शब्दों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। ट्रंप ने कहा कि सर्जियो भारत में शानदार काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती मध्यवर्गीय आबादी वाला देश है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक साझेदार है।

# बकायेदारों के लिए 'बिजली बिल राहत योजना' की घोषणा

- ओटीएस पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत तथा मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट
- मासिक किस्तों में भुगतान की भी सुविधा




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'बिजली बिल राहत योजना 2025' लागू करने की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत नेवरपेड और लॉन्ग अनपेड उपभोक्ताओं को सुविधा मिलेगी।

यह बात प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने संगम सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया। इस दौरान उनके साथ अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, चेयरमैन आशीष गोयल एवं एमडी पंकज कुमार भी मौजूद रहे। विद्युत बिल राहत योजना 2025 के अंतर्गत बकाया धनराशि को एक मुश्त जमा करने पर सरचार्ज में 100 प्रतिशत एवं मूलधन में 25 प्रतिशत तक छूट देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ऊर्जा मंत्री ने इस योजना को जनता के लिए 'सरकार का उपहार और जनसहभागिता से जुड़ी अभूतपूर्व पहल' बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी उपभोक्ता बिजली बिल के बोझ तले दबा न रहे और साथ ही राज्य की बिजली वितरण व्यवस्था आर्थिक रूप से सुदृढ़ बने। इस योजना से एक ओर जहां सरकारी खजाने में भारी राजस्व की वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर घरेलू व वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बड़ी आर्थिक राहत प्राप्त होगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि योजना के अंतर्गत यदि कोई उपभोक्ता अपना बिजली बिल एकमुश्त जमा करता है, तो उसे सरचार्ज में 100 प्रतिशत के साथ-साथ बकाए के मूलधन में 25 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह छूट तीन चरणों में दी जाएगी। प्रथम चरण (1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक) पंजीकरण कराने पर 25 प्रतिशत, द्वितीय चरण (1 जनवरी से 31 जनवरी तक) में 20 प्रतिशत तथा तृतीय चरण (1 फरवरी से 28 फरवरी तक) पंजीकरण कराने में 15 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## घरेलू और वाणिज्यिक दोनों वर्गों को लाभ

यह योजना घरेलू उपभोक्ताओं (2 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं (1 किलोवाट तक) दोनों के लिए लागू होगी। इतना ही नहीं, बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में राजस्व निर्धारण धनराशि पर भी छूट देने का प्रावधान किया गया है। इससे उन उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी जो अनजाने में तकनीकी अथवा मीटर संबंधी त्रुटियों के कारण विवादों में फंसे हुए थे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकार ने गरीब और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मासिक किस्तों में भुगतान की सुविधा भी दी है। इससे वे उपभोक्ता, जो एकमुश्त भुगतान करने में असमर्थ हैं, वे भी योजना का लाभ उठाकर अपने बकाया बिलों का निस्तारण कर सकते हैं। यह कदम प्रदेश के लाखों छोटे उपभोक्ताओं को आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला होगा।

## ओवर बिलिंग व अंडर बिलिंग वाले उपभोक्ताओं के लिए भी राहत

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि योजना के दौरान विभाग ओवर बिलिंग और अंडर बिलिंग वाले उपभोक्ताओं के बिलों का भी संशोधन करेगा, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय भार न पड़े और उन्हें सही व पारदर्शी बिलिंग का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि यह केवल एक छूट योजना नहीं, बल्कि उपभोक्ता के विश्वास और पारदर्शिता को पुनः स्थापित करने की मुहिम है। ऐसे उपभोक्ताओं को बिल की धनराशि जमा करने हेतु एक मासिक औसत धनराशि निधारित की गई है। बिलिंग सिस्टम द्वारा इन उपभोक्ताओं के विद्युत बिल, नारमेटिव धनराशि के आधार पर संसोधित किए जायेंगे।

## प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता: शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा स्थित नवीन भवन में उर्वरक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मंत्री ने बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान समय में 12.68 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.87 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.11 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 2.74 लाख मीट्रिक टन एसएसपी एवं 0.85 लाख मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक कृषकों के क्रय के लिए उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर भारत सरकार के संपर्क में रहकर उर्वरकों की आपूर्ति को सुचारू बनाए हुए है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि 1 नवम्बर से 10 नवम्बर के बीच प्रदेश में 1.82 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.93 लाख मीट्रिक टन डीएपी एवं 1.19 लाख मीट्रिक टन एनपीके की बिक्री दर्ज की गई है। केवल सहकारी समितियों के माध्यम से 49,513 मीट्रिक टन यूरिया, 94,423 मीट्रिक टन डीएपी एवं 38,317 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक किसानों द्वारा क्रय किया गया है। रबी 2025-26 अभियान के अंतर्गत अब तक 99.88 लाख किसान पीओएस मशीन पर अंगूठा लगाकर 4.17 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 5.63 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 3.26 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 1.26 लाख मीट्रिक टन एसएसपी एवं 0.65 लाख मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक का क्रय कर चुके हैं। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 18,370 मीट्रिक टन यूरिया, 20,406 मीट्रिक टन डीएपी एवं 15,240 मीट्रिक टन एनपीके की खपत किसानों द्वारा की जा रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए हो नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम: आनंदीबेन

- राज्यपाल ने सिद्धार्थनगर के 200 तथा सन्तकबीरनगर के 300 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्री-स्कूल एवं मेडिकल किट का किया वितरण



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाए ताकि वे बच्चों को योग, व्यायाम एवं अन्य बुनियादी शिक्षा प्रभावी ढंग से सिखा सकें। राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार हो और बच्चों को बैठकर भोजन करने की आदत डाली जाए। उन्होंने ने 9 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने पर विशेष बल दिया, जिससे सर्वाइकल कैंसर से बचाव हो सके। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन 6 माह के अंतराल पर दो बार लगाई जाती है।

राज्यपाल मंगलवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के गौतम बुद्ध प्रेक्षागृह में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सशक्त बनाने के लिए सिद्धार्थनगर के 200 तथा सन्तकबीरनगर के 300 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्री-स्कूल एवं मेडिकल किट का वितरण कर रही थी। राज्यपाल ने पोषण अभियान के अन्तर्गत 10 पोषण पोटली, 100 आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व योजनान्तर्गत 300 घरौनी, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना के 100 लाभार्थियों को चाबी, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत 120 ऋण स्वीकृति पत्र, 100 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्वीकृति पत्र, पीएम सूर्यघर के 100 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, जीरो पावर्टी योजनान्तर्गत 50 अन्त्योदय नवीन राशन कार्ड, सीएम युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत 100 डमी चेक, सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी रहे बच्चों को पुरस्कार एवं अन्य कार्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के 100 लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों ने मनमोहक गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनकी राज्यपाल ने सराहना की। राज्यपाल ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि प्रस्तुतियां प्रेरणादायक हैं और यह उनके भीतर की प्रतिभा का परिचायक है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को टीबी मुक्त बनाने का अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश के 4 लाख से अधिक टीबी मरीज अब स्वस्थ हो चुके हैं। इसी के अंतर्गत पोषण पोटली का वितरण किया जा रहा है। राज्यपाल जी ने यह भी बताया कि थर्ड जेंडर समुदाय के लिए केंद्र सरकार द्वारा विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि जनपद के 3140 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 3.76 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। सक्षम आंगनबाड़ी योजना के अंतर्गत केन्द्रों को आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि आज विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टी.बी. मरीजों को पोषण पोटलियां वितरित की जा रही हैं।

# इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में सर्वाधिक पंजीकरण से यूपी देश में प्रथम स्थान पर

- युवाओं की क्षमता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा : खरे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे ने निर्देश दिए कि जिला एवं मंडल स्तर पर स्किल ट्रायल्स की रूपरेखा, चयन प्रक्रिया, मूल्यांकन मानक, प्रतिभागियों को सतत मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देने के उपाय जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण में पारदर्शिता, निष्पक्षता, प्रतिस्पर्धात्मकता एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि उत्तर प्रदेश के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकें। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे के प्रभावी नेतृत्व, दूरदर्शी दृष्टिकोण एवं सतत मार्गदर्शन में इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के लिए सर्वाधिक पंजीकरण प्राप्त कर उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उल्लेखनीय सफलता के क्रम में कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में मिशन स्तरीय गठित समिति की उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य युवाओं के पंजीकरण उपरांत उनके प्रशिक्षण, समीक्षा एवं मार्गदर्शन को सुनिश्चित करते हुए उन्हें प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कराने की रणनीति को और अधिक सुदृढ़ करना था। बैठक के दौरान मिशन निदेशक पुलकित खरे ने इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025 के सफल संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रभावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों के साथ मजबूत समन्वय स्थापित किया जाए तथा युवाओं की क्षमता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों, विषय विशेषज्ञों एवं औद्योगिक संस्थानों के सहयोग का अधिकतम उपयोग किया जाए।

## टाटा पावर ने लांच किया अत्याधुनिक ऐ होम ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स

लखनऊ। भारत की लीडिंग इंटीग्रेटेड ऊर्जा कंपनियों में से एक, टाटा पावर ने लखनऊ में अपने अत्याधुनिक ऐ होम ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स लॉन्च किए हैं। यह पहल तकनीक और स्थिरता के माध्यम से दैनिक जीवन को और अधिक सुविधाजनक और स्मार्ट बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। शहर में स्थापित ऐ होम एक्सपीरियंस सेंटर के उदघाटन के साथ, अब लखनऊ के निवासी स्मार्ट होम इनोवेशन का अनुभव कर सकते हैं जो सरलता, सुविधा और ऊर्जा दक्षता को एक साथ लाते हैं। यहां उपभोक्ता अगली पीढ़ी के होम ऑटोमेशन समाधान का प्रत्यक्ष अनुभव ले सकते हैं। स्मार्ट सॉकेट्स, टच-पैनल स्विचेज, रेट्रोफिटेबल कन्वर्टर्स, मोशन सेंसर आदि जैसी उन्नत तकनीकों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई।

# विधानमंडलों के बीच संवाद लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक

- हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति का उत्तर प्रदेश अध्ययन दौरा, विधानसभा अध्यक्ष से की शिष्टाचार भेंट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सदस्यों ने मंगलवार यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की।

महाना ने समिति का हार्दिक स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया और कहा कि विधानमंडलों के बीच अध्ययन व संवाद लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती का प्रतीक हैं। इस प्रकार के दौरे न केवल आपसी अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि सुशासन और पारदर्शिता के क्षेत्र में बेहतर नीतियों के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

महाना ने कहा कि यूपी विधानसभा ने भी सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा विधानसभा की समिति का यह अध्ययन दौरा दोनों राज्यों की समितियों के बीच सहयोग और संवाद को और सुदृढ़ करेगा। हरियाणा विधानसभा की लोक उपक्रम समिति के सभापति राम कुमार गौतम के नेतृत्व में आए इस दल में प्रमुख रूप से गीता भुक्कल और बलवान सिंह दौलतपुरिया सदस्य के रूप में मुख्य रूप से शामिल हैं। समिति ने मंगलवार उत्तर प्रदेश विधानसभा की समकक्ष समिति के साथ सार्वजनिक उपक्रमों की कार्यप्रणाली एवं सुशासन से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत समिति ने उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन का भ्रमण किया।

समिति का दल चार दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश आया हुआ है और अपने प्रवास के दौरान अयोध्या एवं वाराणसी का भी भ्रमण करेगा। उल्लेखनीय है कि विधानसभा की यह समिति राज्य के सभी सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों की आय-व्यय, वित्तीय लेखा-विवरण, संतुलन पत्र तथा लाभ-हानि विवरण की जांच करती है। समिति यह सुनिश्चित करती है कि संबंधित उपक्रमों का प्रबंधन ठोस व्यावसायिक सिद्धांतों और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के अनुरूप हो।

# राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार 1,46,204 किमी, यूपी में भी तीव्र विकास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क ने 2013-14 के 91,287 किलोमीटर से बढ़कर 2025 तक 1,46,204 किलोमीटर का विशाल रूप ले लिया है। इस अप्रत्याशित विस्तार से देश के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है और आर्थिक गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खास तौर पर उत्तर प्रदेश में भी राजमार्ग विकास की गति तेज हुई है, जिससे पूरे प्रदेश के दूरदराज इलाकों तक संपर्क बेहतर हुआ है और विकास की नई राह खुली है। अकेले 2024-25 में लगभग 54,917 किलोमीटर राजमार्गों के निर्माण पर काम हुआ है, जो देश के अवसंरचना क्षेत्र की मजबूती को प्रमाणित करता है। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के मध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और ग्रामीण से लेकर शहरी इलाकों तक सामाजिक-आर्थिक प्रगति में वृद्धि हुई है। यूपी में भी राजमार्गों के विस्तार से कृषि, उद्योग और वाणिज्य के क्षेत्र में सुधार के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। सरकार के प्रधानमंत्री गतिशक्ति और भारतमाला परियोजना जैसे कार्यक्रमों ने यूपी समेत पूरे देश में



यातायात सुगमता और रोड कनेक्टिविटी को नए आयाम दिए हैं। टोल संग्रह प्रणाली में भी डिजिटल क्रांति आई है, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और समय की बचत हुई है। अगस्त 2025 में लॉन्च किए गए फास्ट टैग वार्षिक पास ने 25 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं को आकर्षित किया है। इस पास के जरिए एक साल या 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के लिए एकमुश्त चार्ज देकर यात्रा की जा सकती है। यह सुविधा करीब 1,150 टोल प्लाजा पर उपलब्ध है, जो गैर-वाणिज्यिक वाहनों के लिए है और इसे राजमार्ग यात्रा ऐप या ठळअक वेबसाइट से आसानी से सक्रिय किया जा सकता है। इससे टोल वसूली और यात्रा प्रक्रिया सहज और तेज हो गई है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षा और यात्रा अनुभव दोनों में सुधार ला रही है। इस डिजिटलकरण में राजमार्ग यात्रा एप की भूमिका भी उल्लेखनीय है। यह ऐप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों की पूरी जानकारी, टोल प्लाजा के विवरण, सड़क सुरक्षा अपडेट और रास्ते की लाइव ट्रैफिक स्थिति प्रदान करता है। इस ऐप के माध्यम से ड्राइवरों को यात्रा के दौरान आवश्यक सूचनाएं समय से मिलती हैं, जिससे यात्रा अधिक सुरक्षित और सरल हो जाती है। राजमार्ग यात्रा एप टोल कलेक्शन के साथ डिजिटल भुगतान सुविधा भी उपलब्ध कराता है, जो डिजिटल इंडिया मिशन के तहत सड़कों पर डिजिटल नवाचार को बढ़ावा देता है। यह ऐप आम जनता के लिए नेविगेशन और सड़क यात्रा को सुगम बनाने के उद्देश्य से जारी किया गया है और इसे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रमोट किया जा रहा है। इस प्रकार, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास ने न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है, बल्कि डिजिटल

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम लाल जी पाण्डेय लिख गया था जबकि मेरा वास्तविक नाम लाल जी है। लाल जी और लाल जी पाण्डेय दोनों एक ही व्यक्ति हैं। लाल जी, पुत्र स्वर्गीय महेश नारायन पाण्डेय, निवासी, L-4/171 विनयखंड गोमती नगर लखनऊ, यूपी। 226010

### सूचना

मैं सूरज कुमार नायक (आर्मी) सर्विस नंबर 15723142 H है। मेरे सर्विस बुक रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम कमला कांत व जन्मतिथि 19 मार्च 1954 दर्ज है, जो कि गलत है। मेरे पिता का सही नाम कमला कांत शुक्ला (KAMLA KANT SHUKLA) व जन्मतिथि 20 अगस्त 1961 है। भविष्य में मेरे पिता को इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। सूरज कुमार पुत्र कमला कान्त शुक्ला, ग्राम कटरा दयाराम, पोस्ट मऊआइमा, सोरांव, प्रयागराज।

# रालोद की नवगठित नगरीय निकाय की बैठक का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री जयंत चौधरी जी के निर्देश पर गठित रालोद नगरीय निकाय (अर्बन बॉडी) की पहली बैठक आज मंगलवार को लखनऊ के प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में सर्वप्रथम दिल्ली के लालकिले के निकट हुए धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई एवं इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा की गई।तदोपरांत बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय सचिव श्री अनुपम मिश्रा ने नवगठित निकाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जानकारी देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि नगरीय निकाय के गठन का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में पार्टी के संगठन का विस्तार करना एवं नगर निकायों के चुनावों में पार्टी की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

श्री मिश्र ने आगे बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा इस नवीन निकाय को सौंपा गया लक्ष्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण है।राष्ट्रीय सचिव ने आगे बताया कि सभ्यता के विकसित होने के साथ शहरीकरण की प्रक्रिया तेज हुई है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक जनसंख्या के साथ ही सर्वाधिक नगरीय स्थानीय निकायों वाला प्रदेश है वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 17 नगर निगम 200 नगर पालिका परिषद 545 नगर पंचायत 762 नगरीय स्थानीय निकाय हैं!

# भाजपा एसआईआर के माध्यम से साजिश करने पर तुली है: अखिलेश

- सपा के विधायक, विधानसभा एवं विधान परिषद सदस्यों के साथ हुई बैठक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को सपा मुख्यालय में सपा के विधायकों, विधान सभा एवं विधान परिषद के सदस्यगणों की बैठक हुई। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा एसआईआर के माध्यम से साजिश करने पर तुली है। उसकी मंशा पात्र मतदाताओं विशेषकर सपा के समर्थकों को मतदान से येन-केन-प्रकारेण वंचित करना है। इसलिए उन्होंने सभी से नए मतदाता बनाने के काम को गंभीरता से लेने और इसमें पूरी तरह से जुटने का आवाह्न किया।

श्री यादव ने कहा कि पूरी सावधानी से लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी सपा की है।

# नई सोच और प्रगतिशील इरादों के साथ युवा भारत को आगे लाना है: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## विजन इंडिया की पहली बैठक 16 नवंबर को ताज बंगलोर में होगी



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को विजन इंडिया का प्रारूप रखते हुए कहा कि देश में विभाजनकारी और पुरातनपंथी ताकतों से निबटने के लिए नई सोच और प्रगतिशील इरादों के साथ युवा भारत को आगे लाना है। उन्हांने कहा कि नई पीढ़ी के सोच में सहिष्णुता प्रेम और सम्मान है। वह दयालु और प्रगतिपंथी है। विजन इंडिया, स्टार्टअप समिट की पहली बैठक 16 नवंबर 2025 को ताज बंगलोर, बेगलुरू, कर्नाटक में होगी। इसके मुख्य समन्वयक राजीव राय सांसद होंगे और मुख्य संयोजक पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र होंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भारत एक ऐसा देश बन गया है जहां लोगों को हर कदम पर मुश्किलों और संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए, हमने एक रास्ता सोचा है विजन इंडिया, जो हमें एक सकारात्मक, यथार्थवादी, प्रगतिशील भविष्य की ओर ले जाएगा। विजन इंडियाः प्लान, डेवलप और एसेंट एक ऐसी मुहिम है जो इनोवेशन, कोलैबोरेशन और प्रोग्रेस का प्रतीक है। विजन इंडिया के तहत देशभर में आयोजित होने वाले सम्मेलनों और सेमिनारों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना को प्लान करना, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवसरों और संभावनाओं की पहचान करना। अखिलेश यादव ने कहा कि डेवलप, संवाद, साझेदारी और समाधान-आधारित तरीकों को बढ़ावा देना, जिससे हम डेवलप होकर जल्द ही विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकें। एसेंट, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए एसेंट करना और अपने देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाना। हम सभी को अपने विजन इंडिया, प्लान, डेवलप और एसेंट मिशन का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते जिसमें देश के अलग-अलग शहरों में भारत की विविध क्षेत्रों की प्रतिभाएं एक साथ आएंगी। इसकी शुरूआत बंगलूरू से हो रही है। हमारा उद्देश्य है सामाजिक-मानसिक सशक्तीकरण, संतुलित संवृद्धि और वास्तविक समावेशी विकास को बढ़ावा देना। हम सामाजिक न्याय के राज को स्थापित करने के लिए वचनबद्ध हैं, जिसमें समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बरकरार रखा जाएगा।

सार्वजनिक सूचना
[illegible]

# एटीएस व जम्मू कश्मीर पुलिस ने राजधानी में कई ठिकाने खंगाले

## डॉ. परवेज के हिरासत में लिए जाने की जानकारी, अफसरों का इंकार



❖ मुतक्कीपुर, इंट्रीगल भी पहुंची एटीएस, डिवाइस व मोबाइल ले गयी एटीएस
❖ डॉ. शाहीन के लालबाग स्थित आवास को भी खंगाला, ले गयी दस्तावेज

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

दिल्ली में ब्लास्ट के बाद आतंकी साजिश सामने आने पर जम्मू कश्मीर पुलिस और यूपी एटीएस की टीम सोमवार की देर रात ही डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की तलाश में मड़ियांव के मुतक्कीपुर इलाके में छापेमारी की। सूत्रों की मानें तो डॉ परवेज को सुरक्षा एजेंसी व जम्मू कश्मीर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है लेकिन कोई अफसर इससे इंकार कर रहा है। शाहीन अपने भाई डॉ परवेज के ज्यादातर करीबी बतायी जा रही थी, लिहाजा आतंकी गतिविधियों को लेकर एटीएस ने यह छापेमारी की है। यह कार्रवाई फरीदाबाद से पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान सामने आए नए सुरागों के आधार पर की गई। डॉ परवेज के आवास पर बताया जा रहा है कि ताला बंद था लेकिन पुलिस की मदद से ताला तोड़कर एटीएस उसके आवास में घुसी। जहां कम्प्यूटर से कई डिवाइस और अन्य दस्तावेज को कब्जे में लिया है।

एटीएस और जम्मू कश्मीर पुलिस ने डॉ परवेज को भी आंतकियों की मददगार मान रही है। वह भी साजिश का हिस्सा हो सकता है। क्योंकि इसकी बहन डॉ शाहीन का अपने भाई डॉ परवेज से अक्सर मिलना जुलना लगा रहता था। परवेज के मकान के बाहर मिली कार के बारे में जानकारी खंगाली गयी। बताया जा रहा यह कार सहारनपुर से खरीदी गयी है। जिसके बारे में विस्तृत जानकारी की जा रही है। डॉ. परवेज इंटीग्रल मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर रह चुका हैं और हार्ट रोग विशेषज्ञ हैं। इसके अलावा वे सहारनपुर के देहरादून चौक पर अपनी क्लिनिक भी चलाते था। फरीदाबाद में पकड़ी की शाहीन से पूछताछ में डॉ परवेज को लेकर कई अहम जानकारी मिली है। वहीं एटीएस की टीम करीब पांच घंटे की छानबीन के कुर्सी रोड स्थित इंट्रीगल विश्वविद्यालय भी पहुंची। जहां डॉक्टर परवेज को लेकर संस्थान से कई दस्तावेज मांगे। परवेज की तैनाती को लेकर रिकार्ड खंगालने के बाद उनसे नजदीकियां रखने वाले प्रोफेसर से भी बातचीत कर जानकारी जुटायी। संस्थान के हेड ने साफ किया कि करीब एक माह पहले ही परवेज रिजाइन करके जा चुके है।

वहीं एटीएस की टीम शाहीन के बारे में जानकारी जुटाने के लिए लालबाग खंदारी बाजार स्थित उसके आवास पहुंची। जहां परिजन शाहीन का आतंकी कनेक्शन से साफ इंकार कर रहे थे। उन्होंने ज्यादा बातचीत होने से भी मना किया। फिलहाल एटीएस परिजनों के मोबाइल फोन के डॉटा को खंगाल रही है। फिलहाल शाहीन आतंकी मुजम्मिल की सहयोगी है और उसके कार से ही फरीदाबाद में एके-47 और अन्य सामान बरामद हुआ था।

### 2013 में लापता हुई थी डॉ. शाहीन

आतंकी मददगार डॉ शाहीन के बारे में जांच एजेंसियों अलर्ट हो गयी है। वह उसके बारे में जानकारी के लिए कानपुर भी पहुंची है जहां डॉ. शाहीन शाहिद कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्रवक्ता के रूप में कार्य किया था। उस कॉलेज में पहुंचकर शाहीन का रिकार्ड खंगाला गया है। एजेंसियां यह जानकारी जुटा रही है डॉ शाहीन कब्जे से इन लोगों के संपर्क में रही है। एजेंसी शाहीन के ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में जानकारी कर रही है। क्योंकि वह कुछ समय के लिए वर्ष 2013 में लापता हुई थी। एजेंसी की मानें तो उसके बारे में जानकारी कर मददगारों के बारे में जानकारी की जा रही है। जल्द ही इसमें कुछ और भी गिरफ्तारी हो सकती है।

# चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल के साथ होती रही चेकिंग





❖ भीड़भाड़ वाले स्थानों पर खास निगरानी, सीसीटीवी से भी नजर

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

दिल्ली लाल किला के पास हुए विस्फोट के बाद शहर में मंगलवार को भी काफी सर्तकता बरती जा रही है। सोमवार की देर रात से ही शहर भर में सघंन चेकिंग की जा रही है।

पुलिस के आला अफसर के साथ डॉग स्काएडा, बम निरोक्षक दस्ते और खुफियां इकाईयों के साथ भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की जा रही है। डीजीपी राजीव कृष्णा के निर्देश के बाद शहर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता कर दी गयी है। सुरक्षा को देखते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स सादी वर्दी में गश्त कर रही है। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देश पर सभी डीसीपी, एडीसीपी और एसीपी भारी पुलिस फोर्स के साथ मंगलवार की सुबह से ही चेकिंग शुरू कर दी है।

इसके अलावा डॉग स्काएड के साथ मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, प्रतिष्ठित अस्पताल और धार्मिक स्थलों पर लगातार चेकिंग चलता रहा। वहीं हजरतगंज पुलिस ने बैरियर लगातर चौराहे पर वाहनों की चेकिंग की गयी। इसके अलावा अफसरों के निर्देश पर सीसीटीवी के जरिए भी शहर के प्रमुख स्थानों पर निगरानी की जा रही है।

### पुलिस अफसरों ने की समीक्षा

मंगलवार को पुलिस अफसरों ने संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों एवं धार्मिक स्थलों का स्वयं भ्रमण, निरीक्षण किया। वहीं डॉयल-112 की गाड़ियां लगातार पेट्रोलिंग करती रही। वहीं महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं अन्य संवेदनशील बिंदुओं की सुरक्षा व्यवस्था की पुलिस अफसरों ने एक बार फिर समीक्षा की। पुलिस ने बैरियर लगाकर शहर से सटे सीमाओं पर चेकिंग की।

### सिनेमा हॉल में भी की गयी चेकिंग

पुलिस अफसरों ने एयरपोर्ट, मॉल, वेब सिनेमा, सहारा मॉल, मेट्रो स्टेशन और अन्य सिनेमा घरों में डॉग स्काएड के साथ चेकिंग की। इसके अलावा पुलिस टीमों ने भारी पुलिस बल के साथ बसों व ट्रेनों में संदिग्धों और सामानों की तलाशी ली लेकिन अभी तक किसी प्रकार का कोई पदार्थ नहीं मिला है। सुरक्षा को देखते हुए स्थानीय खुफिया तंत्र तथा नागरिक सूचना नेटवर्क को सक्रिय कर संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर नजर रख जा रहा है।

# नंदकिशोर खन्ना की कलायात्रा विषय पर परिचर्चा

लखनऊ। यूपी उर्दू अकादमी के सहयोग से नन्दकिशोर खन्ना फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को शीरोज हैंगआउट, गोमतीनगर में एक नायाब हीरा नन्दकिशोर खन्ना की कलायात्रा विषय पर एक विशेष परिचर्चा, चित्र प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यामीन खान रहे,



जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात इतिहासकार रवि भट्ट उपस्थित थे। आयोजन का संयोजन एवं संचालन नंदकिशोर खन्ना फाउंडेशन द्वारा किया गया। परिचर्चा में रवि भट्ट ने कहा कि आर्टिस्ट होना बहुत बड़ी बात होती है , वो कलाकार के साथ बहुत ही बेहतरीन समीक्षक और युवा प्रेरणास्त्रोत थे।

# डीजीपी ने साइबर जागरूकता कार्यशाला का किया शुभारम्भ

❖ कई बिन्दुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**




डीजीपी राजीव कृष्णा ने मंगलवार को कमिश्नरेट आगरा पुलिस द्वारा आयोजित साइबर जागरूकता कार्यशाला का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारम्भ किया। इस दौरान डीजीपी ने समाज पर साइबर अपराध का प्रभाव, आर्थिक अपराध के तीन प्रमुख कारण, बच्चों और युवाओं में साइबर सजगता, साइबर सुरक्षा में नागरिक सहभागिता समेत कई बिन्दुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।

डीजीपी राजीव कृष्णा ने अपने संबोधन में साइबर जागरूकता कार्यशाला में उपस्थित पुलिस कमिश्नर आगरा, जिलाधिकारी आगरा, विभिन्न स्कूलों के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि, पर्यटन विभाग से जुड़े गाइड एसोसिएशन के सदस्य एवं ऑनलाइन माध्यम से जुड़े कमिश्नरेट आगरा के साइबर सेल तथा थानों के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों, कार्यशाला को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बनाने के लिए साइबर विशेषज्ञ रक्षित टंडन का आभार व्यक्त किया गया तथा इस कार्यशाला के माध्यम से साइबर सुरक्षा जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर जन-जागरूकता फैलाने के लिए आयोजकों तथा विशेषज्ञों का अभार व्यक्त किया।

# अनियंत्रित बाइक पुलिया से टकरायी, युवक की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

काकोरी थाना क्षेत्र में सोमवार को समदा पुलिस चौकी अंतर्गत एक युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से टकरा गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक चकौली गांव निवासी विनीत कुमार (26) सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे अपनी मोटरसाइकिल से समदा की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी



बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में एंबुलेंस के जरिए उसे लोकबंधु अस्पताल भेजा गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि विनीत के पिता मेवालाल का पहले ही निधन हो चुका है।

# एसटीएफ से मुठभेड़ में घायल एक लाख का इनामी बदमाश की मौत

❖ हरियाणा में 40 लाख रुपए की डकैती में हो चुकी थी सजा
❖ मुरादाबाद में हुई थी मुठभेड़, साथी भी घायल

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मुरादाबाद जिले में एसटीएफ और थाना भोजपुर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल एक लाख का इनामी अपराधी आसिफ उर्फ ट्डिडा की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं उसके साथी 50 हजार के इनामी अपराधी दीनू की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

प्रदेश के एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि आसिफ उर्फ टिडडा पुत्र शमशाद निवासी बनिये वाला खेत रसीदनगर, थाना ब्रहमपुरी मेरठ और दीनू पुत्र चुन्नू उर्फ इलियास निवासी ग्राम खिवाई, थाना सरूरपुर मेरठ से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। जिसमें दोनों को गोली लगी थी और इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर आसिफ की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। इनके पास से देशी कारबाईन मय मैगजीन व 10 जिन्दा कारतूस, एक पिस्टल 32 बोर मय खाली मैगंजीन और काफी हथियार बरामद हुआ। यह मुठभेड़ गोट रेलवे अंडर पास थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद में हुई। मारे गए बदमाश आसिफ ने अपने साथियों के साथ मुरादाबाद के व्यवसायी जाफर अली से एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने व रंगदारी न दिये जाने पर उसके घर पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने की



घटना में शामिल था। जिस पर आसिफ पर एक लाख रूपए और दीनू पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एडीजी एलओ ने बताया कि दोनों ही कुख्यात अपराधी है। आसिफ उर्फ टिड्डा पर 65 मुकदमें और दीनू पर 25 मुकदमें लूट, डकैती, रंगदारी, हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी व अन्य अपराधिक मामले दर्ज है। ये लोग ज्यादातर पश्चिमी यूपी में अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आसिफ उर्फ टिड्डा पुत्र शमशाद हॉल निवासी बनिये वाला खेत रसीद नगर, थाना ब्रहमपुरी जनपद मेरठ जो मूल रूप से ग्राम कलछीना, थाना भोजपुर जनपद गाजियाबाद का रहने वाला है। यह अपने चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा है। यह बचपन से ही आपराधिक प्रवृत्ति का होने के कारण 8वीं तक शिक्षा ग्रहण कर सका। इसके पिता की मृत्यु हो जाने के पश्चात यह अपने परिवार को लेकर रसीद नगर, जनपद मेरठ आकर रहने लगा तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लडके एकत्र कर अपना गैंग बनाकर लूट-पाट की घटना करने लगा। वर्ष 2005 में थाना ब्रहमपुरी जनपद मेरठ में चोरी का पहला मुकदमा पंजीकृत हुआ। इसके अलावा वर्ष 2013 में इसके द्वारा थाना चाँदीबाग, जनपद पानीपत हरियाणा में घर में घुसकर मारपीट कर बन्धक बनाकर हथियारों के बल पर 40 लाख रुपए की डकैती के अंजाम दिया गया।

# एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी को पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

यूपी के प्रतापगढ़ में तालाब पर कब्जेदारी को लेकर हुए विवाद में अधिवक्ता की हत्या करने वाले आरोपी को एसटीएफ ने चारबाग रेलवे स्टेशन से धर दबोचा है। इस पर 50 हजार रूपए का इनाम घोषित था। एसटीएफ एसएसपी सुशील घुले ने बताया कि एसटीएफ टीम को जानकारी हुई 50हजार रूपए के इनामी सच्चिदानन्द पांडेय चारबाग रेलवे स्टेशन लखनऊ में ट्रेन पकड़ कर कहीं जाने की फिराक में है। सटीक जानकारी होते ही एसटीएफ ने घेराबंदी करके सच्चिदानंद को गिरफ्तार कर लिया। जोकि ग्राम बवारिहा, पहाड़पुर थाना सांगीपुर, प्रतापगढ़ का रहने वाला है। गिरफ्तार अभियुक्त सच्चिदानन्द पांडेय ने बताया कि उसके रिश्तेदार एवं मित्र देवदत्त शुक्ला जो कि वर्तमान में प्रधान हैं। हम लोगों के घर के पास एक तलाब है जिसके कब्जे को लेकर काफी समय से विपक्षी अधिवक्ता भानू प्रताप पांडेय से विवाद चल रहा है। गत 22अक्टूबर 2025 हम सभी लोग कमलनरायण पांडेय, देवदत्त शुक्ला, आदित्य पांडेय, सौरभ दत्त शुक्ल, विपिन शुक्ल व अन्य साथियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से विवाद ही खत्म कर देने की नियत से भानू प्रताप पांडेय एवं उनके परिवारीजनों पर जॉनलेवा हमला किया गया था।

# भाई पर गैरइरादतन हत्या का आरोप, गिरफ्तार

लखनऊ। कृष्णानगर क्षेत्र में सोमवार सुबह भाई-भाई के झगड़े में सीने पर लात पड़ने से बड़े भाई की मौत हो जाने के मामले में कृष्णा नगर पुलिस ने सबसे छोटे भाई की शिकायत पर आरोपित भाई और उसकी पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि नादरगंज सीपेट कृष्णा बिहार कॉलोनी में दो माह के बिजली बकाए को लेकर मृतक राकेश ने अपने छोटे भाई धर्मवीर और उसकी पत्नी नीलम से बकाया बिजली का बिल जमा कराने का पैसा मांगा था। जिसको लेकर दोनों भाइयों में विवाद हो गया। छोटे भाई धर्मवीर ने अपनी पत्नी नीलम के साथ मिलकर अपने बड़े भाई पर हमला कर दिया और मारपीट करने लगा। इस मारपीट के दौरान ही सीने पर लात लगने से राकेश की मौत हो गई थी। सबसे छोटे भाई जितेंद्र पुत्र शिवमंगल की शिकायत पर आरोपित दंपत्ति के खिलाफ मारपीट व गैरइरादतन हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर आरोपित भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# स्कॉर्पियो सवार ने जज की पत्नी और बच्चों से की बदसलूकी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ दबंगों ने कार का शीशा और बोनट भी तोड़ा

विकासनगर में टेढ़ी पुलिया चौराहे पर जज की पत्नी व उनके परिवार के साथ स्कॉर्पियो सवार युवकों द्वारा अभद्रता व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने विकास नगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इंद्रानगर निवासी ताहिरा सिद्दीकी ने बताया कि गत आठ नवंबर की रात करीब 11:15 बजे पीड़िता अपने पति मोहम्मद साफीक जो सीतापुर में विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट हैं तथा दो पुत्रों समीर और शारिक के साथ छठा मील चौराहे से इंदिरा नगर लौट रही थीं। टेढ़ी पुलिया चौराहे पर उनके आगे स्विफ्ट डिजायर और पीछे काले रंग की स्कॉर्पियो कार आ गई। स्कॉर्पियो ने स्विफ्ट डिजायर को हल्का टच किया, जबकि पीड़िता की कार किसी वाहन से नहीं टकराई। इसके बावजूद स्कॉर्पियो सवार दो युवक गुस्से में कार से उतरे और पीड़िता की गाड़ी के बोनट व शीशे पर हाथ से मारने लगे, गाली-गलौज व अभद्रता की। उन्होंने कार का साइड शीशा भी तोड़ दिया। पीड़िता के अनुसार, यदि वे बाहर निकलते तो उनके साथ मारपीट हो सकती थी। उन्होंने तत्काल अपने बेटे को कार मोड़ने को कहा और पति को फोन कर मदद मांगी। पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद वह गमी के कारण प्रतापगढ़ चली गई थीं, इसीलिए तहरीर देर से दी है। उन्हें स्कॉर्पियो का नंबर याद नहीं है, लेकिन आरोपी सामने आने पर पहचान सकती हैं। विकासनगर इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने की बात कही है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

लखनऊ। गुडम्बा थाना क्षेत्र के जानकीपुरम निवासी एक युवती ने अपने परिचित निजी कर्मी शुभम गुप्ता निवासी विकासनगर पर नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म, ब्लैकमेल और हत्या की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार करीब तीन वर्ष पहले शुभम गुप्ता उसे कम्पनी में नौकरी दिलाने का वादा कर बरेली ले गया था। फिलहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

युवती का आरोप है कि बरेली में उसने एक मकान में रुकने को कहा और रात में नशीला पदार्थ खिलाकर शारीरिक शोषण किया। होश आने पर जब युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए हैं, जिन्हें वायरल कर उसकी जिंदगी बर्बाद कर देगा। डर और सामाजिक बदनामी के भय से पीड़िता चुप रही। युवती का आरोप है



कि शुभम अक्सर उससे जबरदस्ती करता रहा और जानकीपुरम में कमरा दिलाकर वहीं संबंध बनाने को मजबूर करता था। पीड़िता ने बताया कि गत चार नवंबर 2025 की दोपहर करीब तीन बजे शुभम फिर उसके कमरे पर आया और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। विरोध करने पर उसने गला दबाया, गालियां दीं और लात-घूंसों से पिटाई की। आरोपी ने धमकी दी कि यदि उसने शिकायत की तो उसे मारकर जंगल में फेंक देगा। पीड़िता का कहना है कि वह आरोपी को दबंग और अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति बताती है और कहती है कि उसे जान का खतरा है।

# नकाबपोश बदमाशों ने हॉकर से की लूट

लखनऊ। निगोहां सिसेंडी मार्ग पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े एक हॉकर की पिटाई की, फिर उसकी नगदी और मोबाइल लूट ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सर्विलांस टीम सहित कई अन्य टीम टीमें लगाई गई है। कुछ अहम सुराग हाथ लगे है, जल्द ही घटना का खुलासा होगा। सिंसेंडी के रहने वाले अमरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि, वह समाचार पत्र बेचकर अपनी जीविका चलाते हैं। बीते,रविवार अपने घर से साइकिल से पेपर बेच कर वापस घर लौट रहे थे तभी दाऊदपुर पेट्रोल पम्प से आगे जंगल के रास्ते मे दो अज्ञात व्यक्ति जिनकी उम्र करीब 20 वर्ष लग रही थी , मुंह पर मास्क पहने हुए थे। अचानक उसकी साइकिल को रोककर उसकी पिटाई करते हुए मोबाइल सेट व कुछ रुपये छीन लिया इस दौरान राहागीरों को आता देख दोनों बदमाश जंगल की ओर भाग निकले। वहीं सोमवार देर शाम पीड़ित ने अपने रिश्तेदार को आप बीती बताई।

# शराब की दुकान में चोरी

❖ 40 हजार व शराब की बोतल उठा लें गये

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

अलीगंज थाना क्षेत्र के पुरनिया चौकी से चंद कदमों की दूरी पर हुई चोरी ने पुलिस की निगरानी और गस्त व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। सेक्टर-एच पुरनिया चौकी के पास स्थित चिल्ड बियर एंड कंपोजिट वाइन शॉप में बीती रात चोरी की घटना ने पुलिस पर कई सवाल खड़े किये हैं। यह चोरी रात 1:30 बजे से 2:30 बजे के बीच हुई बताई जा रही है। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे और गल्ले में रखे लगभग 40 हजार रुपये नगद व शराब की महगीं बोतलें चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुचीं अलीगंज पुलिस नें जांच पड़ताल शुरू की, प्रारंभिक जांच में पता चला कि दुकान का संचालन घनश्याम पुत्र बेचूराम, निवासी रूपपुर दीनदयाल नगर, खदरा मादेयगंज द्वारा किया जा रहा है। घटना स्थल पर फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड सहित पुलिस अधिकारियों ने साक्ष्य संकलित किए। दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। चोरों की गतिविधि सीसीटीवी फुटेज में आ गई है, जिससे चोरों की पहचान करने में आसानी होगी। चोरी की यह घटना पुरनिया चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर हुई है। इससे क्षेत्र में पुलिस गश्त और रात्रिकालीन चौकसी पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कुछ समय से इलाके में रात में संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही बढ़ी है, लेकिन पुलिस की पैट्रोलिंग काफी ढीली है। गौरतलब है कि अलीगंज क्षेत्र में हाल ही में चोरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसी इलाके में कुछ समय पहले कर्नाटक के पूर्व डीजीपी महेंद्र कुमार श्रीवास्तव के घर के घर बड़ी चोरी हुई थी।

जिसका हाल ही में कुछ सामान बरामद कर पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया था। अलीगंज प्रभारी निरीक्षक अशोक सोनकर ने कहा कि अभी तक चोरी की घटना की तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# डीलरशिप के नाम पर 19 लाख की ठगी

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

ताजा मामला अलीगंज से सामने आया है, जहां जिओ पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति को करीब 19 लाख 83 हजार रुपये की ठगी का शिकार बना लिया गया। जानकारी के अनुसार, अलीगंज सेक्टर निवासी अंबिका प्रताप सिंह ने साइबर क्राइम थाने को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने इंटरनेट पर जियो पेट्रोल पम्प डीलरशिप सर्च किया था। खोज के दौरान एक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया। रजिस्ट्रेशन के कुछ दिन बाद उनके ई-मेल पर दस्तावेज मांगे गए, जिन्हें उन्होंने उपलब्ध करा दिया। इसके बाद डीलरशिप प्रक्रिया शुल्क के नाम पर उनसे 19,83,000 रूपए जमा करवाए गए। पीड़ित ने यह राशि आरटीजीएस के जरिए जालौन के एक बैंक खाते में जमा की थी। कुछ दिन तक व्हाट्सएप कॉल के जरिए पीड़ित से संपर्क बना रहा, लेकिन बाद में ठगों ने फोन उठाना बंद कर दिया। शक होने पर जब पीड़ित बैंक पहुंचे तो उन्हें असलियत का पता चला।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
मण्डलीय कार्यालय लखनऊ: न्यू बिल्डिंग, द्वितीय तल, हजरतगंज, लखनऊ-226001
लॉकर सूचना
निम्नलिखित लॉकर धारक इंडियन बैंक के डिफॉल्टर है। नोटिस भेजे जाने के बावजूद, उन्होंने अपने लिये गये लॉकर का किराया 12.11.2025 तक बैंक को भुगतान नहीं किया। इस अंतिम सूचना के माध्यम से उन्हें सूचित किया जाता है कि यदि आज से 15 दिनों के भीतर बैंक का बकाया नहीं जमा किया गया, तो उनका लॉकर बैंक द्वारा तोड़कर खोला जायगा।
लॉकर के अंदर पाए गये व्यक्तिगत सामान को डिफॉल्टर को तभी लौटाया जायगा जब वे बकाया राशि तथा लॉकर तोड़ने की लागत या सामान की नीलामी की लागत (बैंक के नियमों के अनुसार) का भुगतान करेंगे।

| क्र. सं. | शाखा का नाम एवं सीबीएस | ग्राहक का नाम | लॉकर सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | फैकल्टी ऑफ डेन्टल साइंस | अरविन्द सिंह यादव | 58 |
| 2 | मिल्कीपुर | विष्णु कुमार | 34 |
| 3 | मिल्कीपुर | आत्मा राम | B107 |
| 4 | मलिहाबाद | किशोरी शरन | B106 |
| 5 | मलिहाबाद | नसीम अब्दुल गफ्फार | B140 |
| 6 | इंदिरानगर बी | प्रशांत रंगप्पा | 35 |
| 7 | इंदिरानगर बी | जितेन्द्र कुमार | 14 |
| 8 | बालागंज | सरला पैट्रिक सारला | 44 |
| 9 | ऐशबाग | क्षितिज निगम एवं मंजू सक्सेना | 241 |
| 10 | ऐशबाग | क्षितिज निगम एवं मंजू सक्सेना | 323 |
| 11 | सिटी मांटेसरी शाखा | शिवाय गौर | 48 |
| 12 | सिटी मांटेसरी शाखा | रुचि शुक्ला | 257 |
| 13 | सिटी मांटेसरी शाखा | चंचल चक्रवर्ती | GD4/169 |
| 14 | सिटी मांटेसरी शाखा | अलका सहज | GD2/111 |
| 15 | राजाजीपुरम | विनोद कुमार वर्मा | 113 |
| 16 | लखनऊ इंदिरानगर | प्रताप नारायन टिक्को | 337 |
| 17 | लखनऊ इंदिरानगर | राजेश्वरी पाण्डेय | 503 |
| 18 | लखनऊ इंदिरानगर | ममता त्रिपाठी | 476 |

# सीएम योगी ने किया मां पाटेश्वरी का दर्शन

## ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी को दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता। तुलसीपुर, बलरामपुर



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रात्रि विश्राम के उपरांत मंगलवार की भोर में स्थान ध्यान के साथ मां पाटेश्वरी का दर्शन-पूजन किया।

मुख्यमंत्री ने देश में शांति, व्यवस्था एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए करीब 45 मिनट तक गर्भगृह में रहकर विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा के उपरांत उन्होंने मंदिर प्रांगण में स्थित ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी सूर्यकुंड की परिक्रमा करते हुए मंदिर परिसर स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया और बछड़ों को स्नेहपूर्वक दुलार किया। मंदिर से हेलीपैड के लिए करीब 9:30 बजे गंतव्य के लिए उन्होंने प्रस्थान किया। इस अवसर पर शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला सहित अनेक साधु-संत एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# देवीपाटन धाम में सीएम योगी से मिले समाजसेवी राधेश्याम वर्मा



उतरौला(बलरामपुर)। देवीपाटन धाम में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 25वीं पुण्यतिथि पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को समाजसेवी राधेश्याम वर्मा की मुलाकात चर्चा में रही। राधेश्याम वर्मा ने मुख्यमंत्री को जिले की सामाजिक-राजनैतिक गतिविधियों, जनसमस्याओं और स्थानीय जरूरतों से अवगत कराया। इस दौरान दोनों के बीच विकास कार्यों और समाज के अंतिम पायदान तक सरकारी योजनाओं को पहुँचाने पर सार्थक संवाद हुआ। सीएम योगी दो दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम लगभग 5:35 बजे देवीपाटन धाम पहुंचे। मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी बीच समाजसेवी राधेश्याम वर्मा ने उनसे भेंट की और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। वर्मा ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों, युवाओं, सड़क-स्वास्थ्य सुविधाओं तथा स्थानीय संत-समाज की आवश्यकताओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

# डीएम ने पशुचिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण



पायनियर संवाददाता। जौनपुर

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के द्वारा राजकीय पशुचिकित्सालय शीतलगंज मड़ियाहूं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खुरपका-मुंहपका सहित अन्य टीकाकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी/पशुधन प्रसार अधिकारी धर्मेन्द्र पटेल ने अवगत कराया कि शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने दवाओं एवं सीमन की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की, जिस पर अवगत कराया गया कि दोनों पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा पशुपालकों को समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# शरीर, मन और आत्मा का सामंजस्य है जरूरी: कुलपति



- संतुलित जीवन शैली और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनायेः डॉ. दिलीप

पायनियर संवाददाता। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में मनोवैज्ञानिक प्राथमिक उपचार पर छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 नवंबर 2025 तक विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

मंगलवार को रज्जू भैया भौतिक विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि हमें जीवन में केवल खुशी पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, बल्कि जो काम हम कर रहे हैं उसे खुशी के साथ करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब हम पढ़ाई या ज्ञान प्राप्ति जैसे कार्यों को आनंदपूर्वक करते हैं, तो उसकी उत्पादकता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी लाइफस्टाइल ऐसी होनी चाहिए, जिससे हमारा शरीर, मस्तिष्क और आत्मा तीनों प्रसन्न और समन्वित रहें।

इस कार्यक्रम में जौनपुर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के विविध पहलुओं पर चर्चा की । मनोचिकित्सक डॉ. दिलीप कुमार चौरसिया ने कहा कि मानसिक रोगों का एक प्रमुख कारण जीवन में अनावश्यक तनाव लेना है। हमें प्रसन्न रहने के लिए संतुलित जीवन शैली और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिये।

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट राम प्रकाश पाल ने कहा कि जैसे शारीरिक बीमारियों का इलाज जरूरी है, वैसे ही मानसिक बीमारियों के लिए भी समाज को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा 'स्टिग्मा' (कलंक) तोड़ना जरूरी है। सामाजिक कार्यकर्ता मनोज वैज्ञानिक विकास सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित अभियान चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवार का मानसिक स्वास्थ्य में बड़ा योगदान होता है। उन्होंने झाड़-फूंक जैसी पारंपरिक गलत धारणाओं से बचने की सलाह दी और 'टेली-मानस' कार्यक्रम की जानकारी दी, जिसके माध्यम से लोग फोन पर मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र सोमवार की शाम विश्वविद्यालय परिसर स्थित द्रौपदी महिला छात्रावास में आयोजित किया गया था ।

# गन्ना पेराई सत्र के दौरान बनेंगे 203 क्रय केंद्र

## गन्ना क्रय केंद्रों पर किसानों को बैठने की हो समुचित व्यवस्थाः डीएम

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद की चीनी मिलों के पेराई सत्र 2025-26 के संचालन एवं तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं मिल प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि गन्ना पेराई सत्र के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने समय से गन्ना पर्चियों का वितरण किए जाने के निर्देश दिया। गन्ना क्रय, तौल एवं भुगतान व्यवस्था के सम्बंध में आवश्यक दिशानिर्देश दिए। आगामी पेराई सत्र में जनपद में कुल 203 गन्ना क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक क्रय केंद्र पर कृषकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गन्ना ट्रकों की ओवरहाइट पर प्रभावी रोक तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु नो-एंट्री व्यवस्था लागू किए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि चीनी मिल एवं प्रशासन के बीच संवाद एवं समन्वय बना रहें ,जिससे कोई भी विषम परिस्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला गन्ना अधिकारी, सीओ सिटी, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, संबंधित चीनी मिलों के महाप्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने ली शपथ

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज



मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय आए न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने मंगलवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन को शपथ दिलाई। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में 07 अप्रैल 2016 को बतौर अपर न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इसके बाद उन्होंने 17 मार्च 2018 को स्थाई न्यायमूर्ति के रूप में शपथ ली। अब उच्च न्यायालय की प्रधान पीठ में मुख्य न्यायमूर्ति के अलावा न्यायाधीशों की संख्या 81 हो गई है। वहीं लखनऊ खंडपीठ में 28 न्यायमूर्ति हैं। हाईकोर्ट में कुल 160 पद स्वीकृत हैं। इस समय न्यायाधीशों की कुल संख्या 109 हो गई है। इस मौके पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता, न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी, न्यायमूर्ति डॉ गौतम चौधरी, न्यायमूर्ति डॉ शेखर कुमार यादव, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा, न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान, न्यायमूर्ति इंद्रजीत शुक्ला, न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह समेत तमाम न्यायिक अधिकारी, अपर महाधिवक्ता, मुख्य स्थाई अधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## अब ऊर्जा संरचना को और अधिक मिलेगी मजबूती

प्रयागराज। आधुनिक भारतीय जीवन को और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। भारत की ऊर्जा संरचना को दो दशकों से अधिक समय से मजबूती देने में सुग्स लॉयड अग्रणी रहा है। इसने अपने नए उपभोक्ता ब्रांड वयना इलेक्ट्रिक की घोषणा की है। ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में सफल यात्रा के आधार पर अब समूह अपनी विशेषज्ञताओं को एक आधुनिक श्रेणी की लाइटिंग, स्विच गियर और मॉड्यूलर इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशन के माध्यम से भारतीय घरों और कारोबारों तक विस्तारित कर रहा है। संतोष शाह प्रबंध निदेशक वयना इलेक्ट्रिक और चेयरमैन सुग्स लॉयड लिमिटेड ने कहा वयना इलेक्ट्रिक हमारा उपभोक्ता व्यवसाय में प्रवेश है, जहां हमारी तकनीकी अनुशासनता और डिज़ाइन भारतीय सोच और जीवनशैली को और सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### यात्रा व्यवधान और स्वास्थ्य संबंधी चिंता बीमा दावों में सबसे ऊपरः सईद

जौनपुर। आज विश्व पर्यटन दिवस पर जब दुनिया भर में लोग भ्रमण के आनंद का जश्न मना रहे हैं, जो यात्रा सुरक्षा के संबंध में यात्रा बीमा के बढ़ते महत्व को उजागर करते हैं। टाटा एआईजी के दावों के विश्लेषण से यात्रा बीमा के संबंध में एक आम रुझान ज़ाहिर होता है और वह यह है कि सामान पहुंचने में देरी और उड़ान में देरी की कुल यात्रा बीमा दावों का तेईस प्रतिशत हिस्सेदारी है। कुल दावों में पचपन प्रतिशत हिस्सेदारी चिकित्सा आपात स्थितियों की है, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस के कंज़्यूमर अंडरराइटिंग के उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत सईद ने कहा, यात्रा पहले कभी इतनी सुकूनदेह नहीं थी, लेकिन साथ ही यह महत्वपूर्ण है कि यह पहले कभी इतनी अप्रत्याशित भी नहीं थी। बार-बार उड़ान में व्यवधान, अप्रत्याशित चिकित्सा आपात स्थिति, विदेश यात्रा के दौरान ग्राहकों के सामने आने वाली प्रमुख असुविधाएं बनी हुई हैं। प्राकृतिक आपदा और बदलते वैश्विक परिवेश ने यात्रा को और भी अनिश्चित बना दिया है। हम विश्व पर्यटन दिवस पर, यात्रियों को याद दिलाना चाहते हैं कि व्यापक यात्रा बीमा इन चुनौतियों से निपटने का सबसे अच्छा उपाय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि यात्रा सुरक्षित और तनावमुक्त रहे।

### खाद की कमी से जूझ रहे हैं किसान

बदलापुर/जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र में रबी की बुआई के लिए किसान डीएपी खाद की कमी से जूझ रहे हैं। गेहूं और सरसों की बोआई प्रभावित हो रही है। खेतों में नमी सूखने लगा है। बदलापुर के घनश्यामपुर, गुलरा, तियरा, फत्तूपुर आदि समितियों पर मांग के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं है। एडीओ को ऑपरेटिव नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि डीएपी उपलब्ध है, लेकिन किसानों की भीड़ के चलते बांटने में परेशानी हो रही। महराजगंज विकास खण्ड के के नौ समितियों में सिर्फ फत्तूपुर में वितरण हुआ। साधन सहकारी समिति फत्तूपुर में खाद के लिए सैकड़ों किसान सुबह से ही पहुंच गए। भीड़ ज्यादा देखते हुए सचिव सर्वदेव दूबे पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सहकारी कृषक पंजिका व आधार कार्ड बायोमेट्रिक सत्यापन कर 250 बोरी डीएपी व 200 बोरी एनपीके का वितरण किया। सचिव सर्वदेव दूबे ने बताया कि डीएपी व एनपीके की उपलब्धता जितनी है उतने किसान को दोनों मिलाकर खाद का वितरण किया जा रहा है। सचिव सर्वदेव दूबे ने बताया कि जिन किसानों को खाद नहीं मिली है। एक दो दिन में फत्तूपुर व कोल्हुआ में समिति पर उपलब्ध हो जाएगी।

### लाल किला की घटना को लेकर लोगों में आक्रोश

उतरौला (बलरामपुर)। राजधानी के प्रतिष्ठित लाल किले के नज़दीक हुए बम धमाके की ख़बर ने लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना के बाद शहर-गाँव में गहरा आक्रोश और चिंता दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों, सामाजिक व विद्यार्थी संगठनों तथा राजनीतिक दलों ने घटना की कड़ी निन्दा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है और मारे गए व पीड़ितों के लिए उचित मुआवज़े की भी माँग की जा रही है। स्थानीय लोग इस हमले को मानवता के खिलाफ घिनौनी हरकत करार दे रहे हैं।ओम प्रकाश गुप्त वरिष्ठ नागरिक ने कहा, ''ऐसी घटनाएँ मानवता को शर्मशार करती हैं, दोषियों को कठोर सज़ा मिलनी चाहिए।'' कई युवा और सामाजिक समूहों ने भी शोक संदेश जारी कर सुरक्षा व सख्ती की माँग की है।

### विभिन्न खेलों में प्रतिभा दिखाएंगे युवा



सादुल्लानगर/बलरामपुर ।स्थानीय क्षेत्र में आज दिनांक 12 नवम्बर 2025 से विधायक खेल स्पर्धा का भव्य शुभारंभ हो रहा है। महोत्सव में क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा शिरकत करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक संयोजक संतोष कुमार सिंह 'पिंकू भैया' उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक एवं आधुनिक खेल आयोजन किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाना है। संदीप चौधरी क्षेत्रीय खेल व युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि दौड़,भाला फेक,चक्का फेक,वालीबाल,फुटबाल,ऊँचीकूद लम्बीकूद,कुश्ती आदि खेल खेला जाएगा। स्थानीय खेल प्रेमियों एवं ग्रामवासियों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति व सह संयोजक रमेश गुप्ता(प्रधान) ने प्रतिभागियों एवं दर्शकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है।

# मिलकर कार्य करेंगे तो त्वरित गति से वादी को मिलेगा न्यायः न्यायमूर्ति सत्यवीर





- हमारी महान विभूतियां ही रहे हैं प्रेरणास्त्रोतः न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन
- हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने नवनियुक्त न्यायमूर्तियों का किया स्वागत अभिनंदन

पायनियर संवाददाता। प्रयागराज

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में मंगलवार को उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के नव नियुक्त न्यायमूर्तियों न्यायमूर्ति अरूण कुमार, न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला, न्यायमूर्ति विवेक सरन, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह, न्यायमूर्ति सुधांशु चौहान, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन, न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह, न्यायमूर्ति इन्द्रजीत शुक्ला एवं न्यायमूर्ति सत्य वीर सिंह का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। समारोह की अध्यक्षता हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पाण्डे बबुआ ने की। जबकि संचालन महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्तियों और बार के पदाधिकारियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डे, महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा सहित तमाम पदाधिकारियों ने सभी न्यायमूर्तियों का संयुक्त रूप से माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत और अभिनन्दन किया। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन ने कहा कि ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में दीवालों पर लगी महान विभूतियाँ ही हमारे प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। जिनकी प्रेरणा से आज हम यहां तक पहुंचने में सफल हुए हैं। न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह ने अधिवक्ताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरा जन्म तो सीखने के लिए हुआ है। मेरा मानना है कि आप ईमानदारी एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ें, वह सब कुछ हासिल होगा जो आप चाहते हैं। हम कहां से आए हैं, यह मायने नहीं रखता बल्कि हम किस तरफ जाएंगे, यह मायने रखता है। हम और आप मिलकर कार्य करेंगे तो वादी को न्याय त्वरित गति से मिलेगा। इस मौके पर सभी न्यायमूर्तियों ने अपने विचार रखे। अध्यक्ष राकेश पाण्डे ने कहा न्यायिक प्रक्रिया के दौरान आपसी मतभेद हो सकता है, उसे आपसी मनभेद न समझें। कहा कि न्यायिक कार्य के सम्पादन के दौरान कभी कभी आप दो राहों पर आकर रुकते हैं तो इस क्षण केवल अपनी आत्मा की बात स्वीकारें। इस अवसर पर कमलेश कुमार द्विवेदी, अमित कुमार सिंह, विवेक मिश्र, राजकुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र, दिनेश वरूण, वैरिस्टर सिंह, शशि कुमार द्विवेदी, रामेश्वर दत्त पाण्डेय, बिन्दु कुमारी, अंजनी कुमार मिश्र, अंजली सिंह तोमर, कनक कुमार त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, वलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखण्ड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चन्द्र शुक्ला, अनिरूद्ध सिंह, अवनीश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, आदित्य घर द्विवेदी एवं अमित सिंह सेंगर के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता सगीर अहमद, उमेश वत्स, सर्वेश दुबे, सन्तोष कुमार मिश्र, अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने फसल अवशेष प्रबंधन के सम्बन्ध में जागरूकता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# प्रचार वाहन किसानों को करेगी जागरूकः जिलाधिकारी

पायनियर संवाददाता। आजमगढ़



जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज कलेक्ट्रेट परिसर आजमगढ़ से फसल अवशेष प्रबंधन के सम्बन्ध मे जागरूकता हेतु तीन प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन रोस्टर के अनुसार जनपद के सभी विकास खण्डों में पराली जलाने की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों मे जाकर फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे मे किसानों को जागरूक करेंगी।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन विकास खण्डो में विगत तीन वर्षो में पराली जलने की घटना प्रकाश में आई है, वहॉ विशेष प्रचार अभियान चलाया जाये। प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद के सम्मानित कृषक बन्धुओं से अपील किया जा रहा है कि कम्बाईन हार्वेस्टर से कटाई के समय एसएमएस, मल्चर, सुपर सीडर तथा अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यन्त्रो का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, अन्यथा वाहन सीज कर दिया जायेगा। उप कृषि निदेशक श्री आशीष कुमार ने बताया कि उप्र शासन एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में कृषि विभाग आजमगढ़ द्वारा जनपद में धान की पराली एवं गन्ने की पत्ती तथा कूडा अपशिष्ट को जलाये जाने से रोकने एवं इसका समुचित प्रबन्धन करते हुए इससे कम्पोस्ट खाद तैयार कर अगली फसल में प्रयोग किये जाने हेतु कृषकों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। उन्होने यह भी बताया कि खेत में फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण की क्षति के साथ-साथ मृदा की संरचना को भी नुकसान पहुॅचता है और खेत के मित्र कीट मर जाते है, जिससे फसल की उत्पादकता एवं मानव स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुॅचता है। उप कृषि निदेशक ने कृषकों से अपील किया कि वेस्ट डी-कम्पोजर का प्रयोग कर फसल अवशेष को कम्पोस्ट खाद के रूप में परिवर्तित कर अपने खेतो में प्रयोग करें तथा फसल अवशेष जलाने पर लगने वाले अर्थदण्ड से बचें।

# पाककला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया कमाल



पायनियर संवाददाता। उतरौला (बलरामपुर)

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को पाककला प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया।

यह आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली के दिशा-निर्देशन तथा प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए।

# सरदार पटेल की जयंती पर 13 को होगी पदयात्रा

पायनियर संवाददाता। बलरामपुर



सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती पर 13 नवंबर को सदर विधानसभा में एकता पदयात्रा व जनसभा आयोजित की जाएगी। मंगलवार को सदर विधायक पलटू राम के नेतृत्व में विधायक कार्यालय पर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को पदयात्रा कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

एकता पदयात्रा व जनसभा के सदर विधानसभा प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर विधानसभा बलरामपुर में एकता पदयात्रा ऐतिहासिक होगी। यात्रा में सभी कार्यकर्ताओं को अनुशासित रहते हुए सरदार पटेल के संदेश को जन जन तक पहुंचने का कार्य करना है। पदयात्रा के जिला संयोजक व जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू ने कहा कि एकता पदयात्रा बहादुरापुर स्थित पंचायत भवन से शुभारंभ होगा। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए भगवती आदर्श विद्यालय धर्मपुर खेल मैदान पर जनसभा के बाद समापन किया हो जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान रहेंगे। सदर विधायक पलटू राम ने कहा कि एकता यात्रा में चाउर खाता, श्रीदत्तगंज, गौरा, नगर व देहात मंडल के लोग शामिल होंगे। यात्रा के दौरान गाजे बाजे संग बूथ से लेकर जिले के सभी कार्यकर्ता, युवा, किसान सहित सभी वर्गों के लोग भाग लेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डु, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, ब्लॉक प्रमुख गोविंद सोनकर, यात्रा संयोजक संदीप उपाध्याय, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. प्रांजल त्रिपाठी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, शैलेंद्र सिंह, अपूर्व प्रताप सिंह, अंशुमान शुक्ला, आकाश पांडे, नगर अध्यक्ष आनंद श्रीवास्तव, ओमप्रकाश त्रिगुणायत, शिव प्रताप सिंह, वीरेंद्र पाठक, सुरेश त्रिपाठी, राकेश गुप्ता, अक्षय शुक्ला, अमन बंसल, सौरभ तुलसियान व रजनीश पांडे मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया केंद्र का औचक निरीक्षण, दिये निर्देश





पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जिलाधिकारी डा० राजागणपति आर० ने मंगलवार को जिला उद्योग केंद्र तथा औद्योगिक आस्थान, सीतापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं और उद्यमियों की समस्याओं का जायजा लिया। इस दौरान उद्यमियों ने औद्योगिक क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया और इसके त्वरित समाधान की मांग की।

सेठिया मिल के प्रबंधक श्री सुधीर मेहरोत्रा ने बिजवार रेलवे फाटक पर बने ऊपरी पुल के दोनों ओर सेवा मार्ग को चौड़ा करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सेवा मार्ग और नाली का निरीक्षण किया तथा उत्तर प्रदेश सेतु निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से समस्या के समाधान हेतु जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, औद्योगिक आस्थान सरायं मलुही में सुदृढ़ीकरण का कार्य कर रही संस्था (यू०पी०एस०आई०सी०), कानपुर के अधिशासी अभियंता, पूर्वोत्तर रेलवे के सहायक मंडलीय अभियंता, विद्युत विभाग, सेतु निगम तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, भारतीय उद्योग संघ के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, उद्यमी सुधीर मेहरोत्रा, संजय बंसल तन्मय बंसल, हरीराम अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

> उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देकर औद्योगिक विकास को नई दिशा देना जिला प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य है।
>
> **डा० राजागणपति आर**
> **जिलाधिकारी**

## बिसवां में एक जनपद एक उत्पाद केंद्र का भी किया निरीक्षण

**बिसवां/सीतापुर।** इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बिसवां में एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत स्थापित साझा सुविधा केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहांःउत्पाद प्रदर्शनी केंद्र,साझा प्रसंस्करण केंद्र,कच्चा माल भंडार,रूपरेखा एवं नमूना निर्माण केंद्र का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने केंद्र के अध्यक्ष, सचिव, अन्य सदस्यों एवं निर्यातकों के साथ बैठक कर संचालन की जानकारी प्राप्त की तथा एक जनपद एक उत्पाद सलाहकार को केंद्र के सुचारु संचालन हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, विवेक गुप्ता, रफीक अहमद, शुभम (क्षेत्रीय सलाहकार) सहित केंद्र के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने सिधौली तहसील का किया औचक निरीक्षण, लंबित वाद व सफाई पर सख्त निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने मंगलवार को तहसील सिधौली का अचानक औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने फौजदारी कक्ष, अभिलेखागार, संग्रह अनुभाग समेत विभिन्न पटलों का गहन निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशाद्दनिर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए पुराने व आवश्यक अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि कब्जा संबंधी लंबित वादों का निस्तारण तत्काल और मौके पर जाकर किया जाए, कोई भी मामला अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को नियमित न्यायालय में बैठने के निर्देश दिए ताकि वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो सके। डीएम ने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन कर निर्देश दिया कि जनसुनवाई निरंतर और प्रभावी ढंग से की जाए। साथ ही तहसील परिसर में सफाई व्यवस्था लगातार बनाए रखने के कड़े निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और सभी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित तहसील के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुत्तों को हटाने के आदेश पर उठे सवाल, पशु प्रेमियों में चिंता

**सीतापुर।** 7 नवंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाकर आश्रय गृह भेजने के आदेश के बाद पशु प्रेमियों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि आदेश का उद्देश्य सुरक्षा हो सकता है, लेकिन संसाधन, देखरेख और संवेदनशील कार्ययोजना के अभाव में यह पशु क्रूरता को बढ़ा सकता है। महार्षि विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या शिक्षा दीक्षित ने कहा, ''मेरे विद्यालय परिसर में लंबे समय से देसी कुत्ते रहते हैं, आज तक किसी को नुकसान नहीं पहुँचाया।

बच्चों को दया और पशु प्रेम सिखाया जाना चाहिए, हिंसा नहीं। न्यायालय को अपने आदेश पर पुनर्विचार करना चाहिए गौ सेवा समिति के संस्थापक अमित गौर का मानना है, पकड़ो नसबंदी टीकाकरण वापसी मॉडल सबसे वैज्ञानिक और मानवीय तरीका है। हजारों कुत्तों को आश्रय गृह में रखना बिना तैयारी संभव नहीं। फेथ फाउंडेशन, कमलापुर के ऋषभ शुक्ला ने कहा, 'बिना बजट, निगरानी और आश्रय प्रबंध के यह आदेश पशुओं को कष्ट में डाल सकता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना के दिशा-निर्देशन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता अपर जिला जजध्सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा की गई। इस बैठक में जनपद के समस्त बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 13 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को अधिक से अधिक सफल बनाना रहा। बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों के साथ बैंक रिकवरी वादों के अधिकतम निस्तारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी बैंकों को निर्देश दिए गए कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि आम जन को शीघ्र और सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन वादों को लोक अदालत के लिए चिन्हित किया गया है, उनकी पत्रावलियाँ निर्धारित समय के भीतर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध करा दी जाएं।

# 11वीं वाहिनी पीएसी में हुआ निरीक्षण

❖ दंगा नियंत्रण ड्रिल का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



11वीं वाहिनी पीएसी में मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी लखनऊ अनुभाग, किरीट राठोड़ की अध्यक्षता में सर्वोत्तम वाहिनी निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत परेड ग्राउंड में बैंड प्रदर्शन, स्क्वाड ड्रिल की सटीक फॉर्मेशन एवं भीड़ नियंत्रणध्दंगा नियंत्रण अभ्यास का शानदार डेमोंसट्रेशन प्रस्तुत किया गया।

ड्रिल से पहले जवानों को भीड़ प्रबंधन, दंगा नियंत्रण की रणनीति और सुरक्षा मानकों से अवगत कराया गया। इसके बाद 10 प्रशिक्षित टुकड़ियों द्वारा अनुशासित क्रम में कार्रवाई का अभ्यास दिखाया गया, जिसमें एल.आई.यू. द्वारा भीड़ के उद्देश्य की जानकारी जुटाना, सिविल पुलिस द्वारा संवाद व मध्यस्थता , घुड़सवार दल द्वारा भीड़ को नियंत्रित करना , फायर ब्रिगेड द्वारा जल छिड़काव, अश्रु गैस व लाठी पार्टी की नियंत्रित कार्रवाई, फायरिंग पार्टी व रिजर्व टीम का सामरिक हस्तक्षेप, प्राथमिक चिकित्सा दल द्वारा राहत कार्य, पूरी कार्यवाही की लाइव वीडियोग्राफी आदि शामिल रहा । सभी चरण नियमों का पालन करते हुए संतुलित बल प्रयोग के साथ संपन्न किए गए, जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की। इसके बाद निरीक्षण दल ने वाहिनी परिसर के गोल्फ कोर्स, फायरिंग बट, बैरक व आवासीय परिसर, कैंटीन, स्टोर, परिवहन शाखा, जिम व बैडमिंटन हॉल, प्रशासनिक कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, कंट्रोल रूम, क्वार्टर गार्ड, सीपीसी कैंटीन, सैन्य सहायक कार्यालय आदि का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर चयन समिति के रूप में रवि कुमार द्द सेनानायक, अरुण कुमार द्द उपसेनायक (32वीं वाहिनी), मावेश अख्तर द्द दलनायक (35वीं वाहिनी) सहित सहायक सेनानायक रोहित यादव, सू सैन्य सहायक अरविंद सिंह, राघवेंद्र शिविरपाल एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पांच दिवसीय रेशम उत्पादन प्रशिक्षण शुरू

**सीतापुर।** जनपद के परसेंडी स्थित राजकीय रेशम फार्म में सोमवार से शहतूती रेशम उत्पादन पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 60 किसान प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ रेशम विकास विभाग द्वारा किया गया। मौके पर सहायक निदेशक (रेशम) अमित रघुवंशी ने किसानों को रेशम कीट पालन, तकनीकी संचालन और इससे जुड़ी व्यावसायिक संभावनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेशम उत्पादन किसानों के लिए स्वरोजगार का एक सशक्त साधन बन सकता है। इस दौरान रेशम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार, सहायक रेशम विकास अधिकारी सतीश कुमार और रेशम उत्पादन विशेषज्ञ अमन सिंह ने भी किसानों को रेशम की आधुनिक उत्पादन तकनीक, कीट प्रबंधन, पोषण और बाजार प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# सीतापुर राउंड टेबल 318 और लेडीज सर्कल 176 सेवा की मिसाल

## बच्चों के सपनों को दे रहे नई उड़ान



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

शहर के सामाजिक सेवा क्षेत्र में दो नाम लगातार प्रेरणा बनकर उभर रहे हैं कृ सीतापुर राउंड टेबल 318 और सीतापुर लेडीज सर्कल 176। शिक्षा, स्वास्थ्य और बाल विकास की दिशा में इन संस्थाओं द्वारा किए जा रहे कार्य न केवल सराहनीय हैं, बल्कि समाज में एक नई राह भी दिखा रहे हैं।

संस्था के अध्यक्ष पुलकित सिंघानिया और अध्यक्षा सर्क. आस्था अग्रवाल के मार्गदर्शन में, बीते वर्षों में कई ऐसे कार्य हुए हैं जिन्होंने जरूरतमंद बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, आंखों में सपनों की चमक इसी सेवाभाव की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज संस्था द्वारा बच्चों को लेखन-सामग्रीस्टेशनरी वितरित की गई। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन और प्रेरणा के लिए चर्चित फिल्म ''बाहुबली द एपिक' दिखाई गई, जिसे बच्चों ने उत्साह और तालियों के साथ देखा।

### कम्प्यूटर सेट्स की उपलब्धता

लगभग 150 बच्चों के लिए फिल्म प्रदर्शन कार्यक्रम जैसे सार्थक प्रयास शामिल हैं।

- बच्चों के लिए शिक्षा से लेकर सुरक्षा तक ठोस कदम
- संस्था द्वारा अब तक किए गए प्रमुख कार्यों में-
- बच्चों के लिए 8 नई कक्षाओं का निर्माण
- सुरक्षा जागरूकता हेतु ''अच्छा स्पर्श बुरा स्पर्श'' कार्यक्रम
- शुद्ध जल के लिए जल शोधक यंत्र की स्थापना
- खेल को बढ़ावा देने हेतु झूले और खेल सामग्री की व्यवस्था
- चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन
- बच्चों को उपहार और सामग्री वितरण
- निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व चश्मा वितरण
- शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान

### अब खेल के मैदान में होगी नई ऊर्जा

संस्था ने बताया कि 13 नवंबर को एक भव्य खेल प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और खेल कौशल को बढ़ाना है।

### पर्यावरण की दिशा में भी बढ़ा कदम

भविष्य की योजनाओं में विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने का संकल्प लिया गया है, जिससे बिजली की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सकेगा।सीतापुर राउंड टेबल 318 और सीतापुर लेडीज सर्कल 176 का यह अभियान केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन की गाथा है। इनके प्रयास यह संदेश देते हैं कि यदि इरादे मजबूत हों, तो हर बच्चे के भविष्य में नई रोशनी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में मानद सदस्य आशीष सिंघानिया, डॉ. हर्षित रस्तोगी, हिमांक दोदेजा, कोमल सिंघानिया एवं दीपिका रस्तोगी मौजूद रहे। सभी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

राष्ट्रवादी चिंतन के प्रखर स्तंभ, श्रमिकद्दकिसान आंदोलन के प्रेरणास्रोत और भारतीय दर्शन के वाहक दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की जयंती पर स्वदेशी जागरण मंच, सीतापुर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ठेंगड़ी जी के राष्ट्र, श्रम और स्वदेशी आधारित विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें सादर नमन किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि भारत भूमि ने अनेक राष्ट्र-ऋषि दिए, जिनमें ठेंगड़ी जी का योगदान अद्वितीय है। उन्होंने पश्चिमी पूंजीवाद और कम्युनिज्म के विकल्प के रूप में भारतीय मार्ग प्रस्तुत किया, जो श्रम, संस्कार और राष्ट्रीय चेतना पर आधारित है। वे भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच जैसे संगठनों के संस्थापक थे, जिन्होंने श्रमिक और किसान शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि ठेंगड़ी जी के अनुसार राष्ट्र केवल भूखंड नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने संगठित श्रम को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया और स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत की नींव माना। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संयोजक मुकेश अग्रवाल, जिला सह संयोजक अंकित अग्रवाल, भगवती गुप्ता, जिला महिला प्रमुख मोनिका आनंद, जिला सह महिला प्रमुख अर्पण जायसवाल, जिला विचार विभाग प्रमुख मोहित शुक्ल, जिला कोष प्रमुख अमित श्रीवास्तव, जिला प्रचार प्रमुख रामकुमार शुक्ल, जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख सरवन बंसल, जिला संपर्क प्रमुख सुरेश भारती, जिला सह संपर्क प्रमुख गोल्डी शुक्ल, जिला समन्वयक मुकेश अग्रवाल, सह समन्वयक प्रतीक अग्रवाल, हेमांग दौड़ेजा, राकेश यादव, राकेश शास्त्री सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभाव से ओतप्रोत नारे के साथ हुआ मेरी संस्कृति मेरा देश३ मेरा अभिमान सभी ने सामूहिक रूप से ठेंगड़ी जी के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया।

# तंबौर थाना प्रभारी की अनोखी पहल 'संवाद' से किसानों और छात्रों में जागी नई चेतना



पायानियर संवाददाता। तंबौर (सीतापुर)

किसानों और छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से तंबौर थाना प्रभारी ब्रजेश राय द्वारा 'संवाद' कार्यक्रम का आयोजन केपीएस महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान, किसान तथा विद्यालयों के छात्रझ्छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।थाना प्रभारी ब्रजेश राय ने किसानों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि पराली जलाने से भूमि की उर्वरता घटती है और मिट्टी के लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए इसे गंभीरता से निभाने का आग्रह किया।

कृषि विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक विधियों से पराली प्रबंधन और वैकल्पिक उपयोग की जानकारी साझा की। साथ ही, छात्रों को कृषि शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम में साइबर ठगी से बचाव को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी गई और डिजिटल सतर्कता अपनाने की सलाह दी गई।मुख्य अतिथि एसडीएम लहरपुर आकांक्षा गौतम ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए किसानों से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में एसडीएम और थाना प्रभारी ने किसानों और छात्राओं को बीज एवं पौधे वितरित किए।इस अवसर पर अनुपम वर्मा, जय कुमार वर्मा, राजकिशोर कनौजिया, अमित सिंह, नबी अहमद, सर्वेश तिवारी, शुभम भटनागर, मो. फारूक सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

# सीएचसी के डॉक्टर की संवेदनहीनता पर भड़का जनमानस, उठे गंभीर सवाल



पायनियर संवाददाता। हरगांव (सीतापुर)

एक ओर जिलाधिकारी राजा गणपति आर. रातझ्दिन जनता की पीड़ा सुनने और प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर सीएचसी हरगांव में तैनात एक चिकित्सक की असंवेदनशीलता ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

रविवार रात आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डॉ. राजीव राठौर के सामने जब ग्राम रीक्षिन निवासी ध्यानचंद्र मिश्रा का शव अस्पताल लाया गया और परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, तब अस्पताल परिसर चीख-पुकार, मातम और जांच की हलचल से गूंज रहा था। थाना प्रभारी बलवंत शाही भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे। क्षेत्राधिकारी नेहा त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच चुकी थीं। इसी दौरान ग्राम भीखपुर निवासी राहुल कुमार का शव भी सड़क हादसे के बाद अस्पताल लाया गया।परिजन गम में डूबे थे, पुलिस जांच कर रही थी, लेकिन डॉ. राजीव राठौर कुर्सी पर पैर फैलाए, मोबाइल में व्यस्त दिखाई दिए। न संवेदनशील माहौल की चिंता, न कर्तव्यबोध का अहसास। मौजूद लोगों के अनुसार यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का अपमान था।आक्रोशित स्थानीय लोगों ने कहा कि जब डीएम खुद रात में जनसमस्या सुनते हुए व्यवस्थाएं सुधार रहे हैं, तब एक जिम्मेदार डॉक्टर का निर्दयी और गैर-जिम्मेदार रवैया पूरे स्वास्थ्य विभाग को शर्मसार करता है।घटना से नागरिकों में भारी रोष है। लोगों ने जिला प्रशासन से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी डॉक्टर की संवेदनहीनता से मानवता फिर शर्मिंदा न हो।जनता का सवाल सीधा है – क्या यही है स्वास्थ्य सेवा का मानवीय चेहरा?

# पटेल की 150वीं जयंती पर निकली भव्य एकता पदयात्रा



पायनियर संवाददाता। सीतापुर

देश के प्रथम गृहमंत्री एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर हरगांव विधानसभा क्षेत्र में भव्य एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया।

यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय, प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री व हरगांव विधायक सुरेश राही, जिला प्रभारी नीरज सिंह और जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि ''आज पूरा देश सरदार पटेल को श्रद्धांजलि दे रहा है। भारतीय जनता पार्टी महापुरुषों की सांस्कृतिक विरासत को सम्मान के साथ आगे बढ़ा रही है।'' वहीं जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महापुरुषों के सम्मान और उनके आदर्शों पर चलते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का अभियान निरंतर जारी है। प्रदेश के कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि 'एकता पदयात्रा प्रदेश की हर विधानसभा में आयोजित हो रही है।

### परिवहन कार्यालय में एआरटीओ की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# अव्यवस्था देख भड़के सर्वेश चतुर्वेदी

पायनियर संवाददाता। सीतापुर



खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय के बाहर फैली अव्यवस्था पर एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी का पारा चढ़ गया। मंगलवार को उन्होंने स्थानीय पुलिस बल के साथ अचानक छापेमारी की और कार्यालय के आसपास मौजूद दुकानों, अनधिकृत भीड़ और संदिग्ध गतिविधियों का मौके पर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परिसर में फैली गंदगी, अवैध निर्माण और बेवजह मंडरा रहे लोगों को देखकर एआरटीओ ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। पुलिस की मौजूदगी में उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यहां किसी भी अवैध गतिविधि या निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिवहन विभाग पूरी तरह ऑनलाइन है, किसी को कार्यालय के बाहर दलाली या अनावश्यक भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है एआरटीओ ने एक-एक दुकान पर जाकर जांच की और साफ निर्देश दिए कि निर्धारित शुल्क से एक रुपया भी ज्यादा वसूला गया तो संबंधित व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

उन्होंने दो टूक कहा अगर अतिरिक्त शुल्क वसूली की शिकायत मिली, तो दुकान बंद कराकर कानूनी कार्रवाई होगी। उन्होंने आदेश जारी करते हुए कहा कि केवल वास्तविक आवेदक ही निर्धारित काउंटर पर जाकर काम कराएंगे कार्यालय में अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा ,दलालों, बिचौलियों और अनावश्यक भीड़ पर तत्काल नियंत्रण किया जाएगा । एआरटीओ चतुर्वेदी ने विभागीय कर्मचारियों को भी कड़े शब्दों में चेतावनी दी भ्रष्टाचार या लापरवाही की शिकायत मिली तो तत्काल निलंबन तय है। अचानक हुई इस सख्त कार्रवाई से पूरे कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग मौके से चुपचाप खिसकते नजर आए, जबकि दुकानदारों और कर्मचारियों में हलचल बनी रही।

# असहनीय प्रदूषण

## दिल्ली में सांस लेना दूभर

इससे बाहरी लोगों को झटका लग सकता है, लेकिन दिल्लीवासियों के लिए यह एक वार्षिक पुनरावृत्ति है। हवा धुंध से घनी है, और इसमें सांस लेना एक दैनिक पीड़ा है। जिसे कई देशों में चिकित्सा आपातकाल घोषित किया जाएगा, वह दिल्ली में 'नया सामान्य' बन गया है। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 600 को पार करने के साथ, एक स्तर जिसे गंभीर के रूप में वर्गीकृत किया गया है , शहर एक गैस चैंबर में बदल गया है जहां हर सांस जहर पीने जैसा महसूस होता है। धुंध, दोषारोपण और चुप्पी का वार्षिक चक्र वापस आ गया है

लेकिन इस साल कुछ अलग है. दिल्लीवासियों ने अब और नहीं लेने का फैसला किया है। बदलाव के लिए वे बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. वे अब मूक दर्शक नहीं हैं। सप्ताहांत में, सैकड़ों लोग इंडिया गेट पर एकत्र हुए और सत्ता में मौजूद लोगों से तत्काल कार्रवाई और जवाबदेही की मांग की। संबंधित नागरिकों के नेतृत्व में और एक आप नेता द्वारा शामिल किया गया विरोध प्रदर्शन, राजनीतिक दिखावा का प्रदर्शन नहीं था बल्कि हताशा की अभिव्यक्ति थी। निवासियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं, मास्क पहनकर खांस रहे थे और गुस्से और पीड़ा के मिश्रण के साथ बात कर रहे थे।

उनका संदेश सरल लेकिन शक्तिशाली था: संकट को नकारना बंद करो और कार्य करना शुरू करो। जैसा कि एक प्रदर्शनकारी ने संक्षेप में कहा, ₹चाहे सरकार किसी की भी हो, आम लोग मर रहे हैं। यह भावना दिल्ली की त्रासदी के सार को दर्शाती है, एक राजनीतिक दोषारोपण का खेल जिसने खतरनाक जड़ता को जन्म दिया है। एक दशक से अधिक समय से, दिल्ली का प्रदूषण संकट साल-दर-साल बदतर होता जा रहा है - धुंध से भरा आसमान, आपातकालीन बैठकें, और पानी का छिड़काव, सम-विषम यातायात योजना, या क्लाउड सीडिंग जैसे असफल प्रयोग। दिल्ली को स्थायी समाधान की जरूरत है, दिखावटी समाधान की नहीं।

मूल कारण, अनियंत्रित निर्माण धूल, वाहन उत्सर्जन, पराली जलाना, और खराब अपशिष्ट प्रबंधन - बड़े पैमाने पर अनदेखे हैं। इस बीच, डेटा हेरफेर और इनकार केवल नागरिकों और राज्य के बीच अविश्वास को गहरा करता है। इसकी तुलना वैश्विक उदाहरणों से करें। बीजिंग, जो कभी अपने प्रदूषण के लिए बदनाम था, ने औद्योगिक स्थानांतरण, सख्त वाहन-उत्सर्जन मानदंडों और बड़े पैमाने पर सार्वजनिक परिवहन सुधार को मिलाकर एक व्यापक स्वच्छ-वायु नीति लागू की। पांच वर्षों के भीतर, इसका पीएम2.5 स्तर लगभग 50 प्रतिशत गिर गया। लंदन में, अल्ट्रा-लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) की शुरूआत और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन से वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार हुआ।

यहां तक कि लॉस एंजिल्स, जो कभी स्मॉग का पर्याय था, स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन और नागरिक जवाबदेही में निरंतर निवेश के माध्यम से सफल हुआ। दिल्ली को ऐसी ही राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है- घड़ियाली आंसुओं की नहीं। इसके लिए एक एकीकृत क्षेत्रीय रणनीति की आवश्यकता है जो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश को एक ही स्वच्छ वायु मिशन के तहत एक साथ लाए। एक दीर्घकालिक योजना में पराली जलाने पर अंकुश लगाने के लिए शहरी नियोजन, हरित आवरण बहाली, नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन और कृषि सुधार पर ध्यान देना चाहिए।

प्रौद्योगिकी मदद कर सकती है, लेकिन पारदर्शिता और प्रवर्तन आवश्यक है। नागरिक भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन न केवल राजनेताओं के लिए बल्कि नागरिकों के लिए भी एक चेतावनी के रूप में काम करना चाहिए। स्वच्छ हवा कोई विशेषाधिकार नहीं है, यह एक मौलिक अधिकार है, और दिल्ली को यह अवश्य मिलना चाहिए।

# भारत की चेतना का शाश्वत उद्घोष

**वंदे मातरम् भारत की आत्मा का अनन्त स्वर है। जब यह गीत गूँजता है, तो केवल शब्द नहीं गूँजते; भारत की नदियाँ गूँजती हैं, भारत के पर्वत गूँजते हैं, भारत की हवाएँ गूँजती हैं, भारत की मिट्टी गूँजती है। यह गीत हमारे भीतर वह स्मृति जगाता है कि हम उस भूमि के पुत्र हैं जिसे वेदों ने जननी कहा।**

**डॉ. प्रभांशु ओझा**
सहायक प्रोफेसर,
हंसराज कालेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय






पूरा भारत राष्ट्रगीत के 150 वर्षों की यात्रा का स्मरण कर रहा है, जिसने न केवल देश के स्वतंत्रता संग्राम को दिशा दी, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा में सुप्त पड़ी हुई शक्ति को पुनः जगाया। हम किसी साधारण गीत की चर्चा नहीं कर रहे; हम एक ऐसे मंत्र, एक ऐसे स्तोत्र, एक ऐसे सांस्कृतिक-दार्शनिक प्रकाश-स्तंभ के बारे में बात कर रहे हैं, जिसका नाम है—वंदे मातरम्। यह गीत न केवल हमारे राष्ट्र का हृदय है, बल्कि भारतीय विचार-परंपरा का एक संपूर्ण ग्रंथ है, जिसे शब्दों में नहीं, बल्कि चेतना में पढ़ा जाता है। वंदे मातरम् का आरंभ दो शब्दों से होता है—परंतु यह गीत दो शब्दों तक सीमित नहीं। यह भारत के प्रकृति-दर्शन, शक्तिवाद, उपनिषदिक अद्वैत, तांत्रिक ऊर्जा, भक्तिकाल की माधुर्यता, आधुनिक राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक एकता—सभी को एक ही गीत में समाहित करता है। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने इसे केवल साहित्यिक सज्जा के लिए नहीं लिखा; उन्होंने भारतीय आत्मा को पुकारा, उसे उसका असली रूप दिखाया, उसे जगाया, उसे स्वयं के प्रति जागरूक किया।

जब 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भारत अंग्रेजी शासन की राजनीतिक कठोरता और सांस्कृतिक तिरस्कार का सामना कर रहा था, तब भारतीय समाज अपनी ही पहचान से विमुख हो रहा था। पश्चिमी सत्ता न केवल शरीर पर शासन कर रही थी, बल्कि मन पर आक्रमण कर रही थी। वेदों को मिथक बताया गया, उपनिषदों को दुष्प्रचार कहा गया, पुराणों को अंधविश्वास घोषित किया गया, और भारतीय मनोविज्ञान को पिछड़ेपन का प्रमाण बताया गया। ऐसे समय में एक गीत, एक आवाज़, एक पुकार—भारत को उसकी जड़, उसकी आत्मा और उसकी पहचान से पुनः जोड़ने के लिए आवश्यक थी। यह पुकार वंदे मातरम् के रूप में आई।

आनंदमठ में यह गीत केवल उपन्यास का हिस्सा नहीं है; वह उपन्यास का हृदय है। उसके बिना आनंदमठ अधूरा है, जैसे भारत बिना मातृभूमि के भाव के अधूरा होता। वंदे मातरम् तीन स्तरों पर भारतीय चेतना को सम्बोधित करता है—सांस्कृतिक, दार्शनिक और राजनीतिक। सांस्कृतिक रूप में यह गीत मातृभूमि को देवी का स्वरूप देता है—लेकिन यह देवी किसी संप्रदाय की नहीं, बल्कि स्मृति, करुणा, सृजन, ऊर्जा और नैतिकता की देवी है। दार्शनिक रूप में वंदे मातरम् कहता है कि भूमि मात्र भूगोल नहीं है; वह चेतना है, ब्रह्म का भू-स्वरूप है, वह वह शक्ति है जिससे मानव का अस्तित्व पोषित होता है। और राजनीतिक रूप में, यह गीत स्वाधीनता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि धर्म बताता है—क्योंकि धर्म वही है जो सत्य, न्याय और कर्तव्य की रक्षा करे।

जब गीत की पहली पंक्ति गूँजती है—'सुजलाम सुफलाम मलयज-शीतलाम..'—तो भारतभूमि का एक जीवंत, शस्य-श्यामल, सुगंधित और पूर्ण जीवन-ऊर्जा से भरा हुआ चित्र उभरता है। यह वह भारत है जो नदियों की धारा में बहता है, जो खेतों की हरियाली में मुस्कराता है, जो हवा की शीतलता में नृत्य करता है। यह गीत हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र केवल राजनीतिक नक्शा नहीं होता, वह उसकी प्रकृति, उसकी नदियों, उसके पर्वतों, उसके पेड़ों, उसकी मिट्टी, उसकी हवा और उसकी फसलों से बनता है। वंदे मातरम् का यह प्रकृति-दर्शन आधुनिक पर्यावरण शास्त्र से कहीं अधिक व्यापक है; यह प्रकृति को माता के रूप में देखता है, और माता के रूप में देखी गई प्रकृति के साथ उत्पन्न होने वाला भाव केवल संरक्षण का नहीं, बल्कि भक्ति का होता है। गीत की अगली पंक्तियाँ इस प्रकृति को शक्ति में रूपांतरित करती हैं—'त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणा।' यहाँ मातृभूमि दुर्गा है—युद्ध की देवी नहीं, बल्कि साहस की देवी, नैतिक संकल्प की देवी, अन्याय के प्रतिरोध की देवी, भूमि की रक्षा की देवी। यह दुर्गा किसी मंदिर की देवी नहीं, यह विचार की देवी है, चेतना की देवी है। और जब वंदे मातरम् मातृभूमि को दुर्गा कहता है, तब वह भारत को एक निराक्रिय राष्ट्र नहीं, बल्कि एक जाग्रत, सतर्क, सशक्त और संकल्पवान राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करता है। और जब गीत कहता है—'त्वं हि कमला कमलदल-विहारिणी'—तब मातृभूमि लक्ष्मी का रूप धारण करती है—समृद्धि की देवी, सौंदर्य की देवी, जीवन की सुगंध की देवी। इस गीत में शक्ति और समृद्धि, कठोरता और कोमलता, धैर्य और पराक्रम—दोनों एक साथ हैं। यही कारण है कि वंदे मातरम् केवल राष्ट्रवाद नहीं, समग्र भारतीय संस्कृति की जीवंत प्रस्तुति है।

गीत का दूसरा भाग और भी अधिक भावनात्मक और दार्शनिक है। यहाँ कवि केवल भूमि का वर्णन नहीं करता, बल्कि उसमें अपने मन को समर्पित करता है—'विन्ध्य-हिमाचल-यमुनागंगायाः उच्छल-जलधि-तरंगिण्याः।' इस वर्णन में भूगोल ही नहीं, भाव भी है—भारत के प्रत्येक पर्वत, प्रत्येक नदी, प्रत्येक पवन, प्रत्येक धारा में मातृभाव बहता है। यही कारण है कि वंदे मातरम् हमें केवल एक क्षेत्र से नहीं जोड़ता; वह हमें पूरे भारत से जोड़ता है—कश्मीर से कन्याकुमारी तक, गुजरात से अरुणाचल तक, हिमालय से हिंद महासागर तक।

और आज जब हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के उस कथन को स्मरण करते हैं—कि 'वंदे मातरम् का एक-एक शब्द मां को समर्पित है, और मां कभी सांप्रदायिक नहीं हो सकती'—तो यह सत्य हमें भीतर तक छूता है। मातृत्व किसी धर्म से बंधा नहीं होता; वह मनुष्यता का शाश्वत मूल है। मातृभूमि किसी एक जाति, समुदाय या संप्रदाय की नहीं हो सकती। जब भूमि को माता कहा गया, तब भारत ने अपनी राष्ट्रीय पहचान को संकीर्णता से ऊपर उठाकर सार्वभौमिक प्रेम के रूप में स्थापित किया। वंदे मातरम् की आध्यात्मिक गहराई को समझने के लिए हमें उसे मनोविज्ञान, सौंदर्यशास्त्र और दार्शनिक प्रतीकवाद के माध्यम से भी पढ़ना होगा। भारतीय संस्कृति में 'माता' एक मूल-आद्य-प्रतीक है। युंग के मनोविज्ञान में इसे 'आर्केटाइप' कहा गया है—एक ऐसा गहरा प्रतीक जिसे हर मनुष्य अपने अवचेतन में धारण करता है। माता सुरक्षा का रूप है, करुणा का रूप है, पोषण का रूप है, जीवन का आधार है। जब राष्ट्र को माता कहा जाता है, तब राष्ट्र के प्रति संबंध राजनीतिक नहीं रहता—भावात्मक, आध्यात्मिक और पारिवारिक हो जाता है। यही वंदे मातरम् की सबसे बड़ी शक्ति है—वह राष्ट्र को राज्य नहीं, बल्कि माता बनाता है।

स्वतंत्रता संग्राम में वंदे मातरम् केवल गीत नहीं था; वह मनोबल था, वह प्रतिरोध था, वह सामूहिक चेतना का उठ खड़ा होना था। सड़कों पर लाठियाँ चल रही थीं, जेलों के फाटक बंद हो रहे थे, लेकिन आंदोलनकारी बिना भय के गाते थे—वंदे मातरम्। यह गीत उनके मन में निर्भयता का संचार करता था, क्योंकि मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव मनुष्य को मृत्यु से भी ऊपर उठा देता है। यह वह भाव था जिसमें बलिदान भी भक्ति बन गया था। वंदे मातरम् की साहित्यिक संरचना उसकी दार्शनिक गहराई के समान ही अद्भुत है। संस्कृत के शब्द, बांग्ला की ध्वनियाँ, छंद की लय, और प्रतीकों की सुव्यवस्थित संरचना—ये सभी मिलकर इस गीत को केवल कविता नहीं रहने देतीं; यह मंत्र बन जाता है। 'सुजलाम सुफलाम'—इन ध्वनियों में पृथ्वी की नमी है, फसलों की सुगंध है, नदी की ध्वनि है। 'मलयज-शीतलाम'—इस ध्वनि में पर्वत की हवा का स्पर्श है। 'विन्ध्य-हिमाचल'—इसमें भूगोल की विराटता है। 'दशप्रहरणा'—इसमें शक्ति की दीप्ति है। 'कमलदल-विहारिणी'—इसमें कोमलता की शीतलता है। इस प्रकार वंदे मातरम् शब्दों का नहीं, ध्वनियों का भी दर्शन है।

आज जब हम आधुनिक भारत में इस गीत की प्रासंगिकता की चर्चा करते हैं, तो हमें यह देखना होता है कि यह गीत किस भावना को पुनर्स्थापित करता है। यह हमें बताता है कि राष्ट्र केवल सरकार नहीं, राष्ट्र केवल संस्थान नहीं, राष्ट्र केवल संविधान नहीं—इन सबसे ऊपर राष्ट्र चेतना है, राष्ट्र भावना है, राष्ट्र सर्वात्मा है। यह चेतना तभी जीवित रहती है जब उस भूमि के प्रति भक्ति का भाव जीवित रहे। वंदे मातरम् वही भक्ति है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सही कहा कि यह गीत सांप्रदायिक नहीं हो सकता, क्योंकि माता सांप्रदायिक नहीं होती। मातृभूमि का अर्थ ही समावेशिता है। जिसकी गोद में हम सब समान रूप से पलते हैं, जिसका अन्न सबको समान शक्ति देता है, जिसकी हवा सबको समान जीवन देती है, वह माता किसी प्रकार की विभाजन रेखा को स्वीकार ही नहीं करती। वंदे मातरम् इसी अखंडता का गीत है।

डीयू कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह द्वारा इस गीत पर वर्षभर कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। यह संस्कृति, शिक्षा और युवा चेतना तीनों को जोड़ने वाला सेतु है। यह नई पीढ़ी को बताएगा कि वंदे मातरम् केवल स्वतंत्रता आंदोलन का गीत नहीं, बल्कि सभ्यता का गीत है, संस्कृति का गीत है, चेतना का गीत है। यह गीत इतिहास में बंद नहीं है; यह वर्तमान का प्राण है और भविष्य का मार्गदर्शन है। वंदे मातरम् हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण केवल शब्दों में नहीं होता—वह कर्म में होता है, कर्तव्य में होता है, श्रम में होता है, त्याग में होता है। 'मदर इंडिया' का भाव कोई राजनीतिक वाक्य नहीं; यह सांस्कृतिक सत्य है कि भूमि हमारी जननी है। उसके प्रति हमारा प्रेम ही हमारा राष्ट्रधर्म है। और यही राष्ट्रधर्म व्यक्ति को बड़ा बनाता है, समाज को सुदृढ़ बनाता है और देश को समृद्ध बनाता है।

वंदे मातरम् भारत की आत्मा का अनन्त स्वर है। जब यह गीत गूँजता है, तो केवल शब्द नहीं गूँजते; भारत की नदियाँ गूँजती हैं, भारत के पर्वत गूँजते हैं, भारत की हवाएँ गूँजती हैं, भारत की मिट्टी गूँजती है। यह गीत हमारे भीतर वह स्मृति जगाता है कि हम उस भूमि के पुत्र हैं जिसे वेदों ने जननी कहा, जिसे उपनिषदों ने ब्रह्म का रूप कहा, जिसे महाकाव्यों ने धर्म का आधार कहा और जिसे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने लहू से पवित्र किया।

वंदे मातरम् कहने का अर्थ केवल मातृभूमि को प्रणाम करना नहीं, बल्कि स्वयं को पहचानना है। अपने धर्म को पहचानना है। अपनी संस्कृति को पहचानना है। अपने राष्ट्र-कर्तव्य को पहचानना है। जब तक भारत रहेगा, जब तक यहाँ एक भी नागरिक इस भूमि के प्रति प्रेम रखता रहेगा, तब तक वंदे मातरम् केवल गीत नहीं रहेगा—वह भारत की चेतना का शाश्वत उद्घोष रहेगा। वंदे मातरम्।

# आधुनिक शिक्षा में नालंदा की विरासत

**नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला जैसे प्रसिद्ध केंद्र एशिया भर के विद्वानों के लिए चुंबक बन गए, जिन्होंने एक समग्र शैक्षिक मॉडल का प्रतीक बनाया जिसने अनुशासन, नैतिक विकास और बौद्धिक जांच पर जोर दिया।**

**बीके झा**
लेखक, वरिष्ठ
पत्रकार हैं।



भारत में मठवासी शिक्षा की जड़ें प्राचीन धार्मिक और दार्शनिक परंपराओं से जुड़ी हैं, खासकर बौद्ध धर्म के भीतर। 5वीं शताब्दी ईसा पूर्व से, बौद्ध मठ, या विहार, शिक्षा के संरचित केंद्र के रूप में उभरे। प्रारंभ में ध्यान और बुद्ध की शिक्षाओं के अध्ययन के लिए मौसमी अवकाश, वे धर्मग्रंथों, नैतिकता, तर्क और दर्शन में व्यवस्थित शिक्षा प्रदान करने वाले स्थायी संस्थानों में विकसित हुए।

नालंदा, विक्रमशिला और तक्षशिला जैसे प्रसिद्ध केंद्र एशिया भर के विद्वानों के लिए चुंबक बन गए, जिन्होंने एक समग्र शैक्षिक मॉडल का प्रतीक बनाया जिसने अनुशासन, नैतिक विकास और बौद्धिक जांच पर जोर दिया। इस विरासत ने बौद्ध दर्शन की रक्षा की और आजीवन, मूल्य-आधारित शिक्षा के शुरूआती मॉडल स्थापित किए जो आज भी आधुनिक शिक्षाशास्त्र के लिए प्रासंगिक हैं।

नालंदा इस प्रणाली की सबसे परिष्कृत अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। जबकि पहले के मठ बड़े पैमाने पर आध्यात्मिक विकास पर ध्यान केंद्रित करते थे, नालंदा महाविहार (5वीं-12वीं शताब्दी सीई) आवासीय सुविधाओं और एक संरचित पाठ्यक्रम के साथ एक विशाल, संगठित विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ। इसने बौद्ध दर्शन को धर्मनिरपेक्ष ज्ञान के साथ एकीकृत किया - व्याकरण, चिकित्सा, खगोल विज्ञान, गणित और कला की शिक्षा दी। इसके बहु-विषयक और समावेशी दृष्टिकोण ने बहस, व्याख्यान और टिप्पणियों को प्रोत्साहित किया, जिससे चीन, कोरिया, तिब्बत और दक्षिण पूर्व एशिया के छात्र आकर्षित हुए। एक आध्यात्मिक केंद्र से अधिक, नालंदा ने आस्था और तर्क के मिलन को मूर्त रूप दिया, शिक्षा को सांप्रदायिक शिक्षा के बजाय सार्वभौमिक ज्ञान की खोज के रूप में देखा।



इस भावना में, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) ने भारतीय हिमालयी नालंदा बौद्ध परंपरा परिषद (आईएचसीएनबीटी) के साथ साझेदारी में, पूरे भारत में मठवासी शिक्षा को आधुनिक बनाने और औपचारिक रूप से मान्यता देने के लिए एक अग्रणी पहल शुरू की है। परंपरागत रूप से भोटी में संचालित यह शिक्षा बौद्ध ज्ञान और भारतीय साहित्यिक विरासत का एक समृद्ध भंडार संरक्षित करती है। मेघदूत, काव्यदर्शन, अमरकोश और रामायण जैसे संस्कृत क्लासिक्स के साथ-साथ नागार्जुन, वसुबंधु और धर्मकीर्ति जैसे विद्वानों के काम इसकी बौद्धिक गहराई की गवाही देते हैं।

प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों को कवर करते हुए, कार्यक्रम पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शैक्षिक ढांचे के साथ जोड़ता है। एनआईओएस में निदेशक (शिक्षाविद) राजीव कुमार सिंह इसे ₹प्राचीन ज्ञान और आधुनिक अवसर के बीच एक पुल₹ कहते हैं, इस बात पर जोर देते हुए कि लक्ष्य बौद्ध धर्म को धर्मनिरपेक्ष बनाना नहीं है, बल्कि शिक्षार्थियों को सशक्त बनाना है और यह सुनिश्चित करना है कि उनके ज्ञान को आधुनिक समाज में सार्थक रूप से संलग्न करते हुए समान सम्मान मिले।

आईएचसीएनबीटी, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और उत्तरी बंगाल में बौद्ध समुदायों का प्रतिनिधित्व करता है, इस प्रयास को संस्थागत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके महासचिव मलिंग गोम्बू के लिए, यह पहल शैक्षिक और देशभक्ति दोनों है - मठ संस्थानों की भारतीय पहचान को मजबूत करना और यह सुनिश्चित करना कि मठ भारतीय सभ्यता में निहित शिक्षा के जीवंत केंद्र बने रहें।

आज, हिमालय भर में लगभग 132 मठों को एनआईओएस द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसमें लगभग 10,000 शिक्षार्थियों का नामांकन हुआ है। राष्ट्रीय ढांचे में मठवासी शिक्षा का यह ऐतिहासिक एकीकरण केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं है - यह एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण है। बोध दर्शन पहल सदियों पुरानी हिमालयी शिक्षा को प्रतिष्ठित करती है, बौद्ध विचार के आध्यात्मिक और बौद्धिक उद्गम स्थल के रूप में भारत की स्थिति की पुष्टि करती है।

## आप की बात

### सितारों के सितारे गर्दिश में

हालांकि सबकुछ इंसान के हाथ में नहीं होता है. वो सिर्फ बीमारी की दवा कर/करा सकता है, फिर चाहे वो राजा हो या रंक। उम्र और बीमारी पर उसका वश नहीं होता. जन्म/मृत्यु प्रकृति के नियम हैं. यूं की मानवों व प्राकृतिक जीवों की सामान्य/असामान्य जन्म/मृत्यु होती चली आ रही है और जब तक प्रकृति है उसमें निरंतरता बनी ही रहेगी। लेकिन कभी-कभी सोचने में आ जाता है जब कुछ लगातार बुरा/भला होने लगता है। अब देखिये न इन दिनों कुछ सिने सितारों के सितारे गर्दिश में ही नजर आ रहे हैं। पहले लम्बे समय से बीमार नायिका/गायिका सुलक्षणा पंडित का निधन हो गया। ईश्वर उन सभी को शीघ्र स्वस्थ करे जो बीमारी की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए हैं। अपने जमाने के जाने-माने और उम्रदार अभिनेता प्रेम चौपड़ा और धर्मेंद्र मुंबई की विभिन्न अस्पतालों में भर्ती है और इलाज करवा रहे हैं. जिनके प्रशंसक उनके शीघ्र स्वास्थ लाभ के लिए दुआएं मांग रहे हैं। इस दौरान बड़े ही दुःख की बात है कि बिना प्रमाणिकीय खबर के सोशल मीडिया में उतावले यूजर्स कुछ भी मैटर्स डाल देते हैं और सामान्य लोग ही नहीं बल्कि प्रतिष्ठित लोग भी उस खबर को सही मानकर श्रद्धांजलि तक दे देते हैं और बाद में डिलीट भी करते हैं. जैसा कि इलाज करवा रहे धर्मेंद्र के निधन की खबर लोगों ने बिना प्रमाण के प्रसारित कर दी और लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि तक दे दी।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### विवाह पंजीयन अनिवार्यता

देवउठनी एकादशी के साथ ही देशभर में विवाहों का शुभ समय प्रारंभ हो गया है। इसी अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार ने विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं। योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की यह पहल न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और कानूनी रूप से भी अत्यंत सराहनीय कदम है। इस योजना का उद्देश्य प्रत्येक विवाह को विधिवत पंजीकृत कर दंपत्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की कानूनी जटिलताओं से मुक्त रखना है। मध्य प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम 2008 के अनुसार, राज्य में भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि, परंपरा या रूढ़ि के अंतर्गत संपन्न विवाह का पंजीकरण किया जा सकता है। लेकिन अभी तक कई विवाह बिना पंजीयन के रह जाते हैं, जिससे विशेषकर महिलाओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु, संपत्ति के स्वत्व, बीमा या अन्य कानूनी अधिकारों के मामलों में विवाह प्रमाणपत्र का अभाव गंभीर अड़चन बन जाता है। अतः इस पंजीयन प्रक्रिया से महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। राज्य सरकार ने इस दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना और अन्य सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में विवाह स्थल पर ही विवाह प्रमाणपत्र देने का प्रावधान किया गया है।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### वंदे मातरम् अनिवार्य हो

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने यहां के सभी विद्यालयों में वंदे मातरम् के गायन को अनिवार्य कर दिया है,इसे हम आज के सन्दर्भ में एक प्रशंसनीय कदम हि कहेंगे। कारण वंदेमातरम वह गायन है जिसने हमारे देश को अंग्रेजों की दास्तां से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी एवं ये तब की पीढ़ी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का प्रमुख हथियार था ,देश को आजादी दिलाने के लिए । आज वर्तमान में इस 21 वी सदी में हमारी नई युवा पीढ़ी इस देश भक्ति के गान को बिल्कुल हि भुलती जा रही है। अतः इस गान को एक बार फिर जन जन तक पहुचाने के लिए एवं हमारी वर्तमान युवा पीढ़ी को इस गाने की अहमियत समझाने के लिए हमारी केंद्र सरकार को इसके गायन को पूरे देश के विद्यालयों में अनिवार्य कर देना चाहिए। इससे हर नागरिक के मन में अपनी मात्रभूमि के प्रति अगाध श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सकेगा। कारण कुछ लोगो के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब हो जाता है एवं उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्व पूर्ण हो जाती है जबकि वन्देमातरम के विरोध का तो कोई औचित्य हि नहीं है, कारण यह तो मात्र अपनी मात्रभूमि के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा प्रकट करने का एक साधन मात्र है। अतः देश भर के स्कूलों में इसका गायन अनिवार्य किये जाने से हमारी समस्त युवा पीढ़ी इस देश के प्रति, इस मात्र भूमि के प्रति सम्मान सीखेगी।

– **मनमोहन राजावत राज**, शाजापुर

### दोषियों को कड़ी सजा मिले

लगभग चौदह साल अमन चेन के बाद राजधानी दिल्ली एक बार फिर भय और दहशत के साए में आ गई। एक भीषण विस्फोट ने कई निर्दोष लोगों की जान ले ली और पूरे शहर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। प्रारंभिक जांच से अभी स्पष्ट नही हो पाया है कि यह हादसा है या बल्कि एक सुनियोजित आतंकी साजिश । देश के विभिन्न हिस्सों से पकड़े गए संदिग्ध आतंकियों से बरामद हथियार, विस्फोटक सामग्री और डिजिटल साक्ष्य इस बात की पुष्टि करते हैं कि किसी बड़े हमले की योजना बनाई गई थी। सौभाग्य से सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और खुफिया विभाग की सतर्कता के कारण एक बड़ी त्रासदी टल गई। दिल्ली पुलिस, एनआईए और अन्य जांच एजेंसियां मिलकर इस घटना की तह तक पहुंचने में जुटी हैं।इस हमले को देश की एकता और शांति को भंग करने की साजिश और लोगों में भय पैदा करने का हिस्सा था। जनता में भय स्वाभाविक है परंतु देश का भरोसा अपनी सुरक्षा एजेंसियों पर कायम है। उम्मीद की जाती है कि शीघ्र ही इस कायरतापूर्ण घटना के पीछे छिपे हर चेहरे को बेनकाब कर, दोषियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा ताकि राजधानी में लोग अपने को असुरक्षित महसूस न करे।

– **अमृतलाल मारू 'रवि'**, इन्दौर

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजना की डीएम ने की समीक्षा बैठक

# लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



**पायनियर संवाददाता। अमेठी**

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, जल निगम विभाग के अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामग्री की उपलब्धता, ठेकेदारों की कार्यशैली, पाइपलाइन बिछाने की तकनीकी प्रक्रिया, जलस्रोतों की स्थिति, पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोपरि होनी चाहिए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन क्षेत्रों में परियोजना का कार्य धीमी गति से चल रहा है, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं कार्यों में तेजी लाएं। जिलाधिकारी ने पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने को कहा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय-सीमा के भीतर सभी लक्ष्यों को पूरा किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य न केवल योजना की प्रगति की समीक्षा करना है, वरन उसे और अधिक प्रभावी, पारदर्शी तथा जनहितकारी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# युवा उत्सव व साइंस मेला का आयोजन आज

**पायनियर संवाददाता। अमेठी**

जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, जनपद अमेठी द्वारा वित्तीय वर्ष 25-26 के अंतर्गत युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन दिनांक 12 नवम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से मनीषी महिला पी.जी. कॉलेज, गौरीगंज (अमेठी) में किया जाएगा। इस आयोजन में 01 सितम्बर 2025 को 15 से 29 वर्ष आयु के बीच के युवा प्रतिभाग कर सकेंगे। जनपद स्तर पर सांस्कृतिक एवं इनोवेशन ट्रैक के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें – डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह कविता लेखन, तथा इनोवेशन (साइंस मेला प्रदर्शनी) शामिल हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के भोजन, आवागमन विकास खंड से जनपद तक आने-जाने का खर्च), निर्णायकों का मानदेय, पुरस्कार एवं रेल ,बस किराया द्वितीय श्रेणी अनुसार) विभाग द्वारा देय होगा। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतिभागियों के नामांकन के लिए वही नाम मान्य होगा जो उनके हाईस्कूल प्रमाणपत्र में अंकित है। हाईस्कूल प्रमाणपत्र न होने की स्थिति में प्रतिभागी का नाम उसके बैंक विवरण के अनुसार लिखा जाएगा। साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को अपने आधार कार्ड की छायाप्रति भी प्रस्तुत करनी होगी। कार्यक्रम की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी की होगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक बंधुता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा किसी भी धर्म, भाषा, जाति, वर्ग, राजनीतिक दल या सरकार के संबंध में कोई टिप्पणी या प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिल्मी गीतों को कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

## धनुषयज्ञ महोत्सव की तैयारियां पूरी

**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**

क्षेत्र के ग्राम पिपरी में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय धनुषयज्ञ महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह धार्मिक आयोजन 1 दिसंबर से आरंभ होगा, जिसकी भव्यता को लेकर क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।महोत्सव का आयोजन श्री श्याम रामलीला परिषद पिपरी के तत्वाधान में किया जा रहा है।

इस वर्ष की रामलीला में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ कानपुर और लखनऊ से आए विशेष कलाकार भी भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, रावण , मारीच सुबह एवं तड़का सहित अन्य पात्रों की भूमिकाओं का मंचन करेंगे। कमेटी के अध्यक्ष सतीश पांडेय ने बताया कि इस बार की लीलाओं में विशेष आकर्षण रहेगा। मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और साउंड सिस्टम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन की लीलाओं का जीवंत दर्शन कराया जाएगा।

# निर्वाचन के लिए जरूरी है एसआईआर प्रपत्र : नेहा मिश्रा

### एसडीएम ने बांटा एसआईआर प्रपत्र



**पायनियर संवाददाता। करनैलगंज, गोंडा**

विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा की देखरेख में एक विशेष मतदाता जागरूकता एवं दस्तावेज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एसडीएम ने खुद लोगों में गणना प्रपत्रों का वितरण किया।

एसडीएम सुश्री मिश्रा ने बताया कि करनैलगंज में एक महत्वपूर्ण मतदाता जागरूकता और दस्तावेज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बूथ संख्या 14 से 32 तक के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए एसआईआर गणना प्रपत्र का वितरण किया गया। उन्होंने मौजूद लोगों को बताया कि एसआईआर गणना प्रपत्र मतदाता सूची के सटीक और व्यवस्थित पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को मजबूत करता है। साथ ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों से पूर्व मतदाता सूची को अद्यतन एवं सटीक बनाना था।

# दिल्ली धमाके के बाद अमेठी में हाई अलर्ट



**पायनियर संवाददाता। अमेठी**

दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके में कई लोगों की मौत के बाद यूपी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में अमेठी प्रशासन भी देर रात सक्रिय हो गया और अधिकारियों ने सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण शुरू किया।

सोमवार देर रात अमेठी की पुलिस अधीक्षक एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने अचानक अमेठी कस्बे का दौरा किया। उन्होंने अमेठी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर सुरक्षा हालात की समीक्षा

❖ आधी रात अधिकारी सड़क पर उतरे, रेलवे स्टेशन, भीड़भाड़ वाले इलाकों की कड़ी चेकिंग

की। भीड़ वाले क्षेत्रों में मौजूद पुलिस बल को उन्होंने विशेष सतर्कता बरतने और आने-जाने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की कड़ाई से जांच करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी (एसडीएम) आशीष सिंह, क्षेत्राधिकारी (सीओ) मनोज मिश्रा, थाना प्रभारी रवि सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# एसपी की अगुआई में चला गहन चेकिंग अभियान

**पायनियर संवाददाता। गोंडा**

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के अगुवाई में सोमवार मंगलवार की रात्रि में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी तथा बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्त एवं ग्रैंड वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

यह जानकारी देते हुए एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रांतर्गत मुख्य चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थानों व जनपदीय सीमा पर विशेष निगरानी रखी गई। वहीं दो पहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। बिना नंबर प्लेट, संदिग्ध व लावारिस वाहनों का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई की गई। साथ ही बैंक, एटीएम, पेट्रोल पंप, ढाबे, होटल एवं लॉज आदि संवेदनशील



स्थलों पर विशेष चेकिंग की गई। वहीं ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया। रात्रि पिकेट ड्यूटी और बैंक ड्यूटी का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत किया गया। उन्होंने बताया कि यूपी-112 पीआरवी वाहनों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग कर पुलिसिंग सुनिश्चित की गई। किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना या सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली पोस्ट पर नजर रखी जा रही है। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि यदि किसी को कोई संदिग्ध व्यक्ति, वाहन या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल डायल-112 अथवा नजदीकी थानाध्चौकी को सूचित करें।

## मिलेट्स मेला व मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित

**गोंडा।** जिला पंचायत सभागार में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय मिलेट्स मेला एवं मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक गौरा प्रभात वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के द्वारा किया गया। विधायक गौरा श्री वर्मा ने श्रीअन्न के महत्व के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि इससे बने उत्पाद पौष्टिकता से भरपूर होते हैं।

अतः इन्हें आहार में शामिल किए जाने की आवश्यकता है। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों का आह्वान किया कि वे मिलेट्स के फसलों की खेती करके अपने आय में वृद्धि करें, क्योंकि मिलेट्स प्रसंस्करण के लिए अनुकूल होते हैं और इससे विभिन्न प्रकार के व्यंजन और अन्य उत्पाद तैयार किया जा सकते हैं। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने समस्त गणमान्य अतिथियों एवं कृषकों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत कृषको को श्रीअन्न के बीज उपलब्ध कराए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लेखपाल संघ के चुनाव में अध्यक्ष नन्दलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशान्त पांडे निर्विरोध निर्वाचित

**उन्नाव।** पुरवा में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उन्नाव की शाखा पुरवा का निर्वाचन तहसील पुरवा के सभागार में निर्वाचन अधिकारी मत्स्येन्द्र सिंह व प्रेक्षक बृजेश प्रताप सिंह के द्वारा निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें तहसील के समस्त लेखपालों ने प्रतिभाग किया, निर्वाचन में पदाधिकारी तहसील कार्यकारिणी पुरवा में घोषित किये गये। जिसमें तहसील अध्यक्ष नन्दलाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशान्त पांडे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार, मंत्री अरुण कुशवाहा, उपमंत्री अखिलेश कुमार, कोषाध्यक्ष अंशू शुक्ला, आडिटर अमलता निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सभी तहसील के लेखपाल सहित अन्य सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

### दिल्ली लाल किले के पास हुए बम ब्लास्ट में वकीलों ने जताया शोक

**महराजगंज, रायबरेली।** बार एसोसियेशन के वकीलों ने दिल्ली लालकिले के पास हुए बम ब्लास्ट में शोक जताया। दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया व घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। दिल्ली में लाल किले के पास सोमवार शाम तकरीबन 7 बजे बम ब्लास्ट से एक दर्जन लोगों की मौत व दो दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना से महाराजगंज बार एसोसिएशन ने दुख जताते हुए एक आपातकालीन बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुबेर अहमद की अध्यक्षता में बुलाई गई और बम ब्लास्ट में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना किया। वकीलों ने एक दिन के लिए न्यायिक कार्य से विरत रहे और सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग किया। साथ ही रायबरेली में निवर्तमान जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार की अससमय मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

### 15 वर्षीय बालिका गायब

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चकसूधूलाल मजरे गौरा रूपई गांव से एक नाबालिक बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई थी। जानकारी करने पर पता चला कि उसे भोजपुर का रहने वाला विशाल उसकी पुत्री को बहला-फुसला कर भगा ले गया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई व बालिका को बरामद किये जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बालिका की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर बालिका को बरामद किया जायेगा।

### साईबर ठगो ने खाते से पार किये 80 हजार

**लालगंज, रायबरेली।** साईबर अपराधियों ने युवक के खाते से 80 हजार रूपये पार कर दिये। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस के साथ साईबर सेल में की है। कस्बे के चिकमंडी निवासी मो सौफीक ने बताया कि अचानक उसके मोबाईल में पैसे निकाले जाने का मैसेज आया जिससे वह हतप्रभ रहा गया। मामले की जानकारी करने पर पता चला कि उसके खाते से कोलकाता के एटीएम से पैसे निकाले गये है। जबकि तौफीक ने किसी भी प्रकार के विदड्राल से इंकार किया है साथ ही उसने बताया कि अपराधियों ने कई बार और उसके खाते से पैसे निकालने की कोशिश की लेकिन इसके बाद वे सफल नही हो सके। पीड़ित ने साईबर सेल व कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा पीडित को दिया है।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 70 हजार

**लालगंज, रायबरेली।** लखनऊ में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी ने युवक से 70 हजार रूपये ठग लिये। काफी समय बाद भी नाही युवक की नौकरी लगी और न ही उसे पैसा वापस मिला। जिसके बाद उसने मामले की शिकायत कोतवालती पुलिस से की है।

कोतवाली क्षेत्र के कुण्डवल गांव निवासी सूरज कुमार पुत्र रामशंकर ने बताया कि पलिया गांव के रहने वाले महेंद्र पासवान ने लखनऊ में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 40 हजार आनलाईन व 30 हजार रूपये नकद ले लिया। काफी समय बीतने के बाद भी जब उसकी नौकरी नही लगी तो उसने अपने पैसे वापस मांगे। जिस पर आरोपी ने पैसे देने से इंकार करते हुए उसके साथ अभद्रता भी की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अधिवक्ता संदीप टंडन की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**

समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन ने देश के प्रतिष्ठित अधिवक्ता अपने पति स्वर्गीय संदीप टंडन की 76वीं पुण्यतिथि पर उन्नाव में श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संदीप की समाजसेवी सोच ने मुझे सदैव प्रेरित किया है कि समाज के अंतिम, निरीह, दुखी और गरीब व्यक्ति की सहायता करना ही सच्ची सेवा है। स्व. संदीप टंडन की स्मृति में अन्नू टंडन ने उन्नाव जिले की गरीब, असहाय एवं विधवा पात्रों रमा रावत, रीता लोधी, सरला पाल, गुड़िया कुशवाहा, शिखा पांडे, गीता राठौर तथा सविता पाल को दुधारू गायें दान कीं। इनमें से कुछ महिलाओं के पति की मृत्यु पिछले एक वर्ष में हुई थी, जबकि कुछ के पति कई वर्ष पूर्व गुजर चुके थे, जिससे उनके नाबालिग बच्चों सहित परिवारों के भरण-पोषण में कठिनाई उत्पन्न हो गई थी। स्व संदीप टंडन को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों ने प्रमुख रूप से वीर प्रताप सिंह, नीरू टंडन, अनूप मेहरोत्रा, बार अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, बार के पूर्व अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, अंकित सिंह परिहार, विवेक शुक्ला, बार पूर्व महामंत्री हृदय प्रकाश, अमित शुक्ला, अजय श्रीवास्तव एड, सरोज रावत, राजकुमार लोधी, संजय निगम, आदि मौजूद रहे।

# महिला सहायता परामर्श केंद्र की पहल से विवाहित जोड़ा हुआ एकजुट

**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**

पुलिस की सक्रियता और महिला सहायता परामर्श केंद्र के अथक प्रयासों से एक और विवाहित जोड़ा फिर एकजुट हो गया। परिवारिक विवाद के कारण अलग रह रही मेहनाज खातून पत्नी मोहम्मद सुफियान, निवासी बढ़ौली थाना दोस्तपुर, को समझा-बुझाकर उनके पति के साथ सकुशल विदा कराया गया। लंबे समय से चले आ रहे विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में पुलिस प्रशासन और परामर्श टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यह समाधान पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत की देखरेख में संभव हो सका।



परामर्श केंद्र की टीमकृमहिला आरक्षी रेनू यादव, सीमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मनोरमा पांडेय, अपराध निरोधक समिति सचिव अमर बहादुर सिंह, व समाजसेविका नजमा बानो ने लगातार प्रयास कर पति-पत्नी को परस्पर समझाया। अंततः दोनों ने मनमुटाव भूलकर साथ रहने का निर्णय लिया और सुफियान अपनी पत्नी को सम्मानपूर्वक घर ले गए। इस महत्वपूर्ण पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। बताया गया कि महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा अनेक ऐसे परिवारों को भी पुनः मिलाया गया है, जो आपसी नाराजगी के चलते अलग रह रहे थे।

अब वे फिर से साथ जीवन व्यतीत कर खुशहाल जीवन बिता रहे हैं। इस सफल प्रयास से समाज में सकारात्मक संदेश गया है कि संवाद और समझदारी से किसी भी विवाद को सुलझाया जा सकता है।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**पायनियर संवाददाता। सुलतानपुर**

बीते साल फरवरी में घर से गायब हुई किशोरी साल भर से अधिक समय बाद घर लौटी तो पुलिस से शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के मोबाइल पर मिस्ड कॉल आई थी। मिस्ड कॉल धीरे धीरे बात चीत में बदल प्यार की परवान चढ़ गई। 28 फरवरी 2024 की रात किशोरी प्रेमी के साथ फरार हो गई। परिजन खोजबीन करते रहे सफलता नहीं मिलने पर थाने पर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी, लेकिन सफलता

❖ राजस्थान के अभियुक्त को कादीपुर पुलिस ने किया है गिरफ्तार

नहीं मिली। साल भर से अधिक समय बीतने के बाद दो दिन पहले किशोरी अपने गांव लौट आई। थाने पहुंच किशोरी ने पुलिस को आप बीती बताई तो पुलिस ने पहले से दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ाते हुए अभियुक्त की तलाश में लगी। पुलिस को सफलता हासिल हुई अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई। पकड़े गए युवक की शिनाख्त राजस्थान के पाली जिला के सेनडा थाना क्षेत्र के झूठा का बड़िया खोखरी निवासी फतेह सिंह के रूप में हुई। कादीपुर कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि किशोरी की शिकायत पर धारा में बढ़ोत्तरी कर आरोपित को हिरासत में लेते हुए न्यायालय भेजा गया है।

# सेवानिवृत्ति नर्स की मिलीभगत से वार्ड ब्वाय कर रहा मनमानी

**पायनियर संवाददाता। उन्नाव**

महिला अस्पताल की सेवानिवृत्ति नर्स का मायामोह जिला अस्पताल से नहीं छूट रहा है। चोरी छुपे किसी न किसी बहाने अस्पताल आना तथा अपने चहेतो लोगो से मिलना सहित तमाम दखल चर्चा का विषय बना है।

सूत्रों के अनुसार सरकारी सामान की हेराफेरी इसी वार्ड बॉय के माध्यम से हो रही है। पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त महिला चिकित्सालय में कार्यरत नर्स राजबाला 31 अक्टूबर को सेवानिवृत हो गई थी जिसके बाद पीपीसी चार्ज सीनियर को ना दिला कर जूनियर नर्स प्रमिला को दिलाया है। सीनियर में राखी नर्स है। जिनको पीपीसी में होने वाले कार्य की पूरी जानकारी है। यहां तक डिप्लोमा भी है। लेकिन खुलेआम मनमानी करके ओटी का चार्ज नए कर्मचारी को दिया। जिसको कुछ खास ज्ञान नहीं है। इसी तरह

### सेवानिवृत होने के बाद ऑफिस में आना जाना जारी

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार यदि आप विभाग से सेवानिवृत हो गए है तब आपका ऑफिस में आना जाना होता है ऐसी स्थित संदेह उत्पन्न करती है। सेवानिवृत के बाद आप अपने विभाग में एक दो दिन तो आ सकते है मगर रोजाना ओ पी या पी पी सी नहीं आ सकते है। नर्स वही जाती है। ओटी में देर शाम आने का क्या मतलब है।

सीएमएस को बिना संज्ञान में लिए अपने दबाव के चलते ओटी में कई महीनों से गौरव वार्ड बॉय से नौकरी करा रही थी जो पड़ोसी गांव का रहने वाला है। अपने ही घर पर किराए पर रखे है। सूत्रों की माने तो उसी से सरकारी सामान का खेल हो रहा है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

# सरदार पटेल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**पायनियर संवाददाता। रायबरेली**

राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के शिल्पकार, लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत जनपद के बछरावां विधानसभा क्षेत्र में रन फॉर यूनिटी एवं एकता यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा एवं एकता यात्रा में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं हजारों कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने सरदार पटेल के अदम्य साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के साथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने भारत के एकीकरण के जिस सपने को साकार किया, वह आज भी देश की प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी जैसे आयोजन हमें यह स्मरण कराते हैं कि देश की एकता और अखंडता सर्वोपरि है।



### सरदार पटेल की 150वी जयंती पर सरेनी विधानसभा की एकता पदयात्रा 13 को होगी आयोजित

**लालगंज, रायबरेली।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर विशाल एकता पद यात्रा व जनसभा का आयोजन किया जायेगा। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को अक्षुण्य बनाये रखना होगा। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पूर्व भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कस्बे के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि भारतीय जनता पार्टी सरेनी विधानसभा क्षेत्र की विशाल एकता पदयात्रा 13 नवम्बर को आयोजित की जायेगी। यह यात्रा कस्बे के बेंहटा चौराहे से प्रारम्भ होगी जो लगभग 8 किमी दूर स्थित बेहटा कलां गांव पहुंचकर विशाल जनसभा में तब्दील हो जायेगी। यह यात्रा दोपहर 11 बजे से प्रारम्भ होगी।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 12 नवंबर 2025



# दिल्ली विस्फोट के बाद लखीमपुर में हाई एलर्ट

## भारत-नेपाल सीमा पर हो रही कड़ी चौकसी, डॉग स्क्वायड टीम तैनात

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर,खीरी



दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गई हैं। लखीमपुर खीरी के इंडो-नेपाल बॉर्डर पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। गोरीफांटा सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, जहां सीमा पार से आने-जाने वाले हर व्यक्ति और वाहन की सघन तलाशी ली जा रही है। सुरक्षा के लिए डॉग स्क्वायड टीम, बम डिटेक्शन यूनिट, पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और खुफिया विभाग के अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने भी सभी जिलों की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने के आदेश जारी किए हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में रहकर निरीक्षण और पेट्रोलिंग करने को कहा गया है। साथ ही, भीड़भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के आदेश दिए गए हैं। वाहनों, मॉल, बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस), बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड को तत्पर रहने को कहा गया है।

इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया है और उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी सतर्कता के साथ सक्रिय है।

## तौकीर रज़ा की हिरासत 25 नवंबर तक बढ़ी

बरेली। फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में निरुद्ध आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गई है। अदालत ने 14 दिन की अतिरिक्त न्यायिक हिरासत मंजूर करते हुए अगली पेशी की तारीख 25 नवंबर तय की है।मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में मौलाना तौकीर रजा सहित 46 अन्य आरोपियों को पेश किया गया। अदालत ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ाते हुए अगली सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। गौरतलब है कि 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद बरेली में कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया था। बरेली पुलिस ने हालात नियंत्रित करते हुए भीड़ को खदेड़ा था।

# शाहजहांपुर की जनता अब पोर्टल के माध्यम से सीधे एसपी से जुड़ेगी

❖ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी का बड़ा कदम

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर



जिला शाहजहांपुर की पुलिस अब पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली और तकनीकी रूप से सशक्त होने जा रही है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अपराध नियंत्रण की दिशा में एक अनोखी पहल की है, जिसके तहत अब जिले की हर छोटी से छोटी घटना पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। एसपी राजेश द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि कई बार छोटी घटनाएं ही आगे चलकर बड़ी वारदातों का रूप ले लेती हैं। इन्हें समय रहते रोकने के लिए पुलिस का रियल-टाइम एक्शन और जनता से सीधा संवाद बेहद आवश्यक है। इसी सोच के साथ वो जनपद में पोर्टल की शुरूआत करने जा रहे हैं।

इस पोर्टल के माध्यम से जनपदवासी अब सीधे पुलिस अधीक्षक से जुड़ सकेंगे। कोई भी व्यक्ति अपने क्षेत्र के असामाजिक या शरारती तत्वों, संदिग्ध गतिविधियों या छोटी घटनाओं की जानकारी सीधे एसपी को दे सकेगा। जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की टीम तत्काल एक्शन में आएगी।

एसपी द्विवेदी का कहना है कि पुलिस तभी प्रभावी होती है जब जनता उसका सहयोग करे। यह पोर्टल जनता और पुलिस के बीच विश्वास का डिजिटल पुल बनेगा, जिससे अपराधियों पर नकेल कसना और भी आसान होगा।ह्व यह पहल न केवल अपराध नियंत्रण में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि जनता के बीच सुरक्षा और भरोसे की भावना को भी और मजबूत करेगी।

# ई रिक्शा से टकराई भाजपा विधायक की गाड़ी, जुर्माना मांगने पर हंगामा

❖ टक्कर होने पर ईरिक्शा चालक पर आगबबूला हुए विधायक और उनका चालक

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

भाजपा विधायक की कार के ई रिक्शा से टकराने से बेक शीशा टूटने पर विधायक के द्वारा जुर्माना मांगने पर हंगामा हो गया। मामला बिगड़ते देख चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। मामला सोमवार रात खुटार के तिकुनिया चौराहा का है। यहां पर लखीमपुर खीरी जनपद के मैलानी कस्बे में रहने वाला छत्रपाल अपना ई रिक्शा लेकर खड़ा था। तभी तेज रफ्तार से आई भाजपा विधायक बाबूराम पासवान की स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर ई रिक्शा से टकरा गई। गाड़ी चला रहे चालक ने जब तक गाड़ी को कंट्रोल करने का प्रयास किया। तब तक गाड़ी ई रिक्शा से टकरा कर कुछ दूर तक चली गई। जिससे गाड़ी का इंडिकेटर टूट गया, जिस पर गाड़ी में सवार विधायक जी का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वह और उनका चालक ई रिक्शा चालक पर टूट पड़े और उसके साथ अभद्र व्यवहार करने लगे।

विधायक और उनके चालक का रौद्र रूप देख आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को सहा नहीं गया, तो वह मौके पर पहुंच गए और उन्होंने विधायक से गरीब ई रिक्शा चालक को छोड़ने का अनुनय विनय किया। लेकिन विधायक जी गाड़ी में हुए नुकसान के बदले 4000 रुपए का जुर्माना मांगने लगे। इसी बीच आसपास के कुछ अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने विधायक जी के द्वारा ई रिक्शा चालक के साथ किया जा रहे अमानवीय व्यवहार की निंदा करते हुए उसे माफ करने को कहा। लेकिन विधायक अपनी जिद पर अड़े रहे। इसके बाद लोगों ने हंगामा करना शुरू कर दिया और दुकानदारों ने चंदा एकत्र कर हरजाने के रूप में पैसा देने की हामी भर दी। इसी बीच विधायक का चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला।

## हर घर स्वदेशी के संकल्प के साथ संपन्न हुआ आत्मनिर्भर भारत प्रोफेशनल मीट



पायनियर संवाददाता। बरेली

लक्ष्य इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट फामेर्सी एवं नर्सिंग कॉलेज, पुवाया रोड शाहजहांपुर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत प्रोफेशनल मीट सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरेली कैंट विधायक एवं प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी सुधीर गुप्ता, जिला अध्यक्ष के.सी. मिश्रा एवं विनायक अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ व दुशाला भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत व सम्मान किया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संजीव अग्रवाल ने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के मंत्र को आत्मसात कर देश को सशक्त एवं विकसित बनाने में प्रत्येक नागरिक को अपनी विशेष भूमिका निभानी चाहिए।

## राकेश चौधरी बने वरिष्ठ अधिवक्ता



बसखारी, अंबेडकर नगर। जिले के विकास खण्ड बसखारी के मूल निवासी ग्राम अरुसा आजमपुर के रहने वाले राकेश कुमार चौधरी जो कि प्रदेश के एक प्रसिद्ध अधिवक्ता हैं चौधारी को उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया है। पूर्व में श्री चौधरी उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता भी रहे एवं उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे जिले में इन तीनों पदों पर पूर्व में कोई भी अन्य अधिवक्ता नहीं पहुंच पाया था।

# छात्राओं ने नाट्य मंचन से दिखाई बेटियों की शक्ति



पायनियर संवाददाता। अंबेडकरनगर

शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में लैंगिक समानता विषय पर छात्राओं द्वारा नाट्य मंचन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने समाज में महिलाओं की समान भागीदारी और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।

कार्यक्रम में जनपद के लगभग सभी विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख रूप से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुर्की बाजार, राजकीय बालिका हाई स्कूल बडेपुर, राजकीय बालिका हाई स्कूल फरीदपुर कुतुब टांडा, राजकीय बालिका हाई स्कूल बसिया, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भीटी, जनता इंटर कॉलेज उतरेथू, रामलाल रामफेर इंटर कॉलेज सेवागंज, रामलाल परमात्मा प्रसाद इंटर कॉलेज पतौना तथा राजकीय हाई स्कूल पहितीपुर की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

छात्राओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और पढ़े बेटियां, बढ़े बेटियां जैसे नारों के माध्यम से बेटियों के महत्व, शिक्षा और करियर निर्माण पर जोर दिया। नाट्य मंचन के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अवसर मिलने पर बेटियां किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।

विद्यालयों के शिक्षकों और प्रधानाचार्यों ने छात्राओं को आत्मनिर्भरता और शिक्षा के महत्व पर बल दिया तथा समान अवसर और बेहतर पठन-पाठन की सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिला एंबुलेंस सेवा, 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा भावना और लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

# करियर काउंसलिंग सेमिनार का हुआ आयोजन

## मिशन शक्ति के तहत बीएनकेबी पीजी कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता। अकबरपुर, अंबेडकरनगर



महिलाओं और छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज-05 के तहत बीएनकेबी पीजी कॉलेज, अकबरपुर में एक करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, उच्च शिक्षा के अवसरों एवं रोजगार की दिशा में उचित मार्गदर्शन प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शुचिता पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में करियर की सही योजना सफलता की पहली सीढ़ी है। उन्होंने छात्राओं से अपनी रुचि, योग्यता और आत्मविश्वास के आधार पर करियर चुनने तथा समाज में सशक्त भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मुख्य वक्ता मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष विनय कुमार ने प्रशासनिक सेवाओं, बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप्स और स्वरोजगार जैसे विभिन्न करियर विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अग्रणी हैं बस आवश्यकता है सही दिशा और अवसर की पहचान की। कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति की संयोजक सुमित्रा पटेल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर हरिकेश यादव ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्रो. श्वेता रस्तोगी, डॉ. रवि कुमार, डॉ. शिप्रा सिंह सहित अन्य शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित यह करियर काउंसलिंग सेमिनार छात्राओं के आत्मविकास, करियर मार्गदर्शन एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

## आतंकी ब्लास्ट के बाद हिंदू संगठनों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर

दिल्ली हमले की निंदा करते हुए हिंदू युवा वाहिनी ने ज्ञापन सौंपकर दोषियों को फांसी देने की मांग की। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुए भीषण आतंकी विस्फोट को लेकर पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

इस हमले में अनेक निर्दोष नागरिकों की मौत ने जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना की कड़ी निंदा करते हुए हिंदू युवा वाहिनी ने शाहजहांपुर में मंगलवार को पाकिस्तान का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। हिंदू संगठनों ने एक ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से दोषियों के खिलाफ फांसी की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि दिल्ली जैसा सुरक्षित इलाका भी आतंकियों के निशाने पर आना अत्यंत चिंता का विषय है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस पूरे प्रकरण की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराई जाए और आतंकवादी वारदात में शामिल सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। हिंदू युवा वाहिनी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से कहा कि इस हमले को केवल एक अपराध के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र पर हमला मानते हुए दोषियों पर राष्ट्रद्रोह की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

# अवैध शराब पीने से कई लोगों की हुई है मौत, पीड़ित ने कार्रवाई की लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता। बरेली



थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम भुड़िया कॉलोनी निवासी सुशील राय पुत्र चन्द्रकांत राय ने अवैध शराब की बिक्री के विरोध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अवैध शराब बेचने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

सुशील कुमार पुत्र चंद्रकांत राय का आरोप है कि अवैध शराब के सेवन से कई लोगों की मौत हो चुकी है। सुशील राय ने एसएसपी को शिकायती प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया गया है कि ढाबा संचालिका ब्यूटी मलिक, पत्नी स्वर्गीय राकेश, उत्तराखंड के नानकमत्ता से अवैध शराब मंगाकर पिलाने व बेचने का कारोबार करती है। इस काले धंधे में शोभिम माझी , मिंटू हलधर, उत्तमराय और पुन्नो राय भी सहयोगी बताए गए हैं।

कहा कि क्षेत्रीय पुलिस की मौन सहमति के चलते अवैध शराब बेखौफ बिक रही है। बताया गया कि इसी जहरीली शराब के सेवन से पहले अंग्रेज प्रधान, गौतम सरकार, सुशील राय के भतीजे विधुर राय तथा बीती रात रूपेश सिकदर की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद अभी तक शराब माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित ने बताया कि वह नेत्रहीन हैं और कई बार चौकी व थाने में शिकायत देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर पुलिस और कितनी मौतों का इंतजार कर रही है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से मामले की गंभीरता को देखते हुए अवैध शराब कारोबार पर तत्काल कार्रवाई तथा दोषियों पर सख्त दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रैफिक नियमों को लेकर किया जागरूक

बरेली। इस्लामिया इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय मानव सेवा कल्याण ट्रस्ट द्वारा छात्र-छात्राओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया गया ,इसके तहत ट्रस्ट के टीम विद्यालय में जाकर वहां के छात्र एवं छात्राओं को जागरूक करने का काम किया गया ,जिसमें टीम के साथ मोटिवेशनल स्पीकर प्रवीण कुमार, डॉ आर के सक्सेना , ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अनुराग शर्मा , अधिवक्ता सोमेंद्र यादव,पत्रकार डॉक्टर शहाबुद्दीन सय्यद ,ट्रैफिक पुलिसकर्मी ज्ैं सत्यवीर सिंह आदि सम्मिलित रहे।जिसमें बच्चों को बेसिक कानून की जानकारी दी , नशे से होने वाले नुकसान समझाया , सोशल मीडिया से होने वाले नुकसान, छात्र जीवन में क्या क्या करने से जीवन में समस्याएं होती हैं।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में खीरी 16वें स्थान पर

## पूर्व की तुलना में छह पायदान की छलांग, मगर विकास में 37वें स्थान पर

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर,खीरी

सीएम डैशबोर्ड पर अक्टूबर महीने की रैंकिंग में खीरी जिला 16वें स्थान पर आया है। विकास में यह 37वें और राजस्व में 8वें स्थान पर है। पहले की तुलना में खीरी ने 6 पायदान की छलांग लगाई है। बरेली तीसरे, शाहजहांपुर पांचवें स्थान पर रहा। सीडीओ ने योजनाओं की प्रगति पर ध्यान देने की बात कही।

सीएम डैशबोर्ड पर जिलों के विकास, राजस्व व ला एंड आर्डर की अक्तूबर महीने की रैंकिंग सोमवार को जारी हो गई। खीरी जिला प्रदेश में 16वें स्थान पर आया है। विकास में जिला 37वें स्थान पर रहा है वहीं राजस्व में प्रदेश में 8वें स्थान पर आया है। इसी तरह से ला एंड आर्डर में जिला 46वें स्थान पर आया है। बेसिक शिक्षा विभाग का निपुण और एनआरएलएम का सीआईएसएफ के डी श्रेणी में आने से रैंकिंग पर असर पड़ा है। वहीं कई विभागों की योजनाएं सी ग्रेड में आई हैं। सीएम डैशबोर्ड की सितम्बर महीने की रैंकिंग में खीरी जिला प्रदेश में 22वें स्थान पर रहा था जबकि अक्तूबर महीने में छह पायदान की छलांग लगाते हुए 16वें स्थान पर आया है।

विकास में सितम्बर में जिला जहां 50वें स्थान पर था वहीं अक्तूबर महीने की रैंकिंग में इसमें भी सुधार करते हुए 37वें स्थान हासिल किया है। इसके अलावा रेवन्यू में 10वां स्थान सितम्बर में था जबकि अक्तूबर में 8वें स्थान पर आया है। जिलों में चल रही सरकारी योजनाओं की मानीटरिंग सीएम डैशबोर्ड से होती है। डैशबोर्ड पर सभी जिला अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति अपडेट करते हैं।

इसी के आधार पर रैंकिंग जारी की जाती है। डेशबोर्ड की रैंकिंग में इस बार प्री-मैट्रिक पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति को भी शामिल कर लिया गया है। छात्रवृत्ति देने में जिला सी ग्रेड में रहा है। इसके अलावा फैमिली आईडी, जलनिगम की नमामिगंगे ग्रामीण जलापूर्ति, आईसीडीएस के पोषण अभियान को बी ग्रेड मिली है। सीडीओ अभिषेक कुमार का कहना है कि जिन योजनाओं की प्रगति कम रही है उन योजनाओं पर फोकस किया जाएगा जिससे नवम्बर महीने की रैंकिंग में सुधार हो सके।

बरेली तीसरे, शाहजहांपुर रहा पांचवें स्थान पर -सीएम डैशबोर्ड पर जारी हुई अक्तूबर महीने की रैंकिंग में बरेली मंडल के जिलों में बरेली जहां मंडल में पहले स्थान पर रहा है वहीं प्रदेश में बरेली को तीसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर श्रावस्ती, दूसरे स्थान पर ललितपुर रहा है। इसके अलावा शाहजहांपुर जिला प्रदेश में पांचवें स्थान पर आया है। बदायूं को प्रदेश में 8वां स्थान मिला है जबकि पीलीभीत जिला 18वें स्थान पर आया है।

# बसपा की बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन

## बैठक में मिशन 2027 को लेकर बनाई गई रणनीति

पायनियर संवाददाता, किछौछा अंबेडकरनगर



आलापुर विधानसभा क्षेत्र के गोवर्धनपुर सेक्टर स्थित बूथ संख्या 21 पर बहुजन समाज पार्टी की बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरज सिंह जाटव मुख्य प्रभारी अयोध्या/कानपुर मंडल तथा विशिष्ट अतिथि मा. रामनयन निर्दोष मुख्य प्रभारी रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सावंत ने की, जबकि संचालन आलापुर विधानसभा अध्यक्ष बलराम निषाद ने किया। बैठक में सेक्टर अध्यक्ष राजकुमार गौतम, सेक्टर सचिव हरिश्चंद्र गौतम, पुरुषोत्तम, बूथ उपाध्यक्ष नीरज मौर्य, संगठन सचिव विनय कुमार, भीम चंद्र और राम सुरेश मौर्य सहित कई कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष छेदीराम मौर्य, पिछड़ा वर्ग एवं भाईचारा कमेटी विधानसभा संयोजक जयप्रकाश मौर्य, रामचंद्र वर्मा, गुड्डू चौबे, विजेंद्र मिश्रा, अंकित वर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में आगामी जिला पंचायत चुनाव और मिशन 2027 की रणनीति पर चर्चा हुई। कार्यकताओं ने बहन कुमारी मायावती के पूर्व कार्यकालों को याद करते हुए उन्हें पाँचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

मुख्य अतिथि सूरज सिंह जाटव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा ऐ मेरे बहुजन समाज के लोगों, अगर सामने के चुनाव में आपके बीच प्रत्याशी न भी आए, तो जहाँ आपका नीला झंडा और हाथी निशान पहुँच जाए, समझ लेना कि मान्यवर मसीहा कांशीराम साहब आ गए हैं। अपने बहुमूल्य मत को बसपा के उम्मीदवार को ही देना है।ह्व बैठक में सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प दोहराया।

## मतदेय स्थलों की सूची प्रकाशित

अंबेडकरनगर। 11 नवंबर जिलाधिकारी ,जिला निर्वाचन अधिकारी अम्बेडकरनगर ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उप जिलाधिकारी,निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन करके इस जनपद में समाविष्ट 277-कटेहरी, 278-टाण्डा, 279-आलापुर अ०जा०, 280-जलालपुर तथा 281-अकबरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की सूची तैयार कर ली गई है, जिसका आलेख्य प्रकाशन 10.11.2025 को कर दिया गया है। 10.11.2025 को प्रकाशित की गई मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची निःशुल्क निरीक्षण हेतु संबंधित तहसील कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध रहेगी।

# सिम्युलेटर पर बालिकाओं ने थामी स्टीयरिंग, सीखीं ड्राइविंग की बारीकियां

पायनियर संवाददाता। लखीमपुर



मिशन शक्ति के तहत ड्राइविंग माय ड्रीम कार्यक्रम के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में जनपद की बालिकाओं ने ड्राइविंग सिम्युलेटर पर कार चलाना सीखा। सिम्युलेटर पर रफ्तार पकड़ते हुए बालिकाओं ने न सिर्फ स्टीयरिंग थामी बल्कि ट्रैफिक सिग्नल, क्लच, ब्रेक, गियर और सड़क सुरक्षा के अहम नियमों को भी बारीकी से समझा। बालिकाओं ने कहा कि यह उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था। पहली बार स्टीयरिंग थामकर लगा कि अब हम भी खुद अपनी मंजिल तक पहुंच सकती हैं।

ड्राइव माय ड्रीम कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बालिकाओं को सड़क सुरक्षा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग केवल चलाने की कला नहीं, जीवन की जिम्मेदारी है। सफर चाहे छोटा हो या लंबा, शुरूआत हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट से करें। नियमों का पालन ही असली स्मार्टनेस है। डीएम ने बेटियों को प्रेरित किया सुरक्षित चलो, आगे बढ़ो, और दूसरों के लिए मिसाल बनो। कार्यक्रम में छात्राओं आस्था वर्मा और मंतशा बानो ने डीएम के समक्ष अपने विचार रखकर सबका दिल जीत लिया। कहा कि यह पहल हमारे जैसे बेटियों के लिए नई दिशा है। अब हम सिर्फ सपने नहीं देखेंगे, उन्हें खुद ड्राइव करेंगे।

# महोबा में पर्यटन विकास के लिए सूर्य महोत्सव व बर्ड फेस्टिवल की योजना

**पायनियर संवाददाता। महोबा**

उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक ओर पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण वीरभूमि के तौर पर विख्यात महोबा जनपद में पर्यटन विकास के मद्देनजर सूर्य महोत्सव एवं वार्ड फेस्टिवल के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गयी है।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में मंगलवार को इस आशय से कलेक्ट्रेट में एक बैठक आयोजित करके महोत्सव हेतु विस्तृत रूपरेखा का निर्धारण करने के लिए विचार विमर्श किया गया` जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद महोबा में सूर्य मंदिर अत्यंत प्राचीन चंदेल कालीन स्मारक है. मान्यता है कि प्राचीन समय में इसके धार्मिक महत्व के कारण दूर-दूर से पर्यटक एवं श्रद्धालु यहां पहुंचते थे।

सूर्य मंदिर के महत्व को देखते हुए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा यहां सन इंटरप्रिटेशन सेंटर एवं सन प्लेनिटोरियम की कार्ययोजना लाई गयी. सन इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो रहा है. परिणाम स्वरुप इसी धारणा एवं मान्यता के प्रचार प्रसार हेतु जिले में सूर्य महोत्सव आयोजित किया जा सकता है, जिसे अब आगामी माह जनवरी अथवा फरवरी 2026 में आयोजित किए जाने की बात रखी गई।

जिलाधिकारी द्वारा इसी के साथ ही विजय सागर पक्षी विहार में देशी-विदेशी पक्षियों के आगमन को प्रचारित प्रसारित करने के लिए वर्ड फेस्टिवल कराये जाने हेतु उत्तर प्रदेश वन विभाग को प्रस्ताव पहुंचाने के लिए निर्देश वन विभाग महोबा को दिए गये।

जिलाधिकारी द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि सूर्य महोत्सव एवं बर्ड फेस्टिवल से संबंधित जन सामान्य की राय एवं सुझावों को लिया जाएगा. इस आयोजन के माध्यम से पर्यटको को आकर्षित करके उनके समक्ष यहां के ऐतिहासिक व पुरातात्विक समारकों को प्रदर्शित करना प्रमुख मंशा है।

## इंडियन बैंक में दो दिन से कैश की किल्लत

**जालौन, उरई।** गल्ला मंडी में संचालित इंडियन बैंक मंडी शाखा में दो दिन से कैश की किल्लत है। पर्याप्त कैश न होने के कारण उपभोक्ताओं को बैंक से मनचाही रकम नकद नहीं मिल पा रही है। कैश न मिल पाने के कारण उपभोक्ता परेशान है। बंगरा मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में संचालित इंडियन बैंक में दो दिन से कैश की किल्लत चल रही है। सोमवार को पर्याप्त कैश न होने के कारण उपभोक्ताओं को अधिकतम 50 हजार रुपए मिल पा रहे थे। वहीं, अपरान्ह एक बजे के बाद बैंक सर्वर में खराबी आने के कारण जमा निकासी दोनों ही बंद हो गई। जिससे कारण उपभोक्ता परेशान रहे। मंगलवार को भी लंच टाइम तक बैंक में कैश न होने के कारण रुपयों की निकासी नहीं हो पा रही थी।

# खनन पट्टे के लिए लोक जनसुनवाई का आयोजन

**पायनियर संवाददाता। कालपी,जालौन**



मंगलवार को तहसील सभागार एसडीएम की मौजूदगी में खनन पट्टे के लिए लोक जनसुनवाई का आयोजन हुआ जिसमें। क्षेत्र के ग्रामीणों से उक्त क्षेत्र में खनन से होने वाले नुकसान की जानकारी ली गई।

नदियों की तलहटी में खनन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके लिए खनन पट्टा धारक के लिए पर्यावरण विभाग की मंजूरी अहम होती है इसी के चलते मंगलवार को कदौरा ब्लाक क्षेत्र के मौजा हिमनपुरा में गाटा संख्या 240 में खण्ड संख्या 4 के 16 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन के लिए जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने कहा कि खनन एक जरूरी प्रक्रिया जिसमे आम आदमी की जरूरत पूरी करने के लिए खनिज पदार्थ तो निकलता ही है साथ ही राजस्व भी मिलता है।

इसी के चलते शासन खनिज विभाग के माध्यम खनिज पदार्थ वाले क्षेत्रो को ठेके पर देता है।

लेकिन खनन से मानव जीवन पर क्या असर होता यह भी जरूरी है। इसलिए उन्होंने खनन पट्टा धारक मेसर्स श्रीराम ट्रेडर्स झांसी के संचालक धीरेन्द्र गुप्ता को हिदायत देते हुए कहा कि खनन नियमानुसार हो और विभाग द्वारा जारी नियमों का भी पालन हो।

इस दौरान मौजूद जिला खनिज अधिकारी सनी कौशल ने भी खनन के नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि नियमो की अवहेलना पर दण्ड के साथ पट्टा भी निरस्त हो सकता है। इसलिए वह नियमानुसार खनन करेंगे।

कार्यक्रम में मौजूद मेसर्स एनवायरमेन्ट रिसर्च एण्ड एनालेसिस के जिम्मेदारों ने भी पट्टा धारक को निर्देश दिए है कि निर्धारित क्षेत्र में ही वह खनन करेंगे और जलधारा में खनन किया तो नियमों का उल्लंघन होगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने भी सुझाव दिए जिसमे उन्हे रास्ते में पानी का छिड़काव की मांग की जिससे धूल उनकी फसलों तक न पहुंचे। बैठक के दौरान तहसीलदार अभिनव तिवारी के अलावा अन्य विभागीय जिम्मेदार मौजूद रहे।

# राठ की दो अपात्र महिला किसानों से किसान सम्मान निधि की होगी वसूली

**पायनियर संवाददाता। हमीरपुर**

राठ कस्वे की दो अपात्र महिला किसानों से बीस हजार रुपये की किसान सम्मान निधि वसूली जायेगी। दो महिला कृषक झांसी मे निवास कर रही है इसके लिये जिला झासी के डीएम को पत्र लिख दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक राठ क्षेत्र के बदनपुरा गांव की महिला कृषक राविया पत्नी अनीस व सोफिया मंसूरी पत्नी नफीस अहमद के नाम जमीन है दोनो महिला कृषक सगी बहने बतायी जाती है, वर्ष 2019 तक दोनो महिला कृषक किसान सम्मान निधि की पात्रता की श्रेणी में आती थी, इसके बाद दोनो महिला किसानों ने अपने नाम और जमीन खरीद ली जिससे उनकी पात्रता श्रेणी समाप्त कर दी गयी मगर उन्होने निधि की पांच किश्ते और बैंक से निकाल ली, कृषि विभाग के उपकृषि निदेशक डा.प्रमोद कुमार ने बताया कि दोनो महिला किसानों को कम से कम तीन मर्तवा पैसा जमा करने के लिये नोटिस जारी की गयी है मगर कोई सुनवायी नही हुई है दोनो महिला किसानों से दस दस हजार रुपये की धनराशि वसूल की जायेगी, क्योकि पात्रता व अपात्रता का फैसला पोर्टल में ही हो जाता है।

इसलिये दोनो महिला किसानों की आरसी जारी कर जिलाधिकारी हमीरपुर के माध्यम से झांसी डीएम को पत्र लिखाकर किसान सम्मान निधि की वसूली की जायेगी. डीडी ने बताया कि इसी प्रकार किसान सम्मान निधि के और भी मामले है जिनकी वसूली की जायेगी।

# गहोई समाज के सम्मेलन में संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा

**पायनियर संवाददाता। उरई,जालौन**



अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा का सम्मेलन नगर के एक विवाह घर में आयोजित हुआ जिसमें पहुंचे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सतीश महतेले का संगठन के पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर आगामी चुनाव की रणनीति तैयार की गई।

मंगलवार को नगर के स्वयंबर विवाह घर में आयोजित सम्मेलन में संगठन के सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सतीश महतेले का जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद आगामी 16 नवम्बर को होने वाले संगठन के चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जालौन जनपद आगमन पर उन्हें यहां गहोई वैश्य समाज ने जो सम्मान दिया है वह उन्हें जीवन भर याद रहेगा।

उन्होंने कहा कि संगठन का चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं बल्कि समाज के लोगों की एकजुटता का संदेश है। समाज के लोगों को एकजुट रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में जिस प्रकार सभी ने एकजुटता का परिचय दिया है वह समाज के लोगों का हौसला और आत्मविश्वास दशार्ता है।

वहीं डॉ दिलीप सेठ, अनिल बहुगुणा, अमित गुप्ता लालू सभासद, संजय बिजपुरिया, युद्धवीर कंथरिया ने संयुक्त रूप से समाज के लोगों को आगामी चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने का आवाहन किया।

इस दौरान आये हुए अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक अमित गुप्ता लालू व राजू गुप्ता कुरकुरू ने माल्यर्पण कर स्वागत किया।

सम्मेलन के दौरान पुरुषोत्तमदास घण्टी, सुधीर गुप्ता रामपुरा, पवन गैंडा, विशाल बिस्वारी, धर्मेंद्र बिस्वारी, अनूप गुप्ता, अरुण गुप्ता, आकाश गहोई, कमलेश मानपुरा, टोनी कंथरिया, राजू के, संजय रावत, गौरव हूंका, संजय कुरेले, डॉली गुप्ता, अर्चना, गुप्ता, वंदना पहारिया, अलका कथिल समेत वैश्य गहोई समाज के लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़छाड़ को लेकर मारपीट, सात घायल

**राठ, हमीरपुर।** छेड़छाड़ का विरोध करने पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों से सात लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। चिकासी थाने के टोलाखंगारन गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि पड़ोस की महिला घर पर अकेली थी। तभी गांव का युवक घर में घुस गया और छेड़छाड़ करने का प्रयास करने लगा। शोर मचाने पर महिला का पति मौके पर पहुंच गया तब आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग गया और फिर आरोपी अपने साथियों के साथ आया और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बताया कि हमले पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों पक्षों से सात लोग घायल हुए हैं। दोनों ने ने थाने में तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लाखों की चोरी पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**राठ, हमीरपुर।** एक किन्नर ने डेढ़ किलो चांदी एक तोला सोना व नकदी चोरी हो जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित किन्नर ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है। कस्बे के कांशीराम कालोनी दीवानपुरा मोहल्ला निवासी वफाती पुत्र लल्लू ने बताया कि वह किन्नर समाज से है। वह छह नवंबर को वह घर के बाहर थी। तभी रात करीब नौ बजे फरसौलियाना मोहल्ला निवासी एक युवक उसके घर में ताला तोड़कर अंदर घुस गया। चोर कमरे से डेढ़ किलो चांदी एक तोला सोना पांच बोरी राही एक बोरी अरहर तीन बोरी मसूर और 1,70 लाख रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। बताया कि बाहर निकलते समय उसने व उसके साथियों ने उक्त चोर को पकड़ लिया। बताया कि उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। कोतवाल अमित सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रहे।

### एक हजार ट्रकों पर लगाया जीपीएस सिस्टम

**हमीरपुर।** अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के लिये जिलाधिकारी ने एक हजार ट्रको पर जीपीएस सिस्टम फिट करा दिया है उनका कहना है कि हर ट्रक पर यह सिस्टम लगाया जायेगा चाहे वह प्रदेश की गाडी हो या गैर प्रदेश की गाडी हो। जानकारी के मुताबिक जिले में ओवरलोड व विना रायल्टी के निकल रहे वाहनों पर जिलाधिकारी के आदेश पर टास्क फोर्स टीम ताबडतोड कार्यवाही कर रही है,जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बताया कि जीपीएस सिस्टम से मौरंग भरे वाहन की पूरी जानकारी होती रहेगी इससे ओवरलोड व ट्रको की लोकेशन मिलती रहेगी. इधर एक सप्ताह से चल रही कार्यवाही से कम से कम सौ ट्रको पर कार्यवाही की जा चुकी है बताया जाता है गैर प्रांत से आने वाले ट्रक सबसे ज्यादा ओवरलोड व एनआर में मौरंग का व्यवसाय कर रहे है हालाकि खनिज अधिकारी गैर प्रांत के ट्रकों पर पर भी कार्यवाही कर रहे है। इससे ट्रक चालको में हड़कंप मचा है। इधर टास्क फोर्स टीम ने रात में देर रात तक कार्यवाही कर रही है जिससे पेनाल्ट्री के रुप में लाखो रुपये जमा कराया गया है।

### महोबा में दर्दनाक हादसा, तीन सगी बहनों के शव कुएं से बरामद

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अजनर क्षेत्र में मंगलवार को एक हृदयविदारक हादसे में तीन मासूम बालिकाओं की एक कुएँ में गिर जाने से पानी में डूबकर मौत हो गयी। मृतक बालिकायें सगी बहने थीं।अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया की आरी गांव के अनुसूचित वर्ग के किसान रामलाल की तीनो बेटियां रुचि (8 वर्ष), दीक्षा (7 वर्ष) और पुष्पा (4 वर्ष)सोमवार को परिजनों के साथ खेतों की ओर निकली थीं। कहा जा रहा है की दोपहर तक वे खेत में ही आसपास खेलती देखी गई।

लेकिन फिर अचानक गायब हो गयी। काफी देर तक उनका कही पता न लगने ओर घर न लौटने पर ह्ड़कंप मच गया.परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की ओर मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जिले की पांच थानों की पुलिस फोर्स के साथ बालिकाओ की खोजबीन कराई। पूरी रात चली खोजबीन के उपरान्त मगलवार को तड़के खेत के निकट स्थित एक कुएं में तीनो बालिकाओ के शव पानी में उतराते हुये बरामद किये गए.जिन्हे ग्रामीणों की मदद से कुएं से बाहर निकाला गया। अजनर थाना पुलिस ने तीनो शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

एएसपी वंदना सिंह ने बताया की इस हृदयविदारक घटना की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है तथा पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है.तीनो बालिकाओ के खेलते हुये कुएं में गिर जाने से पानी में डूब कर मौत का शिकार बन जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# छौंक फर्जी बैनामा कांड में अहम किरदार निभाने वाला पुलिस की गिरफ्त से दूर

**पायनियर संवाददाता। कालपी ,जालौन**

छौंक फर्जी बैनामा काण्ड का अहम किरदार भले ही पुलिस की गिरफ्त से बाहर हो पर एसआईटी ने फर्जी विद्यावती को गिरफ्तार कर फजीर्वाडे.की कहानी से पूरी तरह पर्दा उठा दिया है।

वर्ष 2023 में छौंक गांव स्थित वेशकीमती जमीन का फर्जी बैनामा हो गया था जिसमें जालसाजों ने उक्त गांव निवासी विद्यावती पत्नी रघुवीर सिंह के नाम की जमीन का करोड़ों रुपये लेकर बैनामा कर दिया था। मामला उजागर हुआ तो क्रेता कोमल सिंह ने कुछ नामजदों तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था।

मामले की जांच शुरू हुई तो पुलिस आनन फानन इस घटनाक्रम में शामिल दो दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया था जिसमें लाखों रुपये बरामद भी हुआ था लेकिन गत कुछ माह पहले गैर प्रांत में आधार कार्ड घोटाला में पकडे.गये जालौन निवासी धर्मेन्द्र सक्सेना की भूमिका को लेकर शासन ने मामले में फिर से एसआईटी का गठन किया था और जांच में लापरवाही के आरोप में तत्कालीन विवेचक मुहम्मद अशरफ और एसआईटी प्रभारी रहे परमहंस तिवारी को निलम्बित कर अजय पाठक की अगुवाई में नई एसआईटी का गठन किया गया था।

जिसे एसआईटी ने इस फजीर्वाडे. में फर्जी आधार कार्ड बनाने के आरोप में आधार कार्ड संचालक धर्मेन्द्र सक्सेना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और अब इस फर्जी बैनामा मे विद्यावती बनकर जमीन का बैनामा करने वाली वृद्धा रामदेई पत्नी चन्द्रपाल चौरसिया निवासिनी ऐनी खुर्द थाना असीवन जिला उन्नाव को गिरफ्तार किया है इसके अलावा इस मामले में भूमिका निभाने वाले दयाशंकर पुत्र स्व दयाराम निवासी उदनपुरा कालपी के अलावा रामआसरे चौधरी निवासी गोपालगंज बिहार के अलावा वृद्धा का नाती राहुल भी गिरफ्तार हुआ है। फर्जी विद्यावती की गिरफ्तारी के साथ ही इस घटनाक्रम के अहम किरदार के नाम से भी पर्दा उठ गया है हालांकि वह अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है लेकिन एसआईटी की इस सफलता ने अहम इस फजीर्वाडे. के रहस्य से पर्दा पूरी तरह से उठ गया है जबकि अभी तक इस फजीर्वाड़े का मास्टरमाइंड खुलेआम घूम रहा था लेकिन भनक लगते ही वह गायब हो गया है।

**एसआईटी की सफलता से पूर्व विवेचकों पर भी सवाल**

मामले की अक्टूबर 2023 से जांच चल रही है जिसमें दो विवेचक मामले की पहले ही विवेचना पूरी कर मामले को खत्म कर चुके थे लेकिन उनकी कहानी से फर्जी विद्यावती गायब थी।

लेकिन सोमवार को निरीक्षक अजय पाठक की अगुवाई में गठित एसआईटी ने उसे खोज निकाला है जिसमें अन्य कई किरदारों के साथ मामले के अहम किरदार की भूमिका भी सामने आ गयी है जिससे पूर्व जांच अधिकारियों की जांच भी संदेह के दायरे में आ गयी है।

# छात्र जीवन में कभी भी निराशा को घर न करने दें: प्रधानाचार्या

**पायनियर संवाददाता। हमीरपुर**



आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुमेरपुर में कैरियर मेले का आयोजन में कालेज की प्रधानाचार्या डा. स्मृति त्रिपाठी ने कहा कि छात्राएं जीवन में कभी भी निराशा को घर न बनने दे,हमेशा आशावादी व सकारात्मक विचार बनाये रखना होगा। कैरियर मेले की थीम पर विद्यालय की प्रवक्ता डा कोमल ने विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यालय की छात्राओं द्वारा कैरियर से संबंधित विभिन्न मॉडल का भी प्रदर्शन किया गया।

चिकित्सा अधिकारी डॉ परवेज अहमद कादरी ने विज्ञान पढ़ने वाली छात्राओं को चिकित्सा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कैरियर की उपलब्धता हासिल करने को कहा। एसबीआई के शाखा प्रबंधक अमन पाल ने बैंकिंग में कैरियर बनाने के लिए प्रेरित किया. गायत्री विद्या मंदिर सुमेरपुर के प्रधानाचार्य उपेंद्र श्रीवास ने छात्राओं को विभिन्न कहानियों के माध्यम से छात्राओं को अपने जीवन में सफल कैरियर चुनने हेतु अभिप्रेरित किया। आईटीआई के शिक्षक उमेश शर्मा और भुवनेश कुमार ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के स्किल में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कैरियर बनाने की बात कही। सहायक अध्यापिका मयूरी सचान ने खेल के क्षेत्र में कैरियर कैसे बनाएं बताया। माध्यमिक शिक्षा के जिला समन्वयक डॉ यज्ञेश ने सभी छात्राओं को अपने जीवन में एक निश्चित कैरियर का चयन करने को कहा।

## इटरा के हनुमान मेले में उमड़ी आस्था

**सुमेरपुर।** इटरा के सुप्रसिद्ध बजरंगबली मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय मेले के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंगलवार की भोर चार बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें मंदिर प्रांगण में लग गई थीं। पूरे दिन दर्शन.पूजन का दौर चलता रहा शाम होते.होते अनुमानित सवा लाख से अधिक लोगों ने बजरंगबली के पताली प्रतिमा के दर्शन किए। मंदिर की ख्याति न केवल जिले में बल्कि आसपास के जनपदों और राज्यों तक फैली हैए यहां लोग सालभर दरस प्राप्त करने आते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के बाद पड़ने वाले प्रथम मंगलवार को ही यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। मेले के पहले दिन जहां प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए वहीं श्रद्धालुओं के लिए साफ.सफाई भी रखी गई।

## एलपीजी और सीएनजी वाहनों की जांच के निर्देश

**उरई, जालौन।** मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सुरक्षा की दृष्टि से एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया है कि जनपद के भीतर संचालित एलपीजी एवं सीएनजी गैस चालित वाहनों की सघन जांच की जाए। उन्होंने कहा कि बिना मानक और बिना अनुमति के फिट की गई गैस किट मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, इसलिए ऐसे वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जांच अभियान के दौरान वाहन स्वामियों को सुरक्षा मानकों के पालन एवं नियमित फिटनेस जांच के लिए जागरूक किया जाए।

# भगवान की लीलायें मानव जीवन के लिये प्रेरणादायक: पंडित अनुराग

**पायनियर संवाददाता। जालौन**



भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। यह बात कथा व्यास पंडित अनुराग चंसौलिया ने द्वारिकाधीश मंदिर परिसर में आयोजित भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन उपस्थित श्रोताओं के समक्ष कही। इस मौके पर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की मनोहारी झांकी भी प्रस्तुत की गई।

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास पंडित अनुराग चंसौलिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी।

मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह रुक्मिणी के साथ हुआ था। कृष्ण भगवान ने रुक्मिणी का हरण करके उनसे विवाह किया था। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती।

# कालपी में डंके की चोट पर फलफूल रहा सट्टे का अवैध काला कारोबार

**पायनियर संवाददाता। कालपी,जालौन**

कालपी इलाके में सट्टे का अवैध कारोबार खुलेआम फलफूल रहा है। कागजीपुरा, जुलेहटी राजेपुरा, मनीगंज, रामगंज, रावगंज, मिर्जा मंडी, टरननगंज बाजार, और उससे सटे उदनपुरा, हरीगंज आदि मोहल्ले में सट्टे का कारोबार तेजी से अपने पैर पसार चुका है कि अब हर गली-मोहल्ले में (सट्टा एजेंट) उभर रहे हैं।

स्थिति इतनी गंभीर है कि युवा पीढ़ी बड़ी संख्या में इस दलदल में फंसती जा रही है। उनकी जिंदगी बबार्दी की कगार पर है।

इलाके में चल रहे जुआ-सट्टे की जानकारी हर किसी को है, लेकिन पुलिस या तो इस पर जानबूझकर आंख मूंदे बैठी है या फिर कहीं ना कहीं उसका संरक्षण मिल रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, पूरा मामला पुलिस के संज्ञान में है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। इसी का नतीजा है कि लोग अब खुलेआम सट्टा खेलते नजर आते हैं और पुलिस से बेखौफ अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

सट्टेबाज लोगों को एक रुपए को नब्बे बनाने का लालच देकर फंसा रहे हैं। कालपी कोतवाली क्षेत्र में बड़े बड़े रसूख के दम सट्टे का अवैध कारोबार लगातार जारी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवा पीढ़ी और बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी सट्टे में भाग ले रही है।

कालपी पुलिस की लापरवाह से हर गली मोहल्लों में चल रहा सट्टे का कारोबार व्हाट्सएप ऐप को बना लिया सटोरियों ने अपना हथियार 10 रुपए लगाओ 900 रुपए पाओ की किस्मत आजमाते नजर आते हैं। सटोरियों के साथ देने में कुछ सफेदपोश लोगों की अहम भूमिका भी रहती है।

## चादरपोशी में उमड़ा अकीदतमंदों का जनसमूह, धूमधाम से निकाली चादर



**पायनियर संवाददाता। मौदहा हमीरपुर**

क्षेत्र के मांचा गांव स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मरदान अली शाह बुखारी व कस्बे के कपसा रोड स्थित हजरत हामिद शहीद बाबा का सालाना उर्स में धूमधाम से चादर निकाली गई। जो मोहाल भ्रमण के बाद आस्ताने में पेश की गई। उर्स में सुबह कुरानख्वानी हुई जिसके बाद दिन में फातिहा हुआ जिसके बाद लंगर खिलाया गया। वहीं दिन में चादर निकाली गई। हजरत हामिद शहीद बाबा की चादर हजरत शेख चांद बाबा के आस्ताने से निकालकर बाबा के दर पर पेश की गई। इसी तरह हजरत मरदान अली शाह बुखारी की चादर निर्धारित स्थान से निकाली गई जो गांव भ्रमण के बाद आस्ताने में पेश की गई।

# जब डीएम ने एआरटीओ कार्यालय पहुंच अपना लाइसेंस नवीनीकृत कराया

**पायनियर संवाददाता। उरई**



प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहते हुए भी जिलाधिकारी का आम नागरिक की तरह निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से अपना लाइसेंस नवीनीकृत कराना, सुशासन और पारदर्शिता का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है।

मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने परिवहन कार्यालय में स्वयं जाकर ड्राइवर लाइसेंस नवीनीकरण कराया। उन्होंने वहां सबसे पहले लाइसेंस नवीनीकरण हेतु निर्धारित काउंटर पर आवेदन प्रक्रिया पूरी की और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए। इसके बाद, उन्होंने नियमों के अनुसार फीस जमा की और बायोमेट्रिक व फोटोग्राफी की प्रक्रिया पूरी की। जिलाधिकारी ने कतार में लगे अन्य आवेदकों से भी बातचीत की और उनके अनुभवों को जाना। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने परिवहन कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, फिटनेस तथा टैक्स सेक्शन में जाकर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व सुव्यवस्थित बनाया जाए।







# गुंडे और माफियाओं को योगी ने मिट्टी में मिलाया: सतीश चन्द्र शर्मा

**सर्वेश श्रीवास्तव। फतेहपुर, बाराबंकी**

खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर हम सभी एकता और अखंडता का संकल्प दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में गुंडे और माफिया का बोलबाला था, लेकिन आज योगी सरकार में अपराधी थर थर कांपते हैं, ऐसे लोगों को योगी सरकार ने मिट्टी में मिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 'चाहे अयोध्या का विकास हो, भव्य कुंभ का सफल आयोजन, या मातृशक्ति की सुरक्षा – हर क्षेत्र में सरकार ने उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## कुर्सी विधानसभा पर मुख्यमंत्री योगी विशेष कृपा है : साकेंद्र

**पायनियर संवाददाता। फतेहपुर, बाराबंकी**

कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कुर्सी विधानसभा की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहां आपकी विशेष कृपा से आज कुर्सी विधान सभा जो 2017 से पहले अति पिछड़ी विधानसभा थी वो आज विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रही है। साथ ही विधायक ने कुर्सी विधानसभा फतेहपुर रामनगर मार्ग को हाइवे घोषित किए जाने सहित विकास कार्यों तथा पौराणिक एवं धार्मिक स्थलों के नियोजित विकास के लिए अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और सरकार की नीतियों से क्षेत्र का चेहरा बदल रहा है। 2047 तक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने की प्रधानमंत्री मोदी जी की संकल्पना को पूरा करने के लिए हम सब अपना सहयोग करेंगे।

## योगी को पेंटिंग नहीं दे पाया रतन

**पायनियर संवाददाता। फतेहपुर, बाराबंकी**

सिधौली सीतापुर से सिविल इंजीनियरिंग के छात्र रतन बाजपेई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हाथ से बनाई गई स्केच पेंटिंग लेकर सभा स्थल तक पहुंचे और योगी के 40 मिनट तक चल उद्बोधन के दौरान पूरे समय हाथ उठाकर अपनी पेंटिंग मुख्यमंत्री को दिखाने का प्रयास करते रहे लेकिन सफलता न मिलने के कारण छात्र मायूस हो गया। रतन वाजपेई ने कहा कि योगी की पेंटिंग बनाकर लाया था कि मुख्यमंत्री पेंटिंग अपने साथ ले जाएंगे लेकिन ऐसा ना हो सका लेकिन मैं हार नहीं मानूंगा अब मुख्यमंत्री जी के जनता दर्शन कार्यक्रम में जाकर उन्हें अपनी भेंट अर्पित करूंगा।

## चप्पे-चप्पे पर था कड़ा पहरा

कार्यक्रम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पूरे स्थल पर एटीएस कमांडो, बम निरोधक दस्ता, और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहा। मंडलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम शशांक त्रिपाठी, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, सीडीओ अन्ना सुदन, एसडीएम कार्तिकेय सिंह तथा सीओ जगत राम कनौजिया ने मौके पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभाला। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, एमएलसी अवनीश सिंह पटेल, बैजनाथ रावत, मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, राजरानी रावत, प्रियंका रावत, उपेंद्र रावत, त्रिवेदीगंज पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, शरद अवस्थी, पद्मश्री राम शरण वर्मा, अवधेश श्रीवास्तव, शील रत्न मिहिर सहित हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया।

### नजरबंद किए गए सभासद और किसान नेता

**फतेहपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत फतेहपुर के सभासदों एवं भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा समस्याओं एवं भ्रष्टाचार की शिकायत को लेकर ज्ञापन देने की जानकारी लगने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सभासद संतोष मिश्रा एवं भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष फतेहपुर बाबादीन वर्मा को सोमवार रात से नजर बंद कर दिया गया। नजर बंद किए जाने एवं सभा स्थल तक न पहुंचने देने से भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पटेल चौराहे पर धरने पर बैठ गए जहां तहसीलदार वैशाली अहलावत को ज्ञापन सौंपा।

### पीडीए के गढ़ में पस्त हुए विपक्षी, सबके हुए योगी

**फतेहपुर, बाराबंकी।** शासकीय कार्यक्रम के अंतर्गत फतेहपुर के झांसा पुरवा में हुई इस सभा ने पीडीए का गढ़ माने जाने वाले जिले बाराबंकी व विधानसभा कुर्सी में एक नया इतिहास लिख दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन के दौरान बताया कि बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट में 232 हेक्टेयर में एक औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है एवं हैदरगढ़ में 220 हेक्टेयर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का काम हम लोग करने जा रहे हैं। इंडस्ट्रीज से इन्वेस्ट होगा और बाराबंकी जनपद सहित उत्तर प्रदेश का विकास होगा। उन्होंने बताया कि बाराबंकी के मेंथा किस की समस्या को देखते हुए मेंथा पर लगने वाली जीएसटी को 5% किया गया है जबकि सिंथेटिक मेंथा पर अभी 18% जीएसटी लगती है। उन्होंने प्रगतिशील किसानों का अभिनंदन भी किया।

# दिल्ली कार विस्फोट में दिनेश की हुई मौत

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**



- मृतक के परिजनों से डीएम ने फोन पर की बात
- एसडीएम इकौना पहुंचे मृतक के घर

इकौना- सोमवार को दिल्ली में हुए कार में रखे विस्फोटक में हुए विस्फोट में मरने वालों में श्रावस्ती निवासी दिनेश मिश्रा की भी मौत हो गई वह दिल्ली के चावड़ी बाजार में एक प्रिंटिंग प्रेस की दुकान पर काम करते थे दिल्ली मे उनके बड़े भाई भी रहकर काम करते हैं।

दिल्ली में विस्फोट का समाचार न्यूज चैनल पर देखते ही परिजनों ने श्रावस्ती से दिल्ली में दिनेश के नम्बर पर फोन कर उनका हाल जानना चाहा तो उनका फोन स्विच ऑफ मिला जिसपर परिजनों ने दिल्ली में ही रह रहे उनके बड़े भाई से उनका हाल जानकर बताने को कहा तब सभी को इस दुखद घटना का पता चल पाया घटना की सूचना मिलते ही परिजन व क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मंगलवार को जिलाधिकारी अश्विनी पांडेय के निर्देश पर उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल दिल्ली में हुए बम विस्फोट के शिकार हुए मृतक दिनेश मिश्रा के घर पहुच कर परिजनों को सांत्वना दी । जिलाधिकारी ने भी परिजनों से फोन पर बात चीत कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मृतक दिनेश दिल्ली के चावड़ी बाजार में प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में काम करते थे मृतक के पिता भूरे मिश्र ने बताया की उनके तीन छोटे छोटे बच्चे इस दुर्घटना में अनाथ हो गये परिवार का एक सहारा छिन गया । मृतक का शव दिल्ली से श्रावस्ती के लिए रवाना हो चुका है जिसके मंगलवार शाम 6.00 बजे तक श्रावस्ती पहुंचने की संभावना है । मृतक के शव के साथ उनके बड़े भाई और अन्य परिवारीजन मौजूद हैं।

# दिल्ली ब्लाष्ट के बाद श्रावस्ती में हाई अलर्ट

**पायनियर संवाददाता। श्रावस्ती**



- डीएम व एसपी ने रात में ही बार्डर के आसपास क्षेत्रों का किया दौरा
- धार्मिक व भीड़भाड़ वाले स्थलों की बढ़ाई गई सुरक्षा

दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट की घटना के बाद से उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है इसी क्रम में नेपाल से सटे सम्बेदन शील जनपद श्रावस्ती में भी हाई अलर्ट पर है। जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सोमवार की देर रात्रि जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों भीड़ भाड़ वाले इलाकों के साथ साथ इंडो नेपाल बॉर्डर के चिलहरिया मोड़, सुईया बार्डर सहित अन्य स्थानों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने ड्यूटीरत अधिकारी/कर्मचारियों से बातचीत कर वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। किसी प्रकार की आशंका प्रतीत होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराने जाने हेतु बताया गया ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें। जनपद में सुरक्षा एवं सतर्कता के दृष्टिगत जनपद पुलिस द्वारा आने-जाने वाले व्यक्तियो/वाहनो की सघन चेकिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूर्णतः तैयार रहे। पुलिस द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों एवं धार्मिक स्थलों, प्रतिष्ठानों व बस अड्डो पर गस्त कर वाहनों की निरंतर चेकिंग की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा कोई भी सूचना प्राप्त होने पर सीधे पुलिस प्रशासन को अवगत कराएँ।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर, बाराबंकी।** बुधवार की सुबह एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के नारेपुरवा मजरे रोजा गांव में 28 वर्षीय अमरेश पुत्र अशर्फीलाल, जो मानसिक रूप से विचलित बताया जा रहा है, ने गांव के बाहर स्थित नीम के पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।बताया जाता है कि सुबह जब गांव की एक महिला पास के खेत में काम करने पहुंची तो उसने पेड़ से लटकता शव देखा। उसकी चीख सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। परिजनों के अनुसार, अमरेश सुबह से ही घर से लापता था और लंबे समय से डिप्रेशन की समस्या से जूझ रहा था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एड्स पर कानपुर एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेड मयूर फैक्ट्री पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण सोसायटी जनपद कानपुर देहात द्वार रनिया स्थित कानपुर एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेड मयूर फैक्ट्री में एचआईवी स्क्रीनिंग बीडीआरएल स्क्रीनिंग और एचआईवी, एड्स पर जन जागृति अभियान चलाया गया कार्यक्रम में डॉ. आशीष मिश्रा, साधना साहू, विनीत कुमार, अमित कुमार ने अपान एचआईवी और एड्स पर विचार रखे कार्यक्रम का संयोजन लखन शुक्ला, मेराज अहमद, अश्वनी प्रजापति ने किया डॉ. आशीष मिश्रा ने एड्स से बचाव की जानकारी देते हुए बताया एड्स कैसे फैलता है अगर एक सामान्य व्यक्ति एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्त्राव अथवा रक्त के संपर्क में आता है, तो उसे एड्स हो सकता है। आमतौर पर लोग एच.आई.वी. पॉजिटिव होने को एड्स समझ लेते हैं, जो कि गलत है। बल्कि एचआईवी पॉजिटिव होने के 8-10 साल के अंदर जब संक्रमित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण हो जाती है तब उसे घातक रोग घेर लेते हैं और इस स्थिति को एड्स कहते हैं।एड्स होने के 4 अहम वजह पीड़ित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्बन्ध स्थापित करने,दूषित रक्त से।संक्रमित सुई के उपयोग एड्स संक्रमित माँ से उसके होने वाली संतान को।एड्स के लक्षण - एच.आई.वी से संक्रमित लोगों में लम्बे समय तक एड्स के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। लंबे समय तक (3, 6 महीने या अधिक) एच.आई.वी. का भी औषधिक परीक्षण से पता नहीं लग पाता। अधिकतर एड्स के मरीजों को सर्दी, जुकाम या विषाणु बुखार हो जाता है पर इससे एड्स होने का पता नहीं लगाया जा सकता। एच.आई.वी. वायरस का संक्रमण होने के बाद उसका शरीर में धीरे धीरे फैलना शुरू होता है। जब वायरस का संक्रमण शरीर में ज्यादा बढ़ जाता है, उस समय बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। एड्स के लक्षण दिखने में आठ से दस साल का समय भी लग सकता है। ऐसे व्यक्ति को, जिसके शरीर में एच.आई.वी. वायरस हों पर एड्स के लक्षण प्रकट न हुए हों, उसे एचआईवी पॉसिटिव कहा जाता है। पर ध्यान रहे ऐसे व्यक्ति भी एड्स फैला सकते हैं। इस अवसर मनोज शर्मा महाप्रबन्धक ने टीम के प्रति आभार व्यक्त किया हे इस अवसर पर मेराज अहमद, लखन शुक्ला, अश्वनी प्रजापति, आशुतोष शुक्ला आदि उपस्थित रहे

### शतचण्डी महायज्ञ की भव्य शोभायात्रा ने किया नगर भ्रमण



**रूरा, कानपुर देहात।** माँ पाथामाई मंदिर के परिसर में होने वालीं सतचंडी महायज्ञ एवं श्री मद भागवत कथा श्री राम कथा की कलश यात्रा मन्दिर परिसर से श्री धाम बाला जी मन्दिर तक बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नगर वासियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री राम जी गुप्ता, राम बाबू शुक्ला, रविससी नारायण द्विवेदी, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता मोनू, अवधेश शुक्ला,प्रमोद शुक्ला, शरद शुक्ला, व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा अंशुलबाजपेई , सरदार कुलदीप सिंह, रामकिशोर गुप्ता, विजय वेश्य, अखिलेश गुप्ता , आदि लोग उपस्थित रहे कमेटी के अध्यक्ष प्रकास वर्मा ने बताया है की कल दोपहर 12 बजे से वृंदावन से पधारे श्री भूषण जी महाराज द्वारा श्री मद भागवत कथा एवं शाम 7 बजे से श्री पवन अवस्थी द्वारा श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा कमेटी के शिवकुमार त्रिवेदी, दिलीप बाजपेई, सुभाष दीक्षित, बऊआ दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

### डीआईजी व एसपी ने पुखरॉया स्टेशन का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** दिल्ली में हुये कार विस्फोट के बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्रहरीश चन्दर व पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने स्वयं थाना थाना गजनेर क्षेत्रान्तर्गत रिलायंस आयल डिपो व पुखरॉया स्टेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण व सॅवेदनशील स्थानों की चेकिंग की एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने रिलायंस आयल डिपो पर मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था का सूक्ष्मता से जायजा लिया व उपस्थित सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था कायम रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। आम जनता की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण एवं विशेष अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे।

# परिषदीय शिक्षकों की आईसीटी प्रतियोगिता संपन्न



**पायनियर संवाददाता। कानपुर देहात**

तकनीकी दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन में परिषदीय शिक्षकों की एक दिवसीय जनपद स्तरीय आईसीटी (सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ0 कुंवर कुलदीप चौहान असिस्टेंट प्रोफेसर जीएसवीएम यूनिवर्सिटी, डॉ0 आकाश वर्मा एवं श्वेता दीक्षित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सभी ने सरस्वती वंदना का गायन किया। विभिन्न विकास खंडों से आए 40 प्रतिभागी शिक्षकों ने स्मार्ट क्लास, ई-कंटेंट निर्माण, पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन तथा शैक्षिक ऐप्स के उपयोग से अपने नवाचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने शिक्षा में आईसीटी के महत्व को रेखांकित करते हुए यह दर्शाया कि तकनीक के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकता है। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की नोडल डॉ0 मोनिका गुप्ता एवम विषय विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि आईसीटी शिक्षा का भविष्य है और इस दिशा में ऐसे आयोजन शिक्षकों को नवीन तकनीकी विधियों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शिक्षक प्रताप भानु सिंह गौर, द्वितीय स्थान अखिलेश कुमार यादव, तृतीय स्थान विनीत कुमार मिश्र ने प्राप्त किया तथा महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राची द्विवेदी , द्वितीय स्थान कंचन कामिनी, तृतीय स्थान अवंतिका सिंह ने प्राप्त किया।

### जनसुनवाई व जनसमस्याओं का समाधान

# घाटमपुर जनपद में फिर आया प्रथम

**पायनियर संवाददाता। घाटमपुर**

जनसुनवाई व समस्याओं के समाधान में माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी रैंक में पुनः जनपद कानपुर नगर में घाटमपुर तहसील एक बार फिर प्रथम रैंक प्राप्त किया है। प्रदेश की 350 से अधिक तहसीलों में 42 वीं रैंक प्राप्त हुई है। गत माह यह रैंक 71 थी। इस तरह घाटमपुर ने लगातार सुधार किया है।

जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका अभिलेखीय व स्थलीय जाँच हेतु उपजिलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के द्वारा भी क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है। इससे विवाद को जड़ से सुलझाने में मदद मिल रही है। हमारा प्रयास है कि हम आम जनता को उसके गाँव-घर पहुँचकर समस्या का समाधान करें व न्याय दिलायें। इस क्रम में 'प्रशासन आपके द्वार--हम होंगे क़ामयाब के मोटो पर हम काम कर रहे हैं।

### उपजिलाधिकारी...

घाटमपुर तहसील की यह उपलब्धि टीम वर्क का परिणाम है। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में शासन की मंशानुरूप जनसमस्याओं का समाधान तहसील प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों से बेहतर समन्वय रहा है। जनता को त्वरित एवं सुलभ राहत मिल सके, हम इसके लिए सतत प्रयास करते रहेंगे। हम अभी और सुधार करेंगे।

# जमीनी विवाद मे जमकर चले लाठी डंडे व धारदार हथियार

- इलाज के दौरान एक की मौत

**पायनियर संवाददाता। देवा,बाराबंकी**

थाना क्षेत्र के ग्राम धन्नीपुरवा मजरे तासपुर में सोमवार की शाम खेत की मेड़ को लेकर हुई मारपीट में गम्भीर रूप घायल सतीश उम्र(40) पुत्र रामशंकर की मौत हो गई सतीश का इलाज लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में चल रहा था, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है' सोमवार की शाम खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था बताते है कि इसी दौरान सुशील और सुनील पुत्रगण रामसागर ने गाली-गलौज करते हुए सतीश पुत्र रामशंकर पर जानलेवा हमला कर दिया था। सुशील ने कुदाल से और सुनील ने डंडे से वार किया, जिससे सतीश गंभीर रूप से घायल हो गये थे। बीच-बचाव करने पहुंचे संदीप पुत्र रामशंकर और मंगला देवी पुत्री रामशंकर को भी चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी देवा भेजा जहां सतीश की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया सोमवार की देर रात लखनऊ के ट्रामा सेंटर में सतीश की मौत हो गई जबकि अन्य का इलाज सीएचसी देवा में चल रहा है इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के चाचा महेश प्रसाद की तहरीर पर सुशील व सुनील पुत्र रामसागर के विरुद्ध हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

# अधिकारी जिम्मेदारी के साथ निर्धारित समय में पूरा करें काम

- फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को तेजी से करते हुए प्रगति बढ़ाना करें सुनिश्चित

**पायनियर संवाददाता। औरैया**



जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा करते हुए तहसीलदार/ खंड विकास अधिकारी सहित संबंधितों को निर्देशित किया कि पंचायत चुनाव वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाए जाने के साथ-साथ आधार नंबर के अंतिम चार अंक प्राप्त सूची में नामित मतदाताओं के नाम में जुड़ने, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस आई आर) की कार्यवाही को तेजी से कराने के लिए प्रशिक्षित बीएलओ को सामग्री उपलब्ध कराने तथा अप्रशिक्षित बीएलओ की सूची तैयार करने के कार्य के साथ-साथ लेखपाल और सुपरवाइजर को बूधवार गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए जिससे कार्य में विलंब न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी अपने कार्य से संबंधित अधिकारों/कर्तव्यों का भली-भांति अध्ययन करते हुए कार्य को अंजाम दें/दिलाए। जिससे कार्य में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी/भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो और कार्य सही रूप से समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव से संबंधित डुप्लीकेट वोटर के कार्य को खंड विकास अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर सोमवार तक पूर्ण कराते हुए अवगत कराये। उन्होंने कहा कि कार्य को सूचीबद्ध करते हुए, करने से कार्य में विलंब नहीं होता है और कार्य सही व समय से पूर्ण हो जाता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं /कार्यों को ग्राम पंचायत बार सूचीबद्ध करते हुए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की कार्यवाही करें जिससे कोई भी कार्य /आवेदन में विलंब न हो तथा पात्र लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने पराली जलाने के तहसील औरैया में प्राप्त तीन मामलों का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें साथ ही सभी संबंधितों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में अन्नदाताओं को पराली जलाने से कृषि भूमि में होने वाली क्षति के संबंध में जागरूक करें ।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 24 से

**जयपुर।** पांचवें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) का आयोजन 24 नवम्बर से पांच दिसंबर तक राजस्थान में होगा।अधिकारियों ने बताया कि राजस्थान में इन खेलों का आयोजन पहली बार हो रहा है। ये खेल राज्य के सात शहरों अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, कोटा एवं जोधपुर में होंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राज्य सरकार इन खेलों के सफल आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित कर रही है। सभी संभागों में इस संबंध में जिला प्रशासनों द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। साथ ही, राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद में भी इस संबंध में समितियों का गठन कर खेलों के भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं।

### आईपीएल नीलामी अबू धाबी में

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र की नीलामी दिसंबर के मध्य में अबू धाबी में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। दुबई (2023) और जेद्दा (2024) के बाद यह लगातार तीसरी बार होगा जब नीलामी विदेश में आयोजित की जाएगी। नीलामी का आयोजन 15 या 16 दिसंबर को होने की संभावना है। अधिकारी ने कहा, अबू धाबी को नीलामी स्थल के रूप में चुना गया है। पिछले साल सऊदी अरब में हुई मेगा नीलामी के बाद यह एक छोटी नीलामी होगी।

### ऐश्वर्या ने जीता रजत पदक

**काहिरा।** ओलंपियन ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में रजत पदक जीता। ऐश्वर्या ने 466.9 अंक हासिल किए और चीन के युकुन लियू (467.1) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा का कांस्य पदक फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे (454.8) ने जीता। फाइनल में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय नीरज कुमार 432.6 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। इससे पहले 24 वर्षीय ऐश्वर्या ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने हेतु विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। ऐश्वर्या ने क्वालीफिकेशन में 597 (40 एक्स) का स्कोर बनाकर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की उनके हमवतन नीरज भी 592 अंकों के साथ फाइनल में पहुंच गए।

### पाक क्रिकेटर नसीम शाह के पैतृक घर के बाहर गोलीबारी

**लाहौर।** खैबर पख्तूनख्वा के लोअर दीर जिले में पाकिस्तानी तेज गेंदबाज नसीम शाह के पैतृक घर के गेट पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की लेकिन इस गेंदबाज ने श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय के लिए टीम के साथ रहने का फैसला किया क्योंकि इस घटना में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। नसीम के करीबी एक सूत्र ने घटना की पुष्टि की है जिसकी जांच की जा रही है। श्रीलंका के खिलाफ मैच मंगलवार को रावलपिंडी में खेला जा रहा है। सूत्र ने कहा,नसीम और उनके परिवार के अधिकांश सदस्य अब इस्लामाबाद में रहते हैं लेकिन लोअर दीर में उनके कुछ करीबी रिश्तेदार हैं जो उनके पैतृक घर पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि नसीम ने अपने परिवार से बात करने के बाद आश्वासन दिया कि घटना की जांच की जा रही है और उन्हें अपने क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

**नईदिल्ली।** भारत ने दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मॉडर्न स्कूल मैदान में इस विश्व कप का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत दिव्यांगजनों के लिए समर्थनम ट्रस्ट की दिल्ली शाखा के छात्रों द्वारा सांकेतिक भाषा में प्रस्तुत राष्ट्रगान के साथ हुई। ठाकुर ने इस मौके पर कहा,मैं सभी टीमों को विश्व कप के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें हम आपको टेलीविजन पर देखेंगे।

# दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से पहले गिल ने ईडन गार्डन्स में किया अभ्यास

## जायसवाल और सुदर्शन ने भी जमकर बहाया पसीना, पहला टेस्ट 14 से

**एजेंसी। कोलकाता**



मंगलवार को ईडन गार्डन्स में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर से बात करते जसप्रीत बुमराह।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि सीमित ओवरों के प्रारूपों से लाल गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव में समय लगता है और इसलिए उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पूर्व अपनी तकनीक को दुरुस्त करने के लिए मंगलवार को यहां नेट्स पर करीब डेढ़ घंटा बिताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है क्योंकि पिछले महीने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उसने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ कराई थी।

गिल ने पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों में अर्धशतक और नाबाद शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे। वह ऑस्ट्रेलिया में वनडे और टी-20 मैचों की आठ पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए और उनका उच्चतम स्कोर 46 रन रहा। लेकिन टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद वह प्रतिबद्ध दिखे और उन्होंने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत की।

नेट अभ्यास से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहायक कोच सीतांशु कोटक को उनके साथ लंबी बातचीत करते हुए देखा गया, जिसमें संभवतः उनके खेलने के तरीके पर चर्चा की गई। गिल बाद में स्लिप में फील्डिंग के अभ्यास के लिए अपने साथियों के साथ शामिल हुए और फिर यशस्वी जायसवाल के साथ नेट पर अभ्यास करने के लिए चले गए। स्पिन से शुरुआत करते हुए उन्होंने रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर का सामना किया। तेज गेंदबाजी की नेट पर गिल ने पहले जसप्रीत बुमराह का कुछ ओवरों तक सामना किया। इसके बाद उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी और कुछ स्थानीय क्लब गेंदबाजों का सामना भी किया। इसके बाद सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने उनके लिए ऊंचाई से थ्रोडाउन करने के लिए साइडआर्म का इस्तेमाल किया,जिससे गिल को अतिरिक्त उछाल और तेज रफ्तार वाली गेंदों पर अभ्यास करने का मौका मिला। गिल नेट पर एक घंटे से अधिक समय बिताने के बाद गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल की निगरानी में 30 मिनट तक थ्रोडाउन पर अभ्यास करने के लिए पिच पर चले गए। गेंदबाजी कोच ने यहां पर उनके लिए करीब से खुद गेंदबाजी की।

रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिए 67 और 156 रन की पारी खेलने वाले जायसवाल ने भी लंबे समय तक विकेट पर मोर्केल और थ्रोडाउन का सामना किया। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज़ सहज लय में दिख रहा था तथा आत्मविश्वास के साथ ड्राइव और पुल कर रहा था। नेट पर महत्वपूर्ण समय बिताने वाले एक अन्य बल्लेबाज तमिलनाडु के युवा साई सुदर्शन थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए की ओर से दो अनधिकृत टेस्ट मैचों में केवल 84 रन बनाए थे।टीम प्रबंधन उन्हें तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में तैयार कर रहा है लेकिन वह अभी तक अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं।



पहले टेस्ट से पूर्व नेट पर अभ्यास करते भारतीय कप्तान शुभमन गिल



मंगलवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले स्टेडियम का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी।



दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम मंगलवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में पहले टेस्ट मैच से पहले एक प्रशिक्षण सत्र के दौरान फुटबॉल खेलते हुए।

## यह टेस्ट श्रृंखला डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए अहम है: सिराज



**कोलकाता।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पूरा विश्वास है कि वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के गत विजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करेंगे। भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है। उसने इस चक्र के शुरू में घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज को दो टेस्ट मैच में हराने से पहले इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-2 से श्रृंखला बराबर की थी। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ के साथ की। सिराज ने जियोस्टार पर कहा,यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भले ही उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ खेली, लेकिन हम अपनी अच्छी फॉर्म से आश्वस्त हैं। हमने सकारात्मक माहौल तैयार किया है। हमने इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और वह 23 विकेट लेकर श्रृंखला में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे। उन्होंने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दो मैचों में 10 विकेट लिए। उन्होंने कहा,मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा हूं और इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहा हूं। मज़बूत टीमों का सामना करने से उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है जिनमें सुधार की जरूरत है और मैं इस चुनौती के लिए वास्तव में काफी उत्साहित हूं।

## सीएम योगी आज करेंगे जूनियर हॉकी विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरई की मेजबानी में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ट्रॉफी का बुधवार को यहा अपने आवास पर अनावरण करेंगे। जूनियर हॉकी विश्वकप की यह ट्रॉफी अपने प्रमोशनल टूर के तहत देश के अलग-अलग शहरों में घूमते हुए बुधवार को यहां पहुंच रही है और लखनऊ में रुकने के बाद यह उदयपुर जाएगी।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास में आयोजित एक खास समारोह में इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी का अनावरण करेंगे। ट्रॉफी देशभर के विभिन्न शहरों से होते हुए 12 नवंबर को लखनऊ पहुंचेगी। यहां से ट्रॉफी का अगला पड़ाव उदयपुर होगा। इस मौके पर खेलमंत्री गिरीश चंद्र यादव, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, डायरेक्टर जनरल हॉकी इंडिया आरके श्रीवास्तव, खेल सचिव सुहास एलवाई, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह और उत्तर प्रदेश हॉकी के महासचिव रजनीश मिश्रा भी मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री आवास पर ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम के बाद ट्रॉफी को केडी सिंह बाबू स्टेडियम लाया जाएगा। स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक इस ट्रॉफी को देख सकेंगे और इसके साथ सेल्फी ले सकेंगे। बताते चलें कि चेन्नई और मदुरई में 15 दिनों तक चलने वाले जूनियर हॉकी के महाकुंभ में विजेता टीम को यह चमचमाती हुई ट्रॉफी दी जाएगी। वर्ष 2016 में जूनियर हॉकी विश्वकप लखनऊ में आयोजित किया गया। कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम पर इस आयोजन के मुकाबले खेले गए थे। यहां फाइनल में भारत हॉकी टीम के रणबांकुरों धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को परास्त कर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया था। यूपी हॉकी के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि लखनऊ में जूनियर विश्वकप ट्रॉफी के स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्यमंत्री आवास के बाद ट्रॉफी केडी सिंह बाबू स्टेडियम आएगी, जहां शहर के खिलाड़ी इसका दीदार करेंगे।

## राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट 17 नवंबर से

**लखनऊ।** केडी सिंह बाबू मेमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में 17वां पद्मश्री पं. जमान लाल शर्मा स्मृति जूनियर (अंडर-14) राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक चन्द्रभान गुप्त खेल मैदान (नेशनल कॉलेज ग्राउंड), लखनऊ में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में राज्य की कुल 16 टीमें हिस्सा लेंगी। करमपुर, लखीमपुर, प्रयागराज, बी.एच.यू. वाराणसी, मेरठ, सीतापुर, रामपुर, गाजीपुर, लखनऊ, कौशाम्बी, बाराबंकी, झांसी, कानपुर, आजमगढ़, भदोही और विवेक एके-डमी वाराणसी। टूर्नामेंट नॉकआउट प्रणाली पर खेला जाएगा।लखनऊ टीम के चयन हेतु ट्रायल्स 12 नवम्बर 2025 को दोपहर 2:00 बजे से चन्द्रभान गुप्त खेल मैदान (नेशनल कॉलेज ग्राउंड) पर आयोजित किए जाएंगे।इच्छुक खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से कम है, वे ट्रायल में भाग लेने के लिए श्री कुलदीप मोरिया, हॉकी कोच, के. डी. सिंह बाबू सोसायटी से संपर्क कर सकते हैं।

## जल्द शुरू हो आईएसएल का नया सत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है।

यह अपील ऐसे समय में की गई है जब अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्टूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है।



फुटबॉल खिलाड़ियों का आईएसएल शुरू करने का आग्रह, कहा हताशा और गुस्सा व्याकुलता में बदल गए हैं

हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं। उन्होंने कहा,पूरा भारतीय फुटबॉल तंत्र अनिश्चितता में डूबा हुआ है। सपने थम गए हैं। भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हर दिन हम इंतजार करते हैं। हम व्याकुल हैं। हमें तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है। गोलकीपर गुरप्रीत वालिया जैसे राष्ट्रीय टीम के कई फुटबॉलरों ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हुए एक संदेश साझा किया। खिलाड़ियों ने बयान में कहा,हम इंडियन सुपर लीग में खेलने वाले पेशेवर फुटबॉलर मिलकर यह अपील करते हैं कि हम इंडियन सुपर लीग का सत्र शुरू करने के लिए एकजुट हैं। सीधे शब्दों में कहें तो हम खेलना चाहते हैं । बयान में कहा गया है, हमारे गुस्से, हताशा और परेशानी की जगह अब व्याकुलता ने ले ली है। हम उस खेल को खेलने के लिए बेताब हैं जिसे हम प्यार करते हैं। हम अपने परिवार और प्रशंसकों के लिए खेलने को लेकर बेताब हैं जो हमारे लिए सब कुछ में खेल प्रशासकों से आग्रह किया गया कि वे मौजूदा संकट से निपटने का रास्ता निकालें। इसके कारण मोहन बागान जैसे शीर्ष क्लबों को अपना अभ्यास सत्र रोकना पड़ा है। इसमें कहा गया,यह देश में हमारे खेल को संचालित करने वाले सभी लोगों से एक अपील है कि वे फुटबॉल सत्र को शुरू करने के लिए जो भी संभव हो वह करें। भारत को प्रतिस्पर्धी फुटबॉल की आज पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरत है। खिलाड़ियों ने बयान में कहा,जहां तक हमारा सवाल है तो हम प्रतिबद्ध हैं, पेशेवर हैं और जैसे ही हमें बताया जाएगा हम तुरंत खेलने के लिए तैयार हैं।

# रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, 65 साल में पहली बार दिल्ली को दी मात

**एजेंसी। नईदिल्ली**

दिल्ली क्रिकेट को नयी शर्मिंदगी से दोचार होना पड़ा जब सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को यहां उसे सात विकेट से शिकस्त देकर उसके खिलाफ रणजी ट्रॉफी में 65 साल में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी। सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है।

**1960**
से अब तक 43 बार दिल्ली और जम्मू-कश्मीर का आमना-सामना हुआ है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है।

जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू कश्मीर को आसान जीत दिला दी। जम्मू कश्मीर ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट से आगे से की। इकबाल ने रात्रि प्रहरी वंशज शर्मा (60 गेंद में आठ रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत से दूर कर दिया। बीते दिन जिस पिच पर बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था वहां इकबाल ने जिम्मेदारी उठाते हुए मनन भारद्वाज और ऋतिक शौकिन जैसे दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी की। इन स्पिनरों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली। इकबाल ने शतकीय पारी के दौरान एक हाथ से स्लॉग स्वीप पर मन मुताबिक बाउंड्री लगाये। जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र में वह रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गये। डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाये। प्रियांश आर्य जैसे आक्रामक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है।



**हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ खेला:** वहीं एक अन्य ग्रुप मैच में हैदराबाद ने राजस्थान के खिलाफ ड्रॉ रहे मैच में पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक हासिल कर लिये। हैदराबाद के पहली पारी के 364 रन के जवाब में राजस्थान ने 269 रन बनाये थे। हैदराबाद ने दूसरी पारी नौ विकेट पर 244 रन पर घोषित करके राजस्थान को 340 रन का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में उसने तीन विकेट पर 207 रन बना लिये थे। राजस्थान को मैच से एक ही अंक मिला। हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 120 रन से हराकर मुंबई 17 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। जम्मू कश्मीर 14 अंक लेकर दूसरे,नगालैंड को पारी व 265 रन से हराकर उत्तर प्रदेश तीसरे व पुडुच्चेरी को दस विकेट से हराकर छत्तीसगढ चौथे स्थान पर है।

## विदर्भ ने ओडिशा को 100 रन से हराया

**नागपुर।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रेखाडे के पांच विकेट की बदौलत विदर्भ ने मंगलवार को यहां ओडिशा को 100 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी के ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।जीत के लिए 345 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वस्तिक सामल (65) और गौरव चौधरी (47) के बीच पहले विकेट की 100 रन की साझेदारी के बावजूद ओडिशा की टीम 84 ओवर में 244 रन पर सिमट गई। विदर्भ अब 19 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है जबकि ओडिशा केवल एक अंक के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। चौथे और अंतिम दिन बिना किसी नुकसान के 44 रन से आगे खेलते हुए सामल और चौधरी ने 56 रन और जोड़े। रेखाडे (80 रन पर पांच विकेट) ने 24वें ओवर में चौधरी को पगबाधा करके टीम को पहली सफलता दिलाई।इसके तुरंत बाद सामल भी रेखाडे का शिकार हुए। संदीप पटनायक 105 गेंद में 27 रन की जुझारू पारी खेलने के बाद 38वें ओवर में प्रफुल्ल हिंगे का शिकार बने। कप्तान सुभ्रांशु सेनापति (28) और गोविंदा पोद्दार (46) ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन अच्छी शुरुआत को भुना नहीं पाए और ओडिशा नियमित अंतराल पर विकेट गंवाता रहा। हिंगे (41 रन पर तीन विकेट) ने रेखाडे का अच्छा साथ देते हुए तीन विकेट चटकाए। वडोदरा में सलामी बल्लेबाज शिखर मोहन के नाबाद 102 रन की बदौलत झारखंड ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 226 रन बनाए और फिर बड़ौदा के साथ ड्रॉ पर सहमति जताई। पहली पारी में बढ़त के आधार पर झारखंड को तीन अंक मिले और टीम 18 अंक के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। बड़ौदा को एक अंक मिला और टीम नौ अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। कप्तान डेनिश दास और सीनियर बल्लेबाज शिवशंकर रॉय के शतकों की मदद से असम ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे और आखिरी दिन मंगलवार को त्रिपुरा से ड्रॉ खेला ।

# डोसा-इडली बैटर फटाफट तैयार करने की पान वाली ट्रिक

ब्रेकफास्ट में डोसा या इडली खाना ज्यादातर लोगों को पसंद आता है। लेकिन इसे खाने का स्वाद तभी आता है जब डोसा या इडली का बैटर अच्छी तरह से फर्मेंट हो। नेचुरल तरीके से फर्मेंट ये बैटर गट हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। गर्मी में तो डोसा के बैटर में आसानी से चार से पांच घंटे में फर्मेंटेशन हो जाता है। लेकिन सर्दियों में बैटर जल्दी से फूलता नहीं है और डोसा बनाना हो या इडली मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ये कुछ नेचुरल तरीके से फर्मेंट करने के टिप्स आपके काम आ सकते हैं।

**पान के पत्ते से करें फर्मेंट:** डोसा या इडली को साउथ इंडिया में फर्मेंट करने के लिए पान के पत्ते का इस्तेमाल ट्रेडिशन तरीके से फर्मेंट करने के लिए किया जाता है। बस बैटर को पीसकर उसके ऊपर पान के एक पत्ते को रखें और उसके ऊपर एक घी का दीया जलाकर रख दें और ऊपर से ढंक दें। फिर कुछ देर बाद दीये को बुझा दें। दो से तीन घंटे में ही ये बैटर नेचुरल तरीके से फर्मेंट हो जाएगा और इसके स्वाद में खट्टापन नहीं होगा।

**यीस्ट से करें फर्मेंट:** फूड ब्लॉगर शिल्पी बताती हैं कि डोसे-इडली के बैटर को ठंडे मौसम में इंस्टेंट तरीके से फर्मेंट करने के लिए ड्राई यीस्ट का इस्तेमाल करें। यीस्ट को गुनगुने पानी में डालकर एक्टिवेट कर लें और फिर बड़े बर्तन में डालकर दाल पीसकर डाल दें और फिर चावल डाल दें। रातभर में ये डोसा बैटर आराम से फर्मेंट हो जाएगा और टेस्ट बढ़िया आएगा।

**कुकर में करें फर्मेंट:** सर्दियों में डोसा-इडली का बैटर अगर अच्छे से फर्मेंट नहीं होता है तो कुकर में एक से दो गिलास गर्म पानी डालकर उसके ऊपर डोसा के बैटर का बर्तन रखकर ढक्कन बंद कर दें। फिर 6-8 घंटे के लिए छोड़ दें। डोसा बैटर अच्छे से फर्मेंट हो जाएगा।

**नमक डालकर रखें:** सर्दियों में इडली बैटर फर्मेंट करने के लिए बैटर को अच्छी तरह से फेंटे और उसमे नमक डालकर तब रातभर के लिए कंबल में लपेट कर रखें। ऐसा करने से भी बैटर फर्मेंट होगा और उसका टेस्ट अच्छा आएगा।

**ईनो मिलाए:** डोसा-इडली का बैटर अगर इंस्टेंट तरीके से बनाना है तो उसमे ईनो मिला दें। ध्यान रहे कि कि इसकी मात्रा कम ही रखें जिससे कि टेस्ट ना खराब हो। ये फटाफट बैटर को स्पंजी बना देता है। लेकिन ध्यान रहे कि इससे बैटर फर्मेंट नहीं होता और इसमे गुड बैक्टीरिया नहीं पनपते।





# साबूदाने से बनाएं ऐसी बिरयानी जिसे खाकर नॉन-वेज लवर्स भी कहेंगे वाह

अक्सर कई लोगों का लंच में कुछ नया और हेल्दी खाने का मन करता है, लेकिन समझ नहीं आता कि वेज डिश में कुछ अलग कैसे बनाया जाए। ऐसा अक्सर होता है कि लोग अपनी रेसिपी के बारे में बहुत सोचते हैं और फिर वही पुरानी खिचड़ी, दाल या चावल ही बना लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि घर में मौजूद नॉर्मल सी सामग्री से एक ऐसी डिश बनाई जा सकती है, जो न सिर्फ टेस्ट से भरपूर होती है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहतरीन होती है। ये डिश साबूदाना बिरयानी है। यह एक ऐसी डिश है जो हर किसी को पसंद आएगी, चाहे वह वेज लवर हो या नॉनवेज लर्व। आपने साबूदाना को आमतौर पर वड़ा, खिचड़ी या व्रत के दौरान ही देखा होगा, लेकिन क्या आपने कभी इसस बनी टेस्टी और हेल्दी बिरयानी नहीं खाई होगी। यह डिश न सिर्फ टेस्टी है, बल्कि इसे बनाना भी बेहद आसान है और सबसे खास बात, इसे सिर्फ 20 से 25 मिनट में तैयार किया जा सकता है। तो चलिए जानते हैं कि नॉन-वेज लवर्स की भी फेवरेट वेज स्पेशल साबूदाना बिरयानी घर में कैसे तैयार करें।

**साबूदाना बिरयानी घर में कैसे तैयार करें:-**

- घर में साबूदाना बिरयानी बनाने के लिए सबसे पहले साबूदाना को अच्छे से धो लें और फिर 3-4 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें। जब साबूदाना अच्छे से फूल जाएं, तो इन्हें छलनी में डालकर पानी अलग निकाल लें।
- अब एक कढ़ाई में घी या तेल गरम करें। जब तेल गर्म हो जाए, तो उसमें जीरा, हरी मिर्च, करी पत्ता और मूंगफली डालकर अच्छे से भूनें। मूंगफली का हल्का सा सुनहरा होने तक भूनें ताकि उसका टेस्ट अच्छा आए।
- इसके बाद उबले हुए आलू को छोटे टुकड़ों में काटकर कढ़ाई में डालें और उन्हें हल्का सा भून लें। आलू को ज्यादा पकाना नहीं है, बस हल्का सा टॉस कर लें ताकि वो मसाले के साथ अच्छे से मिल जाएं।
- अब इसमें भिगोकर रखा हुआ साबूदाना डालें। साबूदाना डालने के बाद उसमें सेंधा नमक, काली मिर्च पाउडर डालकर अच्छे से मिला लें। इस मिक्सचर को मीडियम आंच पर 3-4 मिनट तक पकाएं, ताकि साबूदाना अच्छे से पक जाए और उसका टेस्ट सब मसालों के साथ मिल जाए।
- अब गैस बंद करने से पहले इसमें नींबू का रस और हरा धनिया डालें। आप चाहें तो टेस्ट बढ़ाने के लिए इलायची पाउडर भी डाल सकते हैं। सब चीजों को अच्छे से मिला लें।
- अब आपकी साबूदाना बिरयानी तैयार है, इसे गरमागरम दही या रायता के साथ परोसें।

# सन ड्राइड टोमैटो अचार रेसिपी



भारतीय भोजन में अचार का अपना अलग ही स्थान है, यह हर थाली का स्वाद बढ़ाने वाला अहम हिस्सा होता है। पारंपरिक आम और नींबू के अचार के बीच, सन ड्राइड टोमैटो अचार यानी सूखे टमाटरों से बना अचार एक नया और स्वादिष्ट ट्विस्ट लाता है। धूप में सूखे रसदार टमाटरों को जब सरसों के तेल और मसालों के साथ मिलाया जाता है तो उसका स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा- तीनों का अद्भुत मिश्रण बन जाता है।

**आवश्यक सामग्री:** 10-12 पके हुए टमाटर, 1 बड़ा चम्मच सरसों के दाने, 1 छोटा चम्मच मेथी दाने, 1 बड़ा चम्मच लाल मिर्च पाउडर (स्वादानुसार), ½ छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, स्वादानुसार नमक, ½ कप सरसों का तेल (गरम करके ठंडा किया हुआ), 1 नींबू का रस

**विधि:-**

**टमाटर सुखाना:** टमाटरों को आधा काट लें और 2-3 दिनों तक धूप में सूखने दें, जब तक वे हल्के सूखे और चमड़े जैसे ना हो जाएं।

**मसाले तैयार करें:** मेथी और सरसों के दानों को हल्का भूनकर दरदरा पीस लें।

**सभी सामग्री मिलाएं:** सूखे टमाटरों में तैयार मसाले, लाल मिर्च, हल्दी और नमक डालें।

**तेल और नींबू मिलाएं:** सरसों का तेल और नींबू रस डालकर अच्छी तरह मिलाएं ताकि सभी टमाटर अच्छी तरह कोट हो जाएं।

**धूप में रखें:** मिश्रण को कांच की साफ बोतल में भरें और 1-2 दिन तक धूप में रखें।

**परोसने के लिए तैयार:** यह अचार किसी भी भारतीय भोजन के साथ शानदार लगता है।

# मक्के की रोटी के बिना अधूरा है सरसों के साग का मजा

**देश-दुनिया में पंजाबी खानपान का बोलबाला है। मौसम के अनुसार पंजाबी रसोई के स्वाद और खुशबू में भी बदलाव आने लगता है। सर्दियों का मौसम शुरू होने को है, ऐसे में बाजार में हर जगह सरसों का साग नजर आने लगा है। सरसों का साग खाने में इतना स्वादिष्ट होता है कि पंजाबी रेसिपी होते हुए भी इसे ज्यादातर लोगों के घरों में सर्दियो में बनते हुए देखा जाता है। यह भारतीय लोगों की पसंदीदा विंटर स्पेशल रेसिपी है। लेकिन क्या आप जानते हैं सरसों का साग बिना मक्के की रोटी के अधूरा बना रहता है। हालांकि कई लोग मक्के की रोटी बनाने से सिर्फ इसलिए बचते रहते हैं क्योंकि यह बेलते समय चकले में चिपकने से टूटकर खराब हो जाती है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो आइए जानते हैं मक्के की रोटी को बनाने का क्या है सही तरीका।**





## मक्के की रोटी बनाने की विधि

मक्के की रोटी बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में मक्के का आटा डालकर उसमें चुटकीभर नमक मिला दें। इसके बाद गुनगुना पानी लेकर उसे आटे में थोड़ा-थोड़ा करके डालते जाएं और उससे मक्के का सख्त आटा गूंथ लें। इसके बाद आटे को कपड़े से ढककर आधा घंटे के लिए रेस्ट करने के लिए अलग रख दें। तय समय के बाद मक्के के आटे को दोबारा गूथें। अब आटे की समान अनुपात वाली लोइयां बनाएं। अब एक नॉनस्टिक पैन को मीडियम आंच पर गर्म कर लें। अब आटे की एक लोई लेकर उसे छोटी रोटी के आकार में बेल लें। जब तवा गर्म हो जाए तो उस पर मक्के की रोटी डालकर पकाएं। कुछ देर बार रोटी पलटें और उसे दूसरी तरफ से भी पकने दें। इसके बाद रोटी को खुली आंच पर फूल जाने तक दोनों ओर से पकाएं। रोटी के पक जाने पर आप उसके दोनों तरफ मक्खन लगाएं।

### रोटी बनाने के लिए सामग्री

- 2 कप मक्की का आटा
- 1 बड़ा चम्मच मक्खन
- नमक स्वादानुसार

### टिप्स:-

- मक्के की रोटी को बेलने के लिए सूखे मक्के के आटे का हल्का सा पलोथन लगाएं।
- मक्के का आटा हाथों की हथेली और उंगलियों से मिसते हुए गूथें। इस तरह से मिसलने से मक्के का आटा गेहूं के आटे जितना ही सॉफ्ट और चिकना हो जाएगा।
- मक्के का आटा गूंथने के लिए ठंडा नहीं गर्म पानी का यूज करें।



# घर में ऐसे बनाएं गोलगप्पे का चटकारेदार पानी

भारत में अगर किसी स्ट्रीट फूड की बात की जाए जो हर उम्र के लोगों की पहली पसंद हो तो गोलगप्पे का नाम सबसे पहले आता है, लेकिन बरसात या सर्दी के मौसम में बाहर का खाना हर किसी को थोड़ा डराता है, कहीं पेट खराब न हो जाए। ऐसे में अगर आप चाहें तो घर पर ही बाजार जैसे कुरकुरे गोलगप्पे और चटपटा पानी बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि घर में कैसे गोलगप्पे का एकदम चटकारेदार पानी बनाएं।

घर में गोलगप्पे बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, सूजी, थोड़ा सा नमक और एक चम्मच तेल डालें। अब इसे हाथों से अच्छे से मिक्स करें ताकि सब कुछ एक जैसा हो जाए फिर धीरे-धीरे पानी डालकर इसका थोड़ा सख्त आटा गूंथ लें। घर में गोलगप्पे बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़े बर्तन में गेहूं का आटा, सूजी, थोड़ा सा नमक और एक चम्मच तेल डालें। अब इसे हाथों से अच्छे से मिक्स करें ताकि सब कुछ एक जैसा हो जाए फिर धीरे-धीरे पानी डालकर इसका थोड़ा सख्त आटा गूंथ लें।

अब इस गूंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें. इन लोइयों को एक गीले कपड़े से ढककर 5 मिनट के लिए रख दें। इससे आटा थोड़ा सेट हो जाएगा और बेलने में आसानी होगी। अब इस गूंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें। इन लोइयों को एक गीले कपड़े से ढककर 5 मिनट के लिए रख दें। इससे आटा थोड़ा सेट हो जाएगा और बेलने में आसानी होगी। इसके बाद हर लोई को छोटे-छोटे पूरियों के आकार में बेल लें। तेल को कढ़ाई में गर्म करें और मध्यम आंच पर इन पूरियों को तलें जब तक ये फूलकर सुनहरे न हो जाएं। तले हुए गोलगप्पे को टिशू पेपर पर निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाए। इसके बाद हर लोई को छोटे-छोटे पूरियों के आकार में बेल लें। तेल को कढ़ाई में गर्म करें और मध्यम आंच पर इन पूरियों को तलें जब तक ये फूलकर सुनहरे न हो जाएं। तले हुए गोलगप्पे को टिशू पेपर पर निकाल लें ताकि एक्स्ट्रा तेल निकल जाए। अब सबसे खास गोलगप्पे का चटपटा पानी बनाने के लिए मिक्सी में पुदीने की पत्तियां, धनिया पत्तियां, अदरक का छोटा टुकड़ा, हरी मिर्च, थोड़ा इमली का पल्प, इन सबको पीसकर एक हरा पेस्ट बना लें फिर इस पेस्ट को एक बड़े बर्तन में 1 लीटर ठंडे पानी में मिलाएं।



# दही से चटपटा मट्ठा कैसे बनाएं

दही तो ज्यादातर लोग खाना पसंद करते हैं लेकिन क्या आप मट्ठा पीते हैं, इसे छाछ भी कहा जाता है। सर्दी हो या गर्मी मट्ठा पीने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। चटपटा छाछ पीने से आपको पाचन संबंधी समस्याएं नहीं होंगी। बाजार से खरीदा हुआ छाछ पीने से बेहतर है कि आप घर पर दही से इसे मिनटों में बना लें। चलिए बताते हैं दही से मट्ठा कैसे बनाएं।



## दही कैसे जमाएं

सबसे पहले आपको दही का तोड़ लेना है। आप इसे बाजार से खरीद लें या फिर घर पर रखी दही से बचाएं। दही में गुनगुना दूध डालकर चलाएं। अब इसे गर्म जगह पर 12-14 घंटे के लिए रख दें। जब आपका दही अच्छे से जम जाए, तब इससे मट्ठा आसानी से बनेगा।

## छाछ कैसे बनाएं

दही में पुदीना की पत्तियां, काला नमक, चाट मसाला डालकर मथनी से मथ लें। मथनी के अलावा आप मिक्सी का ऑप्शन भी चुन सकते हैं। मिक्सी में दही को डालकर 1 राउंड चला दें। जब दही पतला होकर छाछ बन जायेगा, तब इसमें नमक, चाट मसाला, पीसा जीरा मिलाकर पी सकते हैं। इसे आप ऐसे ही या फिर खाने के साथ पिएं।

## फायदे:-

- छाछ में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंतों को स्वस्थ रखते हैं। इससे पाचन बेहतर होता है और ये कब्ज होने से रोकते हैं।
- वेट लॉस कर रहे लोगों को भी मट्ठा पीना चाहिए। छाछ पीने से वजन कम करने में मदद मिलती है। इसमें फायबर की मात्रा भरपूर होती है, जो लंबे समय तक पेट को भरा रखता है। इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है।
- गर्मी हो या सर्दी इसे पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती। ये शरीर को पूरा दिन हाइड्रेट रखने में मदद करता है। इस पीने से आपको प्यास भी कम लगेगी।
- छाछ को आप इम्यूनिटी बूस्टर के तौर पर भी पी सकते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग करता है और सर्दी-खांसी से शरीर को बचाता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इंडस्टियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ (फोन : 0522-4036600) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।